लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -303, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 5- रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, गंभीर समस्या है नशीली दवाइयों का व्यसन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम: 37.9° अधिकतम तापमान | 29.3° न्यूनतम तापमान | आसमान में हल्के बादल झाए रहेंगे | सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 19 : 05

कानपुर, रविवार, 23 जून 2024

प्रभास की फिल्म कल्कि का नया ट्रेलर रिलीज.. 14

परीक्षा प्रक्रिया में सुधार के लिए सात सदस्यीय कमेटी गठित

एनटीए पर सिफारिश के लिए कमेटी के अध्यक्ष बने इसरो के पूर्व प्रमुख राधाकृष्णन

सकारात्मक पहल

- डेटा सुरक्षा व एनटीए की कार्यप्रणाली को लेकर दो महीने में केंद्र को सौंपनी होगी रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट विवाद को लेकर आलोचना का सामना कर रहे केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्य प्रणाली को पारदर्शी, आसान और न्यायपूर्ण परीक्षा कार्यान्वयन की गारंटी के लिए इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया है। समिति परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए की संरचना एवं कार्यप्रणाली को लेकर दो महीने में मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपेगी।

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) और यूजीसी-नेट की परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर बहस छिड़ी हुई है। सरकार ने कहा है कि वह विद्यार्थियों के हित से खिलवाड़ नहीं होने नहीं देगी। इसी संदर्भ में इस समिति का गठन किया गया है। मंत्रालय के मुताबिक समिति को संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया का विश्लेषण करना और प्रणाली की दक्षता में सुधार करने तथा संभावित उल्लंघन को रोकने के लिए उपाय सुझाने और एनटीए की मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी), प्रोटोकॉल की गहन समीक्षा करना तथा प्रत्येक स्तर पर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निगरानी तंत्र के साथ-साथ इन प्रक्रियाओं/प्रोटोकॉल को मजबूत करने के उपाय सुझाने का काम सौंपा गया है। वहीं, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार के संदर्भ में एनटीए की मौजूदा डेटा सुरक्षा प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल का मूल्यांकन करने तथा इसके सुधार के लिए उपाय सुझाने और विभिन्न परीक्षाओं के लिए पेपर-सेटिंग और अन्य प्रक्रियाओं से संबंधित मौजूदा सुरक्षा प्रोटोकॉल की जांच करने तथा सिस्टम की मजबूती बढ़ाने के लिए सिफारिशें करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

एनटीए महानिदेशक को पद से हटाया गया

नई दिल्ली। प्रतियोगी परीक्षाओं नीट और यूजीसी-नेट में अनियमितताओं को लेकर बड़े पैमाने पर उठे विवाद के बीच एनटीए के महानिदेशक सुबोध सिंह को शनिवार को पद से हटा दिया गया। सिंह को अगले आदेश तक कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) में अनिवार्य प्रतीक्षा में रखा गया है। भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला को नियमित नियुक्ति किए जाने तक परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

विशेषज्ञों की समिति में ये सदस्य हैं शामिल

समिति में दिल्ली एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीजे राव, आईआईटी मद्रास के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. के राममूर्ति, पीपल स्ट्रॉन्ग और बोर्ड सदस्य- कर्मयोगी भारत के सह-संस्थापक पंकज बंसल, आईआईटी दिल्ली के डीन स्टूडेंट अफेयर्स प्रो. आदित्य मित्तल और शिक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल को रखा गया है। डॉ. राधाकृष्ण वर्तमान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के संचालन मंडल के अध्यक्ष हैं।

दो बच्चों समेत मां ने जहर खाकर जान दी

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

- भाई से विवाद के बाद दादा के घर में रह रही थी महिला
- नोएडा में करती थी मजदूरी पिछले हफ्ते आई थी गांव

अमृत विचार : घरेलू कलह से ऊबकर महिला ने अपने दो बच्चों को जहरीला पदार्थ खिलाने के बाद खुद भी खा लिया। इसमें महिला और बड़े बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छोटे बच्चे की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसकी भी मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के ग्राम बंडवा निवासी राजकुमारी (50) पत्नी रामकुमार ने बताया कि उसकी पुत्री 26 वर्षीय मोहिनी ने 10 वर्ष पूर्व ग्राम कछुवा राठ निवासी हेमंत से प्रेम विवाह किया था। पिछले दो वर्षों से दोनों अलग रह रहे थे। मोहिनी अपने दो बच्चों गौतम और हर्ष के साथ नोएडा में रहकर मजदूरी कर अपना जीवन चला रही थी। पिछले हफ्ते ही नोएडा से वह अपने ग्राम बंडवा आई थी। घर आने के बाद मोहिनी के भाई गोलू से विवाद हुआ तो उसने घर से निकल जाने की बात कह दी थी। इसके बाद मोहिनी अपने दादा धन्नु के घर में रह रही थी। शनिवार को वह दोपहर अपने दोनों बच्चों को लेकर नोएडा जाने की बात कहकर घर से मुस्करा आ गई। दिन में तीन बजे नोएडा में मोहिनी के पास रहने वाली उसकी सहेली दीपा का फोन आया कि मोहिनी ने उसे फोन किया है कि मैंने दोनों बच्चों सहित जहर की गोली खा ली है और मरने जा रही हूं। मां को सूचना कर दो। इसके बाद वह तुरंत ही मुस्करा आई और घटनास्थल पर पहुंची तो देखा कि बेटी मोहिनी और 5 वर्षीय नाती गौतम की मौत हो चुकी थी। जबकि 3 वर्षीय नाती हर्ष गंभीर हालत में था। उसे सीएचसी ले जाया गया वहां पर इमरजेंसी ड्यूटी में तैनात डॉ. शिवजी गुप्ता ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में छोटे बच्चे हर्ष की भी मौत हो गई। गोलू ने बताया कि मोहिनी उसकी बात नहीं मानती थी। वह उसके दादा के लड़के भूपेंद्र का कहना मानती थी। जिसके चलते भाई-बहन में विवाद हुआ था। दादा का लड़का भूपेंद्र बहन को लेकर मुस्करा आया था और छोड़कर कहीं भाग गया। थाना प्रभारी शशि पांडे ने बताया कि इस मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

छह उत्पादन इकाइयां ठप हुईं, बिजली संकट बढ़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्थिति पर नियंत्रण पाने को की गई आपात कटौती
- टांडा, जवाहरपुर व ऊंचाहार में बिजली उत्पादन ठप

अमृत विचार : प्रदेश में उत्पादन बिजलीघरों की इकाइयों के ठप होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। शनिवार को टांडा, जवाहरपुर व ऊंचाहार बिजलीघरों की तीन इकाइयां ठप हो गईं। पहले से बंद चल रही तीन इकाइयों को मिलाकर कुल छह इकाइयों के बंद होने से 2165 मेगावाट उत्पादन प्रभावित हुआ। इससे बिजली संकट बढ़ गया। स्थिति को संभालने के लिए बुंदेलखंड सहित प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में करीब छह सौ मेगावाट की आपात कटौती की गई।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार टांडा की 110 मेगावाट, ऊंचाहार की पांच सौ मेगावाट व जवाहरपुर की 660 मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां ठप हो गईं। बिजली अभियंताओं ने जवाहरपुर इकाई के 23 जून को चालू होने व बाकी दो इकाइयों के 24 जून को चालू होने की उम्मीद जताई है। पहले से बंद बारा की 660 मेगावाट इकाई के भी 23 जून जबकि मेजा की 660 मेगावाट के 24 जून को चालू होने की संभावना है। सिंगरौली की 200 मेगावाट इकाई के शनिवार की देर रात तक चालू होने की उम्मीद जताई गई।

शासन ने कई आईपीएस अफसरों के तबादले किए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र. में शनिवार को कई आईपीएस अफसरों के तबादले हुए हैं। लखनऊ व प्रयागराज के पुलिस आयुक्त भी बदले गए हैं। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त रमित शर्मा को एडीजी बरेली जोन बनाया गया है। अमरेंद्र कुमार सेंगर लखनऊ के नए पुलिस आयुक्त होंगे। लखनऊ के पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर को लखनऊ जोन का एडीजी बनाया गया है। लखनऊ के आईजी तरुण गाबा को पुलिस आयुक्त प्रयागराज बनाया गया है। राजेश द्विवेदी को एसपी कुंभ प्रयागराज की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रेमचंद मीना को एडीजी पुलिस आवास निगम का प्रभार दिया गया है। प्रशांत कुमार द्वितीय को आईजी रेंज लखनऊ बनाया गया है। बिनोद कुमार सिंह एडीजी साइबर क्राइम और प्रकाश डी एडीजी रेलवे बनाए गए हैं। जय नारायन सिंह को एडीजी पीटीसी सीतापुर नियुक्त किया गया है। एलवी एंटनी देव को एडीजी सीबीसीआईडी और रघुवीर लाल को एडीजी सुरक्षा के साथ एडीजी एसएसएफ की भी जिम्मेदारी दी गई है। के सत्यनारायण को एडीजी यातायात और बीडी पॉल्सन को एडीजी प्रशिक्षण नियुक्त किया गया है। विद्यासागर मिश्र को पुलिस अधीक्षक रामपुर नियुक्त किया गया है। यमुना प्रसाद को डीसीपी नोएडा बनाया गया है।

एक नजर

दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा में सीएनजी 1 रुपये महंगी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में सीएनजी की कीमत में शनिवार को एक रुपये प्रति किग्रा की बढ़ोतरी की गई। आईजीएल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, दिल्ली में सीएनजी की कीमत 74.09 रुपये से बढ़कर 75.09 रुपये प्रति किग्रा हो गई है जबकि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में यह दर 78.70 रुपये से बढ़कर 79.70 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है।

बम की सूचना पर रोकी गई फ्लाइट, छानबीन

कोझिकोड। केरल के कालीकट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से शारजाह के लिए रवाना होने वाले एयर अरबिया के एक विमान में शनिवार को बम होने की सूचना पर विमान रोक दिया गया। बम निरोधक दस्ते ने विमान का गहन निरीक्षण किया जिसमें यह धमकी फर्जी पाई गई। हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शारजाह से कालीकट आए यात्रियों में से एक ने सीट पर बम लिखा हुआ एक नोट छोड़ा था, विमान के उड़ान भरने से पहले एक कर्मचारी की नजर इस पर पड़ी।

सरकार ने 71,000 टन प्याज खरीदा

नई दिल्ली। सरकार ने इस वर्ष अब तक सुरक्षित भंडार (बफर स्टॉक) के लिए लगभग 71,000 टन प्याज खरीदा है। यह मूल्य स्थिरीकरण के लिए पांच लाख टन खरीद के लक्ष्य में शामिल है। सरकार को उम्मीद है कि देश के अधिकांश भागों में मानसून की प्रगति के साथ खुदरा कीमतों में कमी आएगी। उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को देशभर में औसत प्याज खुदरा मूल्य 38.67 रुपये प्रति किलोग्राम था।

जीएसटी काउंसिल की डिमांड नोटिस पर ब्याज व जुर्माना माफ करने की सिफारिश

नई दिल्ली, एजेसी

- शनिवार को हुई 53वीं बैठक में लिए गए कई अहम फैसले

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काउंसिल की शनिवार को हुई 53वीं बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। व्यापारियों, एमएसएमई और करदाताओं को राहत देते हुए धोखाधड़ी, दमन या गलत बयानी से जुड़े मामलों सहित जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी किए गए डिमांड नोटिस के लिए ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है।

बैठक के बाद सीतारमण ने कहा व्यापार सुविधा, अनुपालन बोझ को कम करने और अनुपालन में आसानी के मामले में करदाताओं को राहत देने के लिए कई फैसले लिए गए हैं। इससे व्यापारियों, एमएसएमई और करदाताओं को लाभ होगा।

पेट्रोल-डीजल को भी जीएसटी के दायरे में लाने की तैयारी : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार की मंशा हमेशा से पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की रही है और अब राज्यों को एक साथ आकर इसकी दर तय करनी है।

रेल सेवाओं में राहत

नई दिल्ली। जीएसटी परिषद ने सौर कुकरों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाने के निर्णय के साथ ही रेलवे की सेवाओं के साथ ही कई अन्य सेवाओं पर जीएसटी से राहत देने की सिफारिश की है। बैठक के बाद सीतारमण ने कहा सभी दूध के डिब्बों पर 12 प्रतिशत की एक समान दर निर्धारित करने की सिफारिश की है, जिसका अर्थ है स्टील, लोहा, एल्युमीनियम, चाहे किसी भी उपयोग में हो। उन्हें दूध के डिब्बे कहा जाता है, लेकिन जहां भी उनका उपयोग किया जाता है, वही दर लागू होगी, ताकि कोई विवाद उत्पन्न न हो।

उत्तराखंड में उपचुनाव से आकाश आनंद की वापसी

ब्यूरो, देहरादून

- बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलौर के लिए बनाया स्टार कैंपेनर

अमृत विचार : बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद की पार्टी में फिर से वापसी हो गई है। बसपा ने आकाश आनंद को राज्य में दो सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव में स्टार कैंपेनर बनाया है। पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीधर की ओर से जारी की गई 13 स्टार प्रचारकों की सूची में बसपा सुप्रीमो मायावती के बाद आकाश आनंद का नाम है।

चमोली की बदरीनाथ और हरिद्वार की मंगलौर विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। 10 जुलाई को मतदान होना है। लोकसभा चुनाव से पहले बदरीनाथ सीट से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। अब भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी बनाया है। वहीं मंगलौर विस सीट से बसपा के सरबत करीम अंसारी विधायक थे। उनका निधन होने के बाद उक्त सीट पर भी उपचुनाव हो रहा है। बसपा ने मंगलौर सीट पर पूर्व विधायक सरबत करीम अंसारी के बेटे उदेबुर्रहमान को प्रत्याशी बनाया है।

उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम दो आतंकी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सुरक्षा बलों ने शनिवार को घुसपैठियों की कोशिश को नाकाम कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादी मार गिराने में भी कामयाबी पाई है। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बारामूला के गोहलान उरी सेक्टर में शनिवार तड़के घुसपैठ की कोशिश की गई। नियंत्रण रेखा पर तैनात सेना के जवानों ने घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखते ही उन्हें ललकारा। इसके बाद उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी, जिस पर सेना के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी।

नीट-यूजी : झारखंड से छह लोग हिरासत में

देवघर (झारखंड), एजेंसी

- सभी आरोपी बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले

बिहार पुलिस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' में अनियमितताओं के मामले में झारखंड के देवघर जिले से छह लोगों को हिरासत में लिया है। शनिवार को एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार की रात देवीपुरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), देवघर के समीप एक घर से छह लोगों को हिरासत में लिया।

अनुमंडल पुलिस अधिकारी (देवघर सदर) ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि बिहार पुलिस ने हमें सूचना दी थी। हिरासत में लिए गए सभी संदिग्धों को बिहार ले जाया गया है। सभी संदिग्ध झुनू सिंह नाम के व्यक्ति के घर पर रह रहे थे। देवघर पुलिस के अनुसार संदिग्धों की पहचान परमजीत सिंह उर्फ बिट्टू, बलदेव कुमार उर्फ चिंटू, प्रशांत कुमार उर्फ काजू, अजीत कुमार, राजीव कुमार उर्फ कारू और पंकू कुमार के रूप में हुई है। ये सभी बिहार के नालंदा जिले के निवासी हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई को नीट-यूजी की परीक्षा आयोजित की थी, जिसमें करीब 24 लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था।

प्रश्नपत्र लीक मामले में सीबीआई ने की पूछताछ

नई दिल्ली। सीबीआई ने यूजीसी-नेट का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में शनिवार को एक व्यक्ति से पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि प्रश्नपत्र का एक हिस्सा टेलीग्राम पर पोस्ट करने वाले संदिग्ध को जिले के पडरौना कोतवाली ले जाया गया जहां सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा की टीम उससे पूछताछ कर रही है। ऐसा माना जा रहा है कि संदिग्ध ने राजस्थान के कोटा में नेट की कोचिंग की थी। सीबीआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर यूजीसी-नेट प्रश्नपत्र लीक करने के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज की थी।

बिहार पुलिस को मिले एनटीए से संदर्भ प्रश्न पत्र

पटना। बिहार पुलिस ने कथित नीट-यूजी पेपर लीक मामले में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से संदर्भ प्रश्न पत्र प्राप्त करने का दावा किया है। इस मामले की जांच कर रही बिहार आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि पिछले महीने पटना में तलाशी के दौरान एक घर से कथित तौर पर लीक हुए प्रश्न पत्रों के जले हुए टुकड़े बरामद किए गए थे, जिन्हें फोरेंसिक जांच के लिए भेजे जाने से पहले संदर्भ प्रश्न पत्रों के साथ मिलान किया जाएगा।

हार्दिक की तूफानी पारी, भारत का विशाल स्कोर

भारतीय टीम ने दिया 197 रन का लक्ष्य, कोहली-पंत और दुबे भी गरजे

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

हार्दिक पंड्या के तेजतर्रार अर्धशतक और उनकी अगुआई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के ग्रुप एक मैच में पांच विकेट पर 196 रन बनाए। भारत की ओर से हार्दिक पंड्या ने 27 गेंद में चार चौकों और तीन छक्कों से नाबाद 50 रन बनाए।

विराट कोहली ने 37, ऋषभ पंत ने 36 और शिवम दुबे ने 34 ने रन की पारी खेली। बांग्लादेश की तरफ से तंजीम हसन साकिब ने 32 जबकि रिशाद हुसैन ने 43 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसके बाद कप्तान रोहित शर्मा (23 रन, 11 गेंद, तीन चौके, एक छक्का) और विराट कोहली ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई।

बांग्लादेश ने मेहदी हसन और शाकिब अल हसन (37 रन पर एक विकेट) की स्पिन जोड़ी से गेंदबाजी की शुरुआत कराई। रोहित ने मेहदी हसन और शाकिब पर चौके मारे। उन्होंने और कोहली ने शाकिब पर छक्का भी जड़ा। रोहित हालांकि शाकिब की गेंद पर एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में गेंद को हवा में लहराकर जाकिर अली को कैच दे बैठे। कोहली ने मुस्ताफिजुर पर छक्के के साथ पावर प्ले में भारत का स्कोर एक विकेट पर 53 रन तक पहुंचाया।

कोहली ने रिशाद का स्वागत सीधे छक्के के साथ किया जबकि पंत ने भी इस लेग स्पिनर पर चौका जड़ा। कोहली तेज गेंदबाज तंजीम की सीधी गेंद को चूककर बोल्ड हुए। उन्होंने 28 गेंद का सामना करते हुए तीन छक्के और एक चौका मारा। सूर्यकुमार यादव ने (06) पहली ही गेंद पर तंजीम पर छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर विकेटकीपर लिटन दास को कैच दे बैठे। भारत ने 10 ओवर में तीन विकेट पर 83 रन बनाए। पंत ने 11वें ओवर में मुस्तफिजुर पर दो चौके और एक छक्का जड़कर भारत के रनों का शतक पूरा किया।

उन्होंने अगले ओवर में रिशाद की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद को रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में शॉर्ट थर्ड मैन पर तंजीम को कैच दे बैठे। पंत ने 24 गेंद का सामना करते हुए चार चौके और दो छक्के मारे। हार्दिक ने हसन की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका जड़कर तेवर दिखाए जबकि शुभम दुबे ने भी शाकिब और तंजीम पर छक्के के साथ 17वें ओवर में टीम के 150 रन पूरे किए। दुबे ने रिशाद पर भी छक्का मारा लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 24 गेंद की अपनी पारी में तीन छक्के मारे। हार्दिक ने रिशाद और तंजीम पर छक्के मारे और अंतिम ओवर में मुस्ताफिजुर पर तीन चौकों के साथ 27 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

खेल डायरी

गंगजी ने सेलांगोर मास्टर्स गोल्फ खिताब जीता

सेलांगोर (मलेशिया)। भारतीय गोल्फर राहिल गंगजी शनिवार को यहां अंतिम दिन तीन ओवर 73 के कार्ड में छह बोगी के बावजूद डेयेन लॉसन (69) को एक शॉट से पछाड़कर पीकेएनएस सेलांगोर मास्टर्स खिताब जीता। इस 45 साल के अनुभवी गोल्फर ने पांच शॉट की बढ़त से शुरुआत की और आठ अंडर पर रहे। यह गंगजी की एडीटी में दूसरी जीत है। उन्होंने 2018 में भारत में लुई फिलिप कप में खिताब जीता था। गंगजी एशियाई टूर पर दो जीत दर्ज कर चुके हैं, जिसमें पहली 2004 में बीजिंग में फॉक्सवैगन मास्टर्स में और फिर जापान में पैनासोनिक ओपन में मिली थी।

अदिति ने महिला पीजीए गोल्फ में हासिल किया कट

समामीश (सिएटल)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दूसरे दौर में लचर प्रदर्शन के बावजूद यहां केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप में कट हासिल करने में सफल रहीं। महिला गोल्फ में 30वें मेजर टूर्नामेंट में खेल रही अदिति ने दूसरे दौर मे पांच बोगी से 77 का स्कोर बनाया। दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर पांच ओवर 149 है। अदिति संयुक्त रूप से 64वें स्थान पर चल रही हैं। वह अगस्त में पेरिस में अपने तीसरे ओलंपिक में हिस्सा लेंगी। सारा श्मेलजेल (67) और एमी यंग (68) दोनों छह अंडर 138 के स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही हैं।

तलवारबाज ने टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता

जम्मू। भारतीय टीम में शामिल जम्मू-कश्मीर के तलवारबाज अजय कुमार ने रूस के कज़ान में चल रहे ब्रिक्स खेलों में टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। सूत्रों के अनुसार जम्मू-कश्मीर के शीर्ष तलवारबाज अजय ने ब्रिक्स खेलों में एपी टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। अजय ने सीनियर और जूनियर नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप के पिछले दोनों संस्करणों में भी पदक जीते हैं। इसके अलावा, उन्होंने एशियाई चैम्पियनशिप, सीनियर और जूनियर विश्व कप जैसे कई अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया।

नागल ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

चेन्नई। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने शनिवार को पुष्टि की कि उन्होंने आगामी पेरिस ओलंपिक की पुरुष एकल स्पर्धा के लिए आधिकारिक तौर पर क्वालीफाई कर लिया है। नागल के लिए यह दूसरा ओलंपिक होगा। उन्होंने इससे पहले 2020 तोक्यो खेलों के लिए भी क्वालीफाई किया। वह तोक्यो में दूसरे दौर में पहुंचे थे। नागल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मैंने आधिकारिक तौर पर 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह मेरे लिए एक यादगार क्षण है क्योंकि ओलंपिक मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है।

पंत की वापसी काबिले तारीफ

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी

इयान स्मिथ बोले

- गिलक्रिस्ट के स्तर तक पहुंचने के लिए ऋषभ को तय करना होगा लंबा रास्ता

न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर इयान स्मिथ का मानना है कि ऋषभ पंत की एडम गिलक्रिस्ट के साथ तुलना करना अभी जल्दबाजी होगी लेकिन उन्होंने कहा कि अगर भारत का विकेटकीपर बल्लेबाज अपनी वर्तमान फॉर्म को जारी रखता है तो वह ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी के करीब पहुंच सकता है।

स्मिथ स्वयं भी विकेटकीपर बल्लेबाज रहे हैं और पंत ने कार दुर्घटना से उबरने के बाद जिस तरह से वापसी की है उससे काफी प्रभावित हैं। पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग में अच्छा प्रदर्शन किया और टी20 विश्व कप में भी वह विकेट के आगे और विकेट के पीछे अपनी भूमिकाओं को अच्छी तरह से निभा रहे हैं। पंत को वर्तमान समय में विश्व क्रिकेट के सबसे प्रतिभाशाली क्रिकेटरों में गिना जाता है।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट शतक लगाए हैं लेकिन गिलक्रिस्ट की बराबरी पर पहुंचने के लिए उन्हें अभी लंबा रास्ता तय करना होगा जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15000 से अधिक रन बनाने के साथ 800 से अधिक कैच लिए हैं। टी20 विश्व कप में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे स्मिथ ने कहा कि ऋषभ पंत ने दुर्घटना के बाद दमदार वापसी की है और वह बेहतरीन फॉर्म में दिख रहा है।

क्विंटन की पारी ने पैदा किया अंतर : बटलर

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया कि टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में उनके बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक की तरह आक्रामकता नहीं दिखा पाए जिनकी पारी ने दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया।

डिकॉक ने 38 गेंद पर 65 रन बनाए जिससे दक्षिण अफ्रीका छह विकेट पर 163 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम छह विकेट पर 156 रन ही बना पाई। बटलर ने मैच के बाद कहा कि जिस तरह से डिकॉक ने बल्लेबाजी की उससे वास्तव में हम पर दबाव आ गया था। उसने कुछ शानदार शॉट खेले और हम उसकी बराबरी नहीं कर पाए। मेरा मानना है कि उसकी पारी ने मैच में अंतर पैदा किया।

शाई होप ने जिंदा रखी विंडीज की उम्मीद

ब्रिजटाउन,एजेंसी

टी-20 विश्व कप

- अमेरिका को नौ विकेट से दी करारी शिकस्त
- अभी भी सेमीफाइनल में पहुंच सकता है वेस्टइंडीज

रोस्टन चेज और आंद्रे रसेल की शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज शाई होप की धमाकेदार पारी की मदद से वेस्टइंडीज अपने सह मेजबान अमेरिका को 55 गेंद शेष रहते हुए 9 विकेट से हराकर टी-20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों को पंख लगाए। पहले मैच में इंग्लैंड से हारने वाले वेस्टइंडीज के लिए इस मैच में सब कुछ सकारात्मक रहा।

उसने पहले टॉस जीता और फिर अमेरिका की पूरी टीम को 19.5 ओवर में 128 रन पर आउट कर दिया। वेस्टइंडीज ने इसके बाद होप की 39 गेंद पर खेली गई नाबाद 82 रन की परी की मदद से केवल 10.5 ओवर में एक विकेट पर 130 रन बनाकर अपने नेट रन रेट में बहुत सुधार किया। होप ने अपनी पारी में चार चौके और आठ छक्के लगाए।

विंडीज को अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अफ्रीका को हराना होगा। इंग्लैंड अगर अपने अगले मैच में अमेरिका को हरा देता है तब भी विंडीज आगे बढ़ सकता है क्योंकि अभी उसका नेट रन रेट अफ्रीका और इंग्लैंड से बेहतर है। जॉनसन 15 रन पे आउट हो गए, लेकिन होप और निकोलस पूरन ने 23 गेंद पर 63 रन जोड़कर टीम को बड़ी जीत दिलाई।

अफगान के सामने ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती

किंग्सटाउन, एजेंसी

भारत से हारने के बाद अफगानिस्तान को रविवार को यहां टी-20 विश्व कप सुपर आठ ग्रुप एक के अपने दूसरे मुकाबले में आस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। सुपर आठ के अपने पहले मुकाबले में भारत से 47 रन से हारने वाली अफगानिस्तान की टीम काफी दबाव में होगी, उस पर जीत ही नहीं बल्कि नेट रन रेट सुधारने का दबाव भी होगा।

अफगानिस्तान -2.350 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है और उसके लिए इसे बेहतर करना और साथ ही ग्रुप की अंक तालिका में ऊपर की ओर बढ़ना मुश्किल काम होगा जिसमें बांग्लादेश भी शामिल है। अफगानिस्तान ने ग्रुप चरण में हरफनमौला कौशल का प्रदर्शन किया जिसकी बदौलत वह वेस्टइंडीज के बाद दूसरे स्थान पर रहने में सफल रहा। लेकिन 2021 की विजेता आस्ट्रेलिया को रोकने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा जो लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी है।

टीमें : आस्ट्रेलिया : मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), डेविड वार्नर और एडम जम्पा।

अफगानिस्तान : राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, हजरतुल्लाह जजई, नूर अहमद, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक।

मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा।

पर्वतारोही बलजीत एक बार फिर माउंट एवरेस्ट पर पहुंचीं

शिमला, एजेंसी। भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक टाटा पावर ने गर्व के साथ की है कि इसकी सस्टेनेबिलिटी चौंपियन और शीर्ष पर्वतारोही बलजीत कौर ने कंपनी केस स्टेनेबल इज अटेनेबल संदेश को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी तक पहुंचाते हुए माउंट एवरेस्ट पर सफलता पूर्वक फतह हासिल की।

टाटा पावर के सीईओ एवं एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा ने अप्रैल में इस अभियान की शुरुआत मुंबई में औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर की थी। इसके बाद बलजीत ने लद्दाख जंस्कर हिमालय पर्वतमाला में कठिन प्रशिक्षण लिया जहां उन्होंने माउंट यूटी लद्दाख कांगड़ी (6070 मीटर) पर चढ़ाई की।

तीरंदाजी टीम की स्वर्ण की हैट्रिक

अंताल्या (तुर्की), एजेंसी

भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण 3 में यहां स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगायी। खेलो इंडिया योजना की एथलीट ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति गोपीचंद स्वामी की तिकड़ी ने इस 2024 में लगातार तीसरा विश्व कप जीता। शंघाई में विश्व कप चरण 1 में तिकड़ी ने स्वर्ण पदक जीता था जबकि येचिओन, कोरिया गणराज्य में विश्व कप चरण 2 में स्वर्ण पदक जीता और अंताल्या, तुर्की में विश्व कप स्टेज-3 में स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की।

उन्होने कड़े मुकाबले में छठी रैंकिंग वाली एस्टोनिया को 232-229 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने तीरंदाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक की हैट्रिक बनाई।

उन्होने फाइनल में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार 13वीं जीत दर्ज की। इस साल की शुरुआत में शंघाई में पहले चरण और येचेओन में दूसरे चरण में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद टीम ने स्वर्ण पदकों की क्लीन स्वीप भी पूरी की। शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण-3 में स्वर्ण पदक जीता।

बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा इंग्लैंड

ब्रिजटाउन, एजेंसी

टी-20 वर्ल्ड कप

- अमेरिका से मुकाबला आज लाज बचाने उतरेगी टीम
- अमेरिकी टीम को हल्के में नहीं ले रहे इंग्लैंड के खिलाड़ी

गत चैंपियन इंग्लैंड को टी20 विश्व कप में अगर अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे अमेरिका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत दर्ज करनी होगी और ऐसे में उसके 'पावर हिटर' की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।

इंग्लैंड के बल्लेबाज अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी नहीं कर पाए और इस मैच में हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया। विंडीज की अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत से इस ग्रुप में सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ रोमांचक हो गई है।

ऐसी परिस्थितियों में इंग्लैंड को अपने नेट रन रेट में सुधार करने के लिए अमेरिका पर बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। वहीं, इंग्लैंड के कप्तान ने कहा कि अमेरिका की टीम को हल्के में लेना हमारे लिए गलत होगा।

यूरो कप | ग्रुप डी में दोनों टीम चार अंकों के साथ शीर्ष पर

नीदरलैंड-फ्रांस ने गोलरहित ड्रॉ पर बांटे अंक

लीपज़िग, एजेंसी

यूरो 2024 के ग्रुप डी के एक करीबी मुकाबले में नीदरलैंड और फ्रांस ने शनिवार को यहां गोल रहित ड्रॉ खेला और अंक बांट लिये। ग्रुप डी में दोनों टीमें अब चार अंकों के साथ शीर्ष पर हैं और शीर्ष पर बने रहने की यह जंग ग्रुप के अंतिम मैच तक जारी रहेगी।

दोनों टीमों ने मैच के दौरान लचीली और रक्षात्मक शैली अपनायी। नीदरलैंड के कप्तान वर्जिल वान डिज्क ने प्रभावित किया और फ्रांस के शक्तिशाली आक्रमण को बेअसर कर दिया।

चेक गणराज्य और जॉर्जिया ने खेला ड्रॉ

हैम्बर्ग। जॉर्जिया ने शनिवार को यहां यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट में ग्रुप एफ मैच में चेक गणराज्य को 1-1 से बराबरी पर रोककर किसी बड़े टूर्नामेंट में पहली बार अंक हासिल किया। मैच में वीडियो रिव्यु पर चेक गणराज्य के एडम हलोजेक के गेल को हैंडबॉल के कारण नकार दिया गया। यूरो 2024 में पदार्पण कर रही एकमात्र टीम जॉर्जिया ने इसके बाद जॉर्जेस मिकाउतादज़े के गोल से बढ़त बनाई। जॉर्जेस ने पेनल्टी पर गोल किया जो चेक गणराज्य के डिफेंडर रोबिन हरानेक के हैंडबॉल के कारण मिली थी।

भारतीय महिला टीम की निगाहें क्लीन स्वीप पर

बेंगलुरु, एजेंसी

तीन मैचों की श्रृंखला

- भारतीय टीम ने 2-0 से हासिल कर रखी है अजेय बढ़त
- फॉर्म में चल रहीं स्मृति मंधाना पर रहेगी अफ्रीकी टीम की नजर

पहले दो मैच में हर तरह की चुनौती का डटकर सामना करने वाली भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच को जीतकर श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

भारत ने श्रृंखला का पहला मैच आसानी से जीता लेकिन दूसरे मैच में उसे कड़ा संघर्ष करना पड़ा। पहले मैच में भारतीय टीम ने पांच विकेट पर 99 रन के स्कोर से उबरकर 260 रन से अधिक का स्कोर बनाया था। भारतीय गेंदबाजों ने इसके बाद इस स्कोर का अच्छी तरह से बचाव किया। पिछले मैच में हालांकि लॉरा वोल्वार्ड्ट और मारिजान कैप ने शतक बनाकर भारतीय गेंदबाजों की नहीं चलने दी और अंतिम गेंद तक मैच को रोमांचक बनाए रखा। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

आज का मौसम

धूप के बीच बादल छाएंगे। शाम को बारिश और तेज हवा की संभावना।

37.9°	29.3°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 17	सूर्यास्त 07 :00

सीमेंट की बोरियों से भरा लूटा गया ट्रक बरामद, 4 गिरफ्तार, 1 फरार

कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने किया खुलासा

चित्रकूट कार्यालय

अमृत विचार। कोतवाली पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम ने सीमेंट की बोरियों से लदे 22 चका ट्रक (ट्रेलर) की लूट की घटना का खुलासा कर दिया। चार आरोपियों को गिरफ्तार कर इनसे घटना में प्रयुक्त कार, मोबाइल और तमंचा-कारतूस बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पत्रकारों को यह जानकारी दी।

17 जून को सतना (मप्र) की संग्राम कालोनी निवासी हरिओम गुप्ता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 15 जून को उसका सीमेंट से लदा ट्रेलर जब नो इंट्री में सोनेपुर के पास खड़ा था, किसी ने चुरा लिया था। एसपी ने बताया कि विवेचना के दौरान हरिओम और खलासी इंद्रबहादुर के बयान और सीसीटीवी फुटेज से यह तथ्य प्रकाश में आया कि राधे उर्फ फुल्लू पुत्र रामसेवक निवासी मुहम्मदपुर असवा थाना कोखराज (कौशांबी), जाकिर पुत्र मो. साकिर निवासी लाइन बाबा दरगाह नई बाजार भरवारी थाना कोखराज (कौशांबी), प्रसादे पुत्र सूरजपाल निवासी मुहम्मदपुर और अली पुत्र मुन्ना निवासी भरवारी गांधीनगर कोखराज ने कार से वहां पहुंचकर खलासी से मारपीट की और ट्रेलर को माल सहित लेकर कर्वी होते हुए राजापुर रोड की ओर भाग गए। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली एवं एसओजी टीम को खुलासे की जिम्मेदारी सौंपी। 22 जून की रात मुखबिर की सूचना दी कि वही कार, जिससे लूट करने आरोपी पहुंचे थे, राजापुर से पहाड़ी की ओर आ रही है। इस पर पुलिस ने वहां घेरेबंदी कर कार से राधे उर्फ फुल्लू और जाकिर को पकड़ लिया। राधे से तमंचा, कारतूस बरामद हुआ। आरोपियों ने कड़ाई से पूछतांछ पर बताया कि उन लोगों ने पैसे की लालच में यह वारदात की थी। दोनों ने बताया कि ट्रेलर को मय माल मूरतगंज कस्बे के आगे मेला बाग के मैदान में छिपा दिया था। पुलिस ने वहां जाकर देखा तो तिरपाल से ढका हुआ ट्रेलर मिल गया। वहीं दो आरोपी राधेश्याम पुत्र जीवनलाल सरोज और अंकेश पुत्र सुरेश सरोज मुहम्मदपुर असवा थाना कोखराज (कौशांबी), जो ट्रेलर की चौकीदारी कर रहे थे, को भी पुलिस ने दबोच लिया। नीलू पुत्र तीरथ सरोज निवासी मुहम्मदपुर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

पुलिस की गिरफ्त में चारों आरोपी और बरामद ट्रक। अमृत विचार

इसलिए लिखवाई थी चोरी की रिपोर्ट

एसपी ने बताया कि जब हरिओम से यह पूछा गया कि लूट की जगह चोरी की रिपोर्ट क्यों दर्ज कराई तो उसने बताया कि उसके वकील ने कहा था कि यदि लूट की रिपोर्ट लिखवाओगे तो बीमा क्लेम मिलने में बहुत समय लगेगा। इसी वजह से उसने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस टीम में ये रहे शामिल

कोतवाली की टीम की अगुवाई उपेंद्र प्रताप सिंह और एसओजी टीम की अगुवाई एमपी त्रिपाठी ने की। टीम में अपराध निरीक्षक लाखन सिंह, एसआई अंशुल कुमार, आरक्षी ज्ञानेश मिश्रा, पवन राजपूत, राहुल देव, रोहित सिंह, नीतू द्विवेदी, रोशन सिंह, गोलू भार्गव और राघवेंद्र शामिल रहे।

जेसीबी से तालाब खोदने को घोषित किया श्रमदान

हमीरपुर। विकास खंड सुमेरपुर के ग्राम पंचायत मवईजार में पाथामाई तालाब में रात में जेसीबी से कार्य कराए जाने की शिकायत प्राप्त होने पर मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर जनपद स्तरीय अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी के साथ उपायुक्त श्रम मनोज कुमार राय ने संयुक्त रूप से मौके पर जाकर जांच की। स्थलीय निरीक्षण में पाया कि तालाब में बिल्कुल भी पानी नहीं है और तालाब के एक तटबंध पर नई मिट्टी डाली गई है। आस-पास जेसीबी मशीन से कार्य कराये जाने के चिन्ह पाए गए।

तालाब के पास उपस्थित ग्रामवासियों ने बताया कि ये कार्य रात का ही है। मौके पर उपस्थित ग्राम प्रधान द्वारा भी उक्त कार्य के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी जा सकी, जिससे स्पष्ट होता है कि कार्य मशीन से कराया गया है। अभिलेखीय परीक्षण करने पर पाथामाई तालाब खोदाई , जीर्णोद्धार का कोई कार्य मनरेगा योजना से स्वीकृत होना नहीं पाया गया है और न ही कोई मस्टररोल आदि निर्गत है। इस मामले में मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत मवईजार में पाथामाई तालाब खुदाई, जीर्णोद्धार के कार्य को श्रमदान घोषित किया है। यह मामला पंचायत में चर्चा का विषय बना रहा।

सीओ तो जवाब दे देंगे पर थाना प्रभारी नहीं बताएंगे

चित्रकूट कार्यालय

- कई थानों में फोन करने पर नहीं मिलता है सही जवाब

अमृत विचार। आपको किसी घटना की जानकारी लेनी हो तो जिले के सीओ स्तर के अधिकारियों को फोन करें। इनसे नीचे के स्तर के ज्यादातर अधिकारी और कर्मचारी आपको जानकारी नहीं देंगे।

ऐसा ही शनिवार को हुआ, जब एक घटना की जानकारी लेने के लिए बरगढ़ एसओ राकेश मौर्य को फोन लगाया गया। उन्होंने गैरजिम्मेदाराना बात कही। पर जब उसी घटना की जानकारी लेने के लिए सीओ को फोन किया तो उन्होंने पूरी जानकारी तफ्सील से दी। दरअसल शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग के पास मुरका गांव में एक बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई थी। इसमें सात लोग सवार थे।

घटना की विस्तृत जानकारी के लिए जब एसओ बरगढ़ राकेश मौर्य को फोन लगाया गया तो उन्होंने यह कहकर कि मीडिया सेल से पता कर लीजिए, फोन काट दिया। हालांकि इसके बाद सीओ मऊ जयकरन सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह अवकाश पर हैं और कुछ ही देर बाद जानकारी कर पूरा घटनाक्रम बता देंगे। कुछ ही देर में सीओ ने कालबैक कर बताया कि वाहन में चालक सहित सात व्यक्ति सवार थे। जाहिर है, सीओ ने तो घटनाक्रम बता दिया पर एसओ ने अपना पल्ला झाड़ लिया। यह स्थिति सिर्फ बरगढ़ ही नहीं बल्कि कई थानों की है। यह स्थिति तब है, जब समय समय पर शासन से मीडिया को सारी जानकारी उपलब्ध कराने और सद्व्यवहार करने की नसीहतें आती रहती हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक भी किसी भी जानकारी को सहज दे देते हैं पर थानाध्यक्षों को शायद अभी और दिशा-निर्देश की आवश्यकता है।

एक नजर

माटीकला की इकाई लगाने के लिए मिलेगा ऋण

चित्रकूट। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अंतर्गत जिले को चार इकाइयों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसमें व्यक्तिगत निर्माण/उत्पादन इकाई के लिए अधिकतम 10 लाख रुपये तक के प्रोजेक्ट को बैंकों से ऋण दिया जाएगा। लाभार्थी का अंशदान पांच व 95 प्रतिशत बैंक ऋण होगा। बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा। अधिक जानकारी किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय से की जा सकती है।

पॉक्सो एक्ट के वांछित समेत दो आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूट। सरधुआ थाने के एसआई राजेंद्र प्रसाद ने वांछित आरोपी अर्जुन कुमार पुत्र विशंभर प्रजापति निवासी बक्टा बुजुर्ग को गिरफ्तार किया। रैपुरा के एसआई रविकांत राय ने पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी जागेश पुत्र श्यामलाल निवासी रामपुर को पकड़ा।

लू लगने से किसान की मौत

पहाड़ी (चित्रकूट)। थाना क्षेत्र के बाबूपुर गांव में बिंदा प्रसाद पुत्र भिखुआ की लू लगने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि 18 जून को बिंदा खेत गया था। वहां लू लगने से हालत बिगड़ गई थी। सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया था। 21 जून को बिंदा की सांसें थम गईं। परिजनों ने बताया कि डॉक्टर ने मौत की वजह लू बताई है।

जुआ खेलने के आरोप में छह लोग गिरफ्तार

मानिकपुर (चित्रकूट)। पुलिस ने जुआ खेलने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। एसआई पवन चौधरी ने अशरफ नवाज, रसूल मोहम्मद, सोनू यादव निवासीगण महावीरनगर, . लवकुश निवासी शास्त्रीनगर, विजय कुमार निवासी आर्यनगर और धनकुमार निवासी ऐलहा बड़इहा को गिरफ्तार किया। मालफड़ से 27,600 व जामातलाशी से 1900 रुपये बरामद किए गए। पुलिस टीम में आरक्षी विनोद यादव, भाष्कर शुक्ला और अमित द्विवेदी शामिल रहे।

साइबर क्राइम पीड़ित 9 लोगों के रुपये मिले

चित्रकूट। साइबर सेल प्रभारी निशीकांत राय व उनकी टीम ने जून में साइबर अपराध पीड़ित नौ व्यक्तियों के खाते में 3,73,971 रुपये वापस कराएं। टीम में आरक्षी सर्वेश कुमार, आरक्षी प्रशांत कुमार शामिल रहे। एसपी अरुण कुमार सिंह ने लोगों को आगाह किया कि वे जागरूक रहकर साइबर क्राइम का शिकार होने से बचें। फ्राड होने पर हेल्पलाइन नं. 1930 पर क्रॉल करें या वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराएं।

महिला से छेड़खानी

सुमेरपुर (हमीरपुर)। एक डेरा निवासी एक महिला ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि वह गुरुवार को देर शाम करीब 7 :30 बजे घर पर अकेली थी और खाना बना रही थी। तभी गांव का निवासी किशोरी घर में घुस आया और पीछे से पकड़कर छेड़खानी करते हुए कपड़े फाड़ दिए। शोर मचाने पर पति को आता देखकर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। पुलिस ने पीड़िता को जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया।

करंट से युवा दुकानदार की मौत

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

अमृत विचार। करंट ने एक युवा दुकानदार की जान ले ली। बताया जाता है कि वह दुकान के पास बिजली के खंभे के करंट की चपेट में आ गया। युवक की मौत से परिवार में मातम पसर गया।

कमल किशोर।

कस्बा निवासी कमल किशोर साहू (30) पुत्र फूलचंद्र साहू मेन चौराहे पर सब्जी मसाला व तंबाकू की दुकान कर परिवार का भरण पोषण करता था। बताया जाता है कि रोजाना की तरह वह शुक्रवार शाम दुकान में ग्राहकों को सामान दे रहा था। इसी दौरान वह दुकान के बाहर बिजली के खंभे से छू गया और उसके तेज करंट की चपेट में आ गया। यह देखते ही ग्राहकों और आसपास के दुकानदारों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया पर रास्ते में ही कमल ने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि बिजली के खंभे से तेज करंट उतर आया था। कमल की सात साल पहले मऊ निवासी सीमा देवी से शादी हुई थी और उसके पांच वर्षीय पुत्र पवन व चार वर्षीया पुत्री आयुषी है। वह अपने बड़े भाइयों दुर्गा और राजकिशोर से अलग रहता था। युवक की मौत से उसकी पत्नी और बच्चों का रोरोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सदर विधायक अनिल प्रधान ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

परिजनों को ढांढस बंधाते सदर विधायक अनिल प्रधान। अमृत विचार

मछलियों के लिए यमदूत बने हैं नपं के जिम्मेदार: अजीत

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

- आरोप, फिर नहीं खोले फाटक और तड़पकर मर गईं मछलियां

अमृत विचार। एक बार फिर मप्र के अंतर्गत चित्रकूट की नगर पंचायत के जिम्मेदार सवालों के घेरे में हैं। आरोप है कि इनकी हठधर्मिता से मंदाकिनी नदी के रामघाट में हजारों मछलियों की मौत हो गई। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह का कहना है कि बारिश होने के बाद भी छोटे पुल के फाटक नहीं खोले गए, जिससे मछलियों ने तड़पकर दम तोड़ दिया। नगर पंचायत के जिम्मेदार निरीह मछलियों के लिए यमदूत बन गए हैं।

अजीत ने बताया कि गुरुवार की शाम बारिश होने से नदी का पानी मटमैला हो गया था। शुक्रवार के दिन चटख धूप से नदी का पानी काफी गर्म हो गया। मटमैले पानी से मछलियां सतह की ओर आईं और हजारों की तादाद में मछलियों के बच्चे और बड़ी मछलियां मारी गईं। नगर पंचायत नयागांव रामघाट में छोटेपुल के फाटक खोल देता तो सभी मछलियां बच जातीं। अजीत ने बताया कि शुक्रवार को रामघाट में मरी मछलियों की आड़ में दर्जनों शिकारी युवकों ने जमकर मछलियों का शिकार किया। दो बार सीतापुर चौकी पुलिस ने शिकारियों को खदेडा भी लेकिन देरशाम तक नदी से मछलियों के शिकार का तमाशा चलता रहा। उन्होंने सतना के डीएम से मांग की कि मछलियों की मौत के दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। मछलियों का शिकार करने वालों पर कम से कम 20 हजार रुपये जुर्माना और सजा का प्रावधान किया जाए।

सार-संक्षेप

प्रशिक्षण के दौरान मौजूद आशा कार्यकर्ता। अमृत विचार

आशा कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

चित्रकूट। ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट फार मदर एंड चाइल्ड के जागृति प्रोजेक्ट के अंतर्गत शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर में आशा कार्यकर्ताओं के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया| जिला समन्वयक राजीव कुमार पाठक ने व्यवहार कौशल व आर्थिक साक्षरता के बारे में टिप्स दिए। कार्यशाला में बचत करने के तरीके और किसी भी ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपाय, तनाव प्रबंधन , निर्णय करने की क्षमता एवं टीम निर्माण एवं नेतृत्व के बारे में बताया गया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. मनीष कुमार यादव, बीपीएम सोनम श्रीवास्तव, यशवंत सिंह और आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

सवा लाख बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन ए की खुराक

चित्रकूट। जिले में 26 जून से विटामिन ए संपूरण अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने दी। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना है। नौ माह से पांच वर्ष के 1,23,038 बच्चों को यह खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य एवं आईसीडीएस विभाग के सहयोग से बाल स्वास्थ्य पोषण का यह अभियान 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। बताया कि विटामिन ए संपूरण टीकाकरण का अंग है। इससे बच्चों में रोगों से लड़ने की क्षमता में वृद्धि होती है। अभियान का उद्देश्य पांच वर्ष तक के बच्चों की मृत्यु दर में कमी लाना, रतौंधी एवं कुपोषण से बचाव, छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण, आयोडीन युक्त नमक के प्रयोग से बच्चों में शारीरिक एवं विकृतियों में कमी लाना है। विटामिन-ए वसा में एक घुलनशील विटामिन है, जो शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है तथा कुपोषण से भी बचाता है। प्रदेश में 50 प्रतिशत बच्चों में विटामिन ए की कमी होने की आशंका रहती है। नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को एक वर्ष में विटामिन ए की दो निर्धारित खुराक दिए जाने से उनके जीवित रहने की संभावना बढ़ जाती है। इससे सभी कारणों से होने वाली मृत्यु में 23 प्रतिशत की कमी, खसरे के कारण होने वाली मृत्यु में 50 प्रतिशत व अतिसार रोग के कारण होने वाली मृत्यु में 33 प्रतिशत की कमी होती है। जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान के पहले चरण में नौ से 12 माह के 13819 बच्चों, एक से दो वर्ष के 26116, दो से पांच वर्ष के 83103 बच्चों को यह खुराक पिलाने का लक्ष्य है।

राजापुर में धूमधाम से मनाया जाएगा तुलसी जन्मोत्सव

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

अमृत विचार। गोस्वामी तुलसीदास का जन्मोत्सव 11 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा। शनिवार को तुलसी जयंती के संबंध में बैठक कर रूपरेखा बनी। पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां भी दी गईं।

नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में अयोध्या से आए कारसेवक संतोष कुमार दुबे मौजूद रहे। इसमें समाजसेवी सुनील मिश्रा ने कहा कि कार्यक्रम में व्यापारियों व समाजसेवियों को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की आवश्यकता है। नगर को स्वागत द्वारों के माध्यम से सजाया जाएगा और शोभायात्रा निकाली जाएगी। संतोष कुमार ने कहा कि राम जन्मभूमि के साथ-साथ गोस्वामी तुलसीदास की नगरी का विकास होना आवश्यक है। तुलसी जयंती समारोह इतनी भव्यता से मनाया जाए कि शासन प्रशासन को नगर के विकास के लिए मजबूर किया जा सके। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत न होनी चाहिए। जेई बिजली विभाग जितेंद्र सिंह पटेल को निर्देशित किया जाए कि तारों को ठीक कराया जाए और कटौती न हो। बैठक में दो अगस्त से 11 अगस्त तक तुलसी जन्मकुटीर में स्वास्थ्य शिविर लगाने, अन्ना मवेशियों को संरक्षित कराने, अतिक्रमण हटाने आदि पर भी विचार रखे गए। संजीव ने बताया कि नगर की सड़कों की सफाई कराई जाएगी और रोडलाइट की व्यवस्था भी की जाएगी। बिना जन सहयोग के भव्य समारोह नहीं मनाया जा सकता है, इसलिए सभी को कार्यक्रम में आगे आना चाहिए। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद पांडेय, बनारस मानस मंदिर के पुजारी रामाश्रय त्रिपाठी, हनुमान मंदिर के पुजारी सूर्यप्रकाश त्रिपाठी, सुनील मिश्रा, श्यामसुंदर मिश्र, उमेश सोनी, राकेश नामदेव, राधेश्याम सोनी, हरिमोहन सोनी, सभासद शंकरदयाल जायसवाल, रमन मोदनवाल, चमनलाल रैकवार, ओमप्रकाश प्रजापति, अशोक सोनी, वीरेंद्र द्विवेदी, सतीश मिश्रा, सोमनाथ अग्रवाल, मन्नू सोनी, जयनारायण त्रिपाठी, मंगल पांडेय, अमित सोनी, भरतलाल जायसवाल, अशोक सोनकर आदि समाजसेवी व नगरवासी मौजूद रहे।

- बैठक कर बनाई गई कार्यक्रम की रूपरेखा

तुलसी जयंती कार्यक्रम के संबंध में बैठक करते लोग। अमृत विचार

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकद्दमा

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
व अदालत ए0डी0एम0(जे0) जिला चित्रकूट
मुद्दई
नम्बर मुकद्म– 0566/2023
धारा –38 (मु0उ0प्र0) राजस्व साहित
बरियारीकला तह0 मऊ
विजय बहादुर बनाम ग्रमसभा आदि
साकिन
– न्यायालय श्रीमान ए0डी0एम0 (जि0)
के आदेश 15/06/24 के अनुपालन में।
1– गंगादीन पुत्र सत्यप्रकाश, निवासीगण – बेलहा मो0 बरियारीकला, तह0 मऊ, चित्रकूट, 2. सूरजभान पुत्र भइयालाल, 3– नछिया पत्नी नाती, 4– लक्ष्मी पत्नी चौधरी, 5. शशिकला पत्नी रामबाबू, 6. रामरूप पुत्र सत्यनारायन, 7– बब्बूराम पुत्र सत्यनारायन
दरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिस वावत के दायर लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आ0 ता0 माह सन् 20 ई0 बवक्त बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा के अदालत से करार बाकई बाकिफ किया गया हो और जो कुल उमर अइन मुतालिक मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्श हो जवाब ऐसे सवालात को दे हाजिर हो और जवाब और देहीदात काकर और दरगाह वही तारीख जो आपके इजराय के लिए मुकर्रर वास्ते मसाल कलई मुकदमा की तहजीब हुई है आप को लाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज की जिसका आप अपनी जवाब देही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तला दी जाती है कि अनरववाज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा गैर हाजिर मजकूर और फैसला होगा। बरख्त मेरे दस्तखत् और मुहर अदालत के आज तारीख सन् 20 ई0 जारी किया गया।
अपर जिलाधिकारी
न्यायिक

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकद्दमा

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
व अदालत ए0डी0एम0(जे0) जिला चित्रकूट
मुद्दई
नम्बर मुकद्म– 0252/2024
ता0पेशी–26.06.2024
धारा –198 (4) (जु0वि0अधि0)
गोइयाकला तह0 मऊ
मिठाईलाल बनाम बेदलाल आदि
साकिन
न्यायालय श्रीमान ए0डी0एम0(जे0) के आदेश जि0–11.06.2024 के अनुपालन में। 1. भीमसेन पुत्र वनडोले नि0 गोइयाकलां तह0मऊ, चित्रकूट। 2– बुद्धीलाल पुत्र मंगाली, 3. नीरज पुत्र बलऊ, 4. कामता पुत्र रामखेलावन, 5. छेदीलाल पुत्र रामखेलावन, 6. महेश पुत्र रघुनाथ, 7– शारदा पुत्र देवशरण, 8– राजेश पुत्र मालिक, 9. मुन्नालाल पुत्र प्रमोद, 10– अवध कुमार पुत्र वेदलाल
दरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिस वावत के दायर लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आ0 ता0 माह सन् 20 ई0 बवक्त बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा के अदालत से करार बाकई बाकिफ किया गया हो और जो कुल उमर अइन मुतालिक मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्श हो जवाब ऐसे सवालात को दे हाजिर हो और जवाब और देहीदात काकर और दरगाह वही तारीख जो आपके इजराय के लिए मुकर्रर वास्ते मसाल कलई मुकदमा की तहजीब हुई है आप को लाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज की जिसका आप अपनी जवाब देही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तला दी जाती है कि अनरववाज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा गैर हाजिर मजकूर और फैसला होगा। बरख्त मेरे दस्तखत् और मुहर अदालत के आज तारीख सन् 20 ई0 जारी किया गया।
अपर जिलाधिकारी
न्यायिक

मॉक ड्रिल | एनडीआरएफ वाराणसी की टीम ने किया अभ्यास, सभी को सुरक्षित बाहर निकाला

जब तीर्थक्षेत्र में लक्ष्मण पहाड़ी के रोपवे पर रुक गई केबल कार

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

अमृत विचार। शनिवार को तीर्थक्षेत्र में लक्ष्मण पहाड़ी पर उस समय हड़कंप मच गया जब रोपवे पर एक केबल कार अचानक रुक गई। 90 फीट की ऊंचाई पर कार के अंदर यात्री फंस गए। इस पर लोगों की सूचना पर पहुंची वाराणसी एनडीआरएफ की टीम ने बचाव कार्य शुरू किया और सभी को सुरक्षित नीचे उतारा।

दरअसल यह पूरा वाक्या आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम के निर्देशन में किए गए मॉक ड्रिल का था। उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा की अगुवाई में एनडीआरएफ की 11 टीमों की ओर से जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

झारखंड के देवघर स्थित त्रिकूट रोपवे में पिछले साल के हादसे को ध्यान में रखते हुए एनडीआरएफ टीमें यूपी और एमपी के सभी केबल कार (रोपवे) पर बचाव अभियान का पूर्वाभ्यास कर रही हैं। मॉक ड्रिल की कमान संतोष कुमार उप कमांडेंट ने संभाली। इंस्पेक्टर रामयज्ञ शुक्ला व रेस्क्यू टीम के साथ जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, विभिन्न हितधारकों एवं रोपवे टीम ने यह अभ्यास किया। पूर्वाभ्यास में एनडीआरएफ की टीम का जिला प्रशासन के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, लक्ष्मण झूला रोपवे के कार्मिक, पुलिस, वन विभाग व फायर डिपार्टमेंट और पर्यटक विभाग के लोगों ने सहयोग किया।

लक्ष्मण पहाड़ी रोपवे पर फंसीं केबल कार। अमृत विचार

पूर्वाभ्यास में शामिल एनडीआरएफ की टीम व अन्य लोग। अमृत विचार

इस तरह किया गया पूर्वाभ्यास : लक्ष्मण पहाड़ी पर एक केबल कार में कोई तकनीकी समस्या आ गई और जमीन से लगभग 90 फीट की ऊंचाई पर रोपवे पर यह रुक गई। रोपवे प्रबंधन ने एनडीआरएफ नियंत्रण कक्ष और अन्य संबंधितों को यह जानकारी दी। कुछ ही देर में पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने स्थल पर ऑपरेशन के बेस, कमांड, मेडिकल और संचार पोस्ट की स्थापना की और बचाव अभियान शुरू किया। सभी फंसे हुए यात्रियों को रस्सी व बचाव के अन्य तरीकों से सुरक्षित नीचे उतारा। प्राथमिक उपचार देने के बाद सभी पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाया गया।

ग्राम पंचायत कोटरा खांभा विकास खण्ड मऊ (जनपद-चित्रकूट)

पत्र संख्या : 2024–2025 दिनांक 22.06.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा/राज्यवित्त/पंद्रहवां/पंचम वित्त/मनरेगा योजना के अंर्तगत ग्राम पंचायत कोटरा खांभा में निम्नांकित कार्यों की सामग्री की अपूर्ति हेतु पंजीकृत आपूर्तिकर्ता से दिनांक 22.06.2024 से दिनांक 28.06.2024 अपराह्न 1 बजे तक मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। जो कि उसी दिन अपराह्न दो बजे अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 22.06.2024 से 28.06.2024 तक ग्राम पंचायत कोटरा खांभा से प्राप्त की जायेगी जो ग्राम पंचायत के किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क अदा करके प्राप्त की जा सकती है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	सामग्री का मूल्य	धरोहर धनराशि	निविदा मूल्य
1.	ग्राम पंचायत कोटरा खांभा के मजरा दुर्गा पुरवा में नई पाईपलाइन अधिष्ठापन का कार्य	1.81 लाख	2 प्रति.	200

निविदा शर्ते : किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय में देखी जा सकती है।

ग्राम पंचायत सचिव/
ग्राम पंचायत कोटरा खांभा

प्रधान
ग्राम पंचायत कोटरा खांभा
मऊ–चित्रकूट

नए कानूनों के विरोध में कल मुंह पर काली पट्टी बांधेंगे अधिवक्ता

वकीलों का तीसरे दिन अनशन जारी, आंदोलन तेज करने का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- देशव्यापी सम्मेलन की रणनीति बनाने आज गैरजिले जाएंगे
- 26 को सत्ता और विपक्ष के नेताओं से करेंगे मुलाकात

धरना दे रहे वकीलों से वार्ता करते अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अशोक दीक्षित।

अमृत विचार। तीन कानून परिवर्तन के मुद्दे पर अधिवक्ता संघ का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अशोक दीक्षित व महासचिव रामप्रकाश शिवहरे की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने तीसरे दिन अनशन की शुरुआत की और आंदोलन को तेज करने का संकल्प लिया। चरणबद्ध आंदोलन के क्रम में रविवार को अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी प्रदेश के अन्य जनपदों में जाकर दिल्ली में देशव्यापी सम्मेलन की रणनीति पर चर्चा करेंगे। वहीं सोमवार को सभी अधिवक्ता मुंह पर काली पट्टी बांधकर नए कानूनों क लेकर विरोध दर्ज कराएंगे।

जिला अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में चल रहा आंदोलन लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। तीन कानूनों के विरोध में शनिवार को अनशनकारी दिनेश कुमार भूरागढ़, रोहन सिन्हा, निखिल सक्सेना, गंगा चतुर्वेदी, आशीष मिश्रा, कौशलेंद्र शुक्ला, विजय शंकर शुक्ला, राजेंद्र यादव, आदित्य सिंह, प्रशांत सिंह आदि धरने पर बैठे और काले कानूनों की वापसी की मांग बुलंद की। धरना को वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने संबोधित किया और तीन काले कानूनों से होने वाले नुकसान पर चर्चा की। कहा कि साक्ष्य अधिनियम समेत सभी नए कानून जनमानस को न्याय के लिए घातक साबित हो सकते हैं।

बताया कि कानून परिवर्तन में अदालतों के अधिकारों का हनन करते हुए पुलिस के अधिकार बढ़ाए गए हैं, जो कि मौलिक अधिकारों का हनन करता है। वरिष्ठ अधिवक्ता समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विशंभर प्रसाद निषाद ने अधिवक्ताओं की मांग को जायज ठहराया। कहा कि वह 26 जून को बार के मेमोरेंडम के साथ सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं से मुलाकात करेंगे और कानून परिवर्तन से उपजी पीड़ा को जनसमस्या के रूप में प्रस्तुत करेंगे।

बताया गया है कि 24 जून को सभी अधिवक्ता मुंह पर काली पट्टी बांधकर नए कानूनों का जोरदार ढंग से विरोध दर्ज कराएंगे। अधिवक्ता संघ ने टीएमसी सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धन्यवाद ज्ञापित किया। बताया कि सीएम ममता बनर्जी ने अधिवक्ताओं के संघर्ष का संज्ञान लेते हुए प्रधानमंत्री को पत्र भेजा है और कानूनों को रद्द करने की मांग उठाई है।

पूर्व बार अध्यक्षों की बैठक में बनाई गई रणनीति

- उधर शनिवार को जिला अधिवक्ता संघ ने पूर्व अध्यक्षों के साथ आवश्यक बैठक करके आंदोलन को गति देने पर विचार विमर्श किया। बैठक में पूर्व अध्यक्ष शंकर सिंह गौतम, रामस्वरूप सिंह, रामकृष्ण त्रिपाठी, अवधेश गुप्ता खादीवाला, जागेश्वर यादव, उमाशंकर शर्मा, ओमप्रकाश सिंह, एजाज अहमद, राजेश दुबे, राजाभइया मिश्रा, बृजमोहन सिंह आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किए। साथ ही बार कौंसिल आफ इंडिया के अध्यक्ष मनन मिश्रा और उप्र बार कौंसिल के अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़ से दूरभाष पर वार्ता की गई। दोनों अध्यक्षों ने एक बार फिर से ज्ञापन प्रस्तुत करने और बार कौंसिल की बैठक बुलाने का आश्वासन दिया। बैठक में यह भी तय किया गया कि 23 जून को पूर्व बार अध्यक्ष अशोक त्रिपाठी और अवधेश गुप्ता की अगुवाई में अनशन जारी रहेगा। जबकि बार के मौजूदा अध्यक्ष व पदाधिकारी प्रदेश के अन्य जनपदों के संगठनों से वार्ता करके दिल्ली में सम्मेलन और प्रदर्शन करने पर विचार विमर्श करेंगे।

पॉवर चालित चाक निःशुल्क पाने को 15 तक करें आवेदन

बांदा। उप्र माटीकला बोर्ड से संचालित माटीकला समन्वित विकास योजना के अंतर्गत माटीकला टूल किट वितरण के लिए वर्ष 2024-25 का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। 40 लोगों को टूल किट वितरित किए जाने हैं। माटी कला से जुड़े कुम्हार जाति व प्रशिक्षित कारीगर माटी शिल्पकला के पॉवर चालित चाक निःशुल्क प्राप्त करने के लिए 15 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजिन्दर कौर ने बताया है कि इच्छुक आवेदक फोटो, आधारकार्ड, जाति, निवास और अनुभव प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल, राशन कार्ड, शैक्षिक योग्यता आदि के साथ आनलाइन आवेदन पूर्ण कर 15 जुलाई तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय कटरा में जमा कर सकते हैं। लाभार्थियों का चयन शासन स्तर से गठति चयन कमेटी के माध्यम से किया जाएगा।

गंदा पानी घरों में घुसा, ग्रामीणों में गुस्सा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- पहली ही बारिश में खुली स्वच्छता अभियान की पोल
- मवई बुजुर्ग के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कलेक्ट्रेट में शिकायती पत्रों के साथ ग्रामीण। अमृत विचार

अमृत विचार। प्रदेश की योगी सरकार गांव-गांव स्वच्छता अभियान चलाकर गांवों की गलियों और सड़कों को साफ सुथरा बनाने का दावा भले करती हो, लेकिन हकीकत ठीक उलट है। बड़ोखर खुर्द विकास खंड के मवई बुजुर्ग गांव में पहली बारिश में सरकार के दावों की हवा निकल गई और बरसात का पानी नालियों के रास्ते लोगों के घरों में घुस गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर गांव की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग बुलंद की है।

गांव के लोगों का कहना है कि गांव के नाली-नालों की सफाई न होने के कारण पहली बरसात का पानी ही उनके घरों में घुस गया, जिसे निकालने में उन्हें खासी मशक्कत करनी पड़ी। बताया है कि शिकायत करने पर ग्राम प्रधान ने महज औपचारिकता निभाते हुए जेसीबी के साथ अपनी फोटो खिंचवाई और अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली। गांव के लोगों की मूलभूत सुविधाओं का कोई ध्यान नहीं रखा गया। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान जानबूझ कर दलित बस्ती की सुविधाओं की अनदेखी करते हैं और समस्याओं का समाधान नहीं कराते। ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि अगली बारिश होने से पहले उनके गांव की नाली-नालों की सफाई कराई जानी चाहिए, अन्यथा ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इस मौके पर सुदामा, रामदीन वर्मा, गुड़िया, गीता देवी, आशा देवी, मीरा, नीता, राजकुमारी, सुमित्रा, प्रेमबाबू, परदेशी वर्मा, संगीता, कालू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त तहसीलदार ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



बांदा। रिटायर्ड तहसीलदार ने कमरे के अंदर पंखा की हुक पर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शहर के डीएम कालोनी निवासी 70 वर्षीय कौशल प्रसाद पुत्र रामसनेही मानसिक रूप से बीमार थे। शुक्रवार की शाम उन्होंने ऊपरी मंजिल पर पंखा की हुक पर रस्सी से फांसी लगा ली। काफी देर बाद मौके पर पहुंचे पुत्र ने देखा तो वह फंदे से लटक रहे थे। आनन-फानन फंदा काट कर उन्हें नीचे उतार लिया। जीवित होने की आशंका पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरो ने देखने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र अनिल विश्वकर्मा ने बताया कि उसके पिता पैलानी तहसील में तहसीलदार थे। वह 2014 में रिटायर्ड हो गए थे। वह मानसिक रूप से बीमार रहते थे। उन्हे गठिया और सियाटिका की भी शिकायत थी। उनका इलाज भी कराया गया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके पहले भी उन्होंने चार बार खुदकुशी करने का प्रयास किया, लेकिन घरवाले उन्हें बचा लेते थे। शाम को वह घरवालों की निगाह बचाकर कमरे के अंदर घुस गए और फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली।

टेंट के पाइप में उतरे करंट से युवक की गई जान

बांदा। दहिनवारा संस्कार कार्यक्रम खत्म होने के बाद टेंट का सामन खोल रहे युवक को करंट लग गया। जिससे वह झुलस गया। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गिरवां थाना क्षेत्र के सरस्वाह निवासी 21 वर्षीय रोहित पुत्र छुटवा अपने फूफा अशोक के टेंट हाउस मे काम करता था। शुक्रवार को नरैनी कस्बे में दाहिनवारा संस्कार में टेंट का सामान लगा था। कार्यक्रम खत्म होने के बाद रात को रोहित टेंट का सामान खोल रहा था। तभी उसका हाथ टेंट के पाइप मे छू गया। जिससे करंट की चपेट में आकर चिपक गया। मौके पर पहुंचे अन्य साथियो ने देखा तो आनन फानन उसे करंट से मुक्त कराया। उसे नरैनी सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। यहां डॉक्टरों ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के पिता ने बातया कि सात माह पहले उसकी मां तेजकली की भी मौत हो चुकी है।

केन के किनारे योगाभ्यास, पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम
- पालिका की ईओ ने किया केन नदी बचाने का आह्वान

केन नदी के तट पर योगाभ्यास करते गौरक्षा समिति के सदस्य। अमृत विचार

अमृत विचार। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर जहां सुबह से पूरे जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और लोगों को योग के प्रति जागरूक करने का काम किया गया। वहीं शुक्रवार की शाम विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति के तत्वावधान में केन नदी के किनारे केन आरती के साथ ही योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी और योगाचार्य के निर्देशन पर समिति के लोगों ने योग को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और नदियों का अस्तित्व बचाने की शपथ दोहराई।

विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति के तत्वावधान में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम की शुभारंभ करते हुए नगर पालिका ईओ नीलम चौधरी ने लोगों को नदियों की स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में नगर पालिका का सहयोग करें और अपने आसपास गंदगी न फैलाएं। महर्षि परमहंस योग केंद्र के संस्थापक योगाचार्य गंगाशरण त्रिपाठी ने योग को दिनचर्या में अपनाने का आह्वान किया। कहा कि योग करने का कोई निश्चित समय निर्धारित नहीं है, किसी भी समय योगाभ्यास किया जा सकता है। हालांकि उन्होंने योग के लिए सूर्योदय से पहले के समय को सर्वोत्तम बताया। कहा कि शाम के समय भारी न करें तो ही योग किया जा सकता है। समिति के अध्यक्ष महेश प्रजापति ने कहा कि एक दिन योग करने से किसी को कोई फायदा नहीं होगा। उन्होंने योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करने की नसीहत दी।

इस मौके पर सभासद फूलचंद वर्मा, अविनाश निषाद, विनय प्रजापति, दीपक शुक्ला, आलोक निगम, राजेंद्र मिश्रा, महेश धुरिया, रामकरण पाल आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सभासद पद के उम्मीदवार का स्वागत करते भाजपाई। अमृत विचार

उपचुनाव : भाजपा प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- सभासद पद के लिए मतदान 8 व मतगणना 10 जुलाई को

अमृत विचार। नगर पालिका के वार्ड नंबर 11 मर्दननाका में रिक्त सभासद पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के रूप में अमित कुमार साहू ने अपना नामांकन दाखिल किया और चुनावी समर में ताल ठोंकी है। अब 24 जून को नामांकन पत्रों की जांच के बाद 26 को नाम वापसी का दिन निर्धारित है। यहां मतदान 8 जुलाई को और मतों की गणना 10 जुलाई को की जानी है।

शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के रूप में मर्दननाका मोहल्ला निवासी अमित साहू का नामांकन नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित गुप्ता बासू और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में कराया गया। बता दें कि वार्ड नंबर 11 मर्दननाका के सभासद अनवर अली का हाल ही में निधन हो गया था, जिसके चलते यहां उपचुनाव की स्थिति बन गई। उपचुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही इलाके में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गईं और संभावित उम्मीदवारों ने सियासी जमीन तैयार करनी शुरू कर दी थी। इस मौके पर नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि अंकित बासू के अलावा नगर अध्यक्ष राकेश गुप्ता दद्दू, राजेश गुप्ता, अमित सेठ भोलू, पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, सभासद रामप्रसाद सोनी, मनीषा रैकवार, आशीष गुप्ता, विश्वप्रकाश श्रीवास्तव, राममिलन वर्मा, योगेंद्र योगी आदि शामिल रहे। उधर दिवंगत सभासद के पुत्र इरफान और पत्नी समेत रफी अंसारी, नफीस समेत कुल पांच नामांकन किए गए हैं।

नवाचार, लचीलेपन और रणनीति पर जोर

संवाददाता, अतर्रा

- राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में स्टार्ट-अप पर व्याख्यान

अमृत विचार। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पारिस्थितिकी तंत्र में करियर पर केंद्रित व्यावहारिक ऑनलाइन विशेषज्ञ व्याख्यान संपन्न हुआ। जिसमें शोभा एपेरियो एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के सह-संस्थापक और सीईओ कल्पित प्रजापति ने छात्रों के साथ अपने ज्ञान और अनुभव को साझा किया।

ऊर्जा क्षेत्र में अपने अग्रणी काम के लिए विख्यात कल्पित प्रजापति ने नवाचार, लचीलेपन और रणनीतिक योजना के महत्व पर जोर देते हुए स्टार्ट-अप शुरू करने और उसे बढ़ाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्टार्ट-अप इकोसिस्टम में मौजूदा रुझानों के बारे में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की और उन चुनौतियों से निपटने के लिए व्यावहारिक सलाह दी, जिनका युवा उद्यमियों को अक्सर सामना करना पड़ता है।कार्यक्रम के आयोजन में इन्क्यूबेशन सेंटर के समन्वयक डॉ. विभाष यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में, डॉ. विभाष यादव ने छात्रों के बीच उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देने में ऐसे व्याख्यानों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने श्री प्रजापति की उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए उनकी प्रशंसा की और विश्वास व्यक्त किया कि यह सत्र कई लोगों को अपने उद्यमशीलता के सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा।इनक्यूबेशन सेंटर के उप समन्वयक दीप सिंह ठाकुर ने उभरते उद्यमियों के लिए इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा प्रदान किए गए समर्थन पर जोर दिया, छात्रों को उनके लिए उपलब्ध संसाधनों का पूरा लाभ उठाने के लिए उन्होंने प्रोत्साहित किया। समापन डॉ. दीप सिंह ठाकुर के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिन्होंने श्री प्रजापति और सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। व्याख्यान ने न केवल स्टार्ट-अप परिदृश्य का व्यापक अवलोकन प्रदान किया, बल्कि छात्रों को उद्यमिता को एक व्यवहार्य और पुरस्कृत कैरियर मार्ग के रूप में मानने के लिए भी प्रेरित किया। कॉलेज के सहायक संकाय अभिजीत सिंह और मनोज सिंह ने भी पूरे सत्र में छात्रों को प्रेरित किया।

गलत ऑपरेशन से बच्चे का हाथ बेकार, एसपी से की शिकायत

नरैनी। निजी अस्पताल के चिकित्सक ने मासूम के हाथ की टूटी हड्डी का गलत ऑपरेशन कर दिया, जिससे बच्चे का हाथ बेकार हो गया है। पिता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

कालिंजर थाना क्षेत्र के बरुआ कालिंजर गांव निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि उसके 6 वर्षीय पुत्र महेंद्र के दाहिने हाथ की कुहनी की हड्डी टूट गई थी, जिसके बाद उसने नरैनी मार्ग बांदा में स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज कराने गया था। वहां एक एमबीबीएस डॉक्टर के दो दलालों ने बताया कि डॉक्टर बहुत अच्छे हैं, आप 80 हजार रुपए की व्यवस्था करो तो शल्य चिकित्सा द्वारा बच्चे का हाथ ठीक कर देंगे। दोनों दलालों ने बच्चे के पिता की डॉक्टर से मुलाकात कराकर उधनराशि दिला दी। उसके बच्चे का उसी शाम ऑपरेशन कर दिया गया। ऑपरेशन करने के बाद बच्चे का हाथ बेकार हो गया।

झांसी-बांदा रेलमार्ग पर कई ट्रेनें 30 तक निरस्त

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार। झांसी मंडल के झांसी-प्रयागराज रेलखंड पर इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग के कारण ट्रेनों का संचालन बाधित रहेगा। रेलवे प्रशासन ने बताया कि 1 जुलाई तक झांसी-बांदा रेलमार्ग पर कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। वहीं 21 किमी के रेलखंड पर इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग का कार्य तेज गति से कार्य कराए जाने के लिए गाड़ियों के संचालन को बाधित रखा जाएगा। इससे 30 जून तक कई गाड़ियां इस रेलखंड पर निरस्त रहेंगी। निरस्त होने वाली गाड़ियों के संबंध में बताया कि गाडी संख्या 01809 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बांदा मेमू, गाड़ी संख्या 01810 बांदा-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी मेमू 22 जून से तीस जून तक निरस्त रहेंगी। वहीं गाड़ी संख्या 11802 प्रयागराज-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी तीस जून को तथा गाड़ी संख्या 11801 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-प्रयागराज 29 जून को निरस्त रहेगी। रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार ने बताया गाड़ी संख्या 01815 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-मानिकपुर मेमू तीस जून व गाड़ी संख्या 01816 मानिकपुर-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी मेमू अपने प्रारंभिक स्टेशन से एक जुलाई को निरस्त रहेगी। वहीं कुछ गाड़ियों की रि-शेड्यूलिंग भी की गई है। जिसमें गाड़ी संख्या 12175 हावड़ा से ग्वालियर अपने निर्धारित समय से 50 से 70 मिनट और गाड़ी संख्या 12177 हावड़ा से मथुरा अपने प्रारंभिक स्टेशन से 70 मिनट देरी से चलेगी। बताया झांसी मंडल के झांसी-महोबा रेलखंड पर टेहरका-रानीपुर-मऊरानीपुर स्टेशन के बीच दोहरीकरण का कार्य चल रहा है।

समारोह | नटराज संगीत महाविद्यालय की रंगशाला में कलार्पण संस्था का स्थापना दिवस

रंगारंग कार्यक्रम में संगीत साधकों ने बिखेरी इंद्रधनुषी छटा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

गीत प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

अमृत विचार। नटराज संगीत महाविद्यालय की रंगशाला में कलार्पण संस्था का स्थापना दिवस समारोह रंगारंग कार्यक्रमों के बीच मनाया गया। इस दौरान पूरे कार्यक्रम में कला की इंद्रधनुषी छटा बिखरती रही।

शुक्रवार को विश्व संगीत दिवस, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के साथ-साथ कलार्पण संस्था द्वारा अपना स्थापना दिवस समारोह भी मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला, नृत्य गुरु व कलार्पण संस्था की केंद्रीय अध्यक्ष श्रद्धा निगम, उपाध्यक्ष शिवप्रकाश सिंह, विजय ओमर व पूर्व क्रीड़ाधिकारी सबल सिंह द्वारा ज्ञानदायिनी मां सरस्वती का पुष्पार्पण के साथ पूजन व शंखनाद करके किया गया। इसके बाद मुन्नीदेवी गुप्ता जिला संरक्षक सहित सभी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगान गाकर वातावरण को देश भक्ति से सराबोर कर दिया।

इसके बाद इंद्रधनुषी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में नटराज संगीत महाविद्यालय के गायन विभाग द्वारा मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की गई। इसके बाद बाल कलाकारों में सिटी मजिस्ट्रेट की पुत्री यति केला समेत महक, देवांश बाजपेयी आदि ने भजन कर शानदान प्रस्तुतीकरण कर वातावरण को भक्ति भाव में डुबो दिया। वहीं लोक कलाकारों में कामता प्रसाद रैकवार एवं साथियों द्वारा कहराई विधा की आकर्षक प्रस्तुती की गई।

इसके उपरांत देवांशी गुप्ता एवं साथी छात्राओं द्वारा समूह नृत्य में श्रीराम स्तुति शास्त्रीय पद्धति में प्रस्तुत की गई। साहित्य साधकों में राजेश तिवारी, नमृता गुप्ता, रीता गुप्ता, डॉ.शिवप्रकाश ने कविता के माध्यम से सुंदर प्रस्तुति दी तथा डॉ.दीपक स्वर्णकार व सीपी गुप्ता ने कैरोके गायन किया। मंच का संचालन दीनदयाल सोनी ने किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि समेत सभी आंगतुक अतिथियों का जिला समिति की अध्यक्ष किरन सेठी, शिवकुमार, प्रियंका रावत, चंद्रप्रकाश, अमन यादव द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर बैज अंलकरण व तिलक कर किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा सभी कला साधकों को स्मृति चिन्ह के रूप में कलार्पण प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में कलार्पण के महामंत्री धनंजय सिंह ने सभी आंगतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आनंद किशोर लाल, योगेश सिन्हा, नरेंद्र सक्सेना, हरिनारायण मिश्र, उमा पटेल, कामिनी श्रीवास्तव, राम केदार, सीपी गुप्ता, शिवकुमार, दयानंद, गीता गुप्ता, प्रियंका रावत, मनोज कुमार संजय काकोनिया एवं अमन सहित बड़ी मात्रा में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जीने की कला का नाम ही संगीत : संदीप केला

- कलापर्ण संस्था के स्थापना दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला ने कलार्पण संस्था के तीसरे स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कलार्पण जैसी संस्थाओं के माध्यम से लोक कलाकारों खासकर नवोदित प्रतिभाओं को जो मंच प्रदान किया जा रहा है वह नि :संदेह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि वास्तव में जीवन जीने की कला का नाम ही संगीत है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से कला और कलाकारों को निश्चित ही प्रोत्साहन मिलेगा और वह अपनी कला की सुगंध को देश-विदेश में बिखेर सकेंगे।

खाई के पानी में उतराता मिला युवक का शव

6 दिनों से लापता था युवक, परिजनों ने दर्ज करा रखी थी गुमशुदगी

संवाददाता कबरई, महोबा

अमृत विचार। पत्थर उद्योग नगरी के रमकुंड पहाड़ की खाई के पानी में शनिवार की सुबह एक युवक का शव उतराता पाए जाने से आसपास काम कर रहे श्रमिक व ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से युवक के शव को पानी से बाहर निकाला और शव की शिनाख्त करते हुए परिजनों को सूचना देने के बाद पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों द्वारा युवक के छह दिन पूर्व लापता होने की थाना पुलिस को सूचना पूर्व में ही दी गई थी।

कस्बा कबरई के मोहल्ला भगत सिंह निवासी रामकिशोर प्रजापति का 25 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार प्रजापति 16 जून को घर वापस नहीं आया और परिजनों द्वारा उसके दोस्तों और सगे संबन्धियों से उसकी जानकारी की गई, लेकिन युवक का कोई पता न लगने पर परिजनों द्वारा थाना कबरई में दूसरे दिन लापता की सूचना दी गई और पुलिस के काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। शनिवार को कबरई क्षेत्र के रमकुंडा पहाड़ की खाई के समीप से कुछ श्रमिक और ग्रामीण जा रहे थे, तभी पानी में एक शव उतराता हुआ नजर आया, जिसके बाद सूचना आग की तरह फैल गई और ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।

ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सीओ सिटी दीपक दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला और शव की शिनाख्त के लिए ग्रामीणों से पूछताछ की गई। सीओ सिटी ने बताया कि शव की शिनाख्त संदीप कुमार प्रजापति पुत्र रामकिशोर प्रजापति निवासी मोहल्ला भगत सिंह कबरई के रूप में की गई। बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई बताया कि मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही लगेगा।

रमकुंड पहाड़ के पास लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

चौराहों पर प्याऊ लगाकर तर करा रहे राहगीरों का गला

कार्यालय संवाददाता महोबा

- डीएम के निर्देश पर नगर पालिका ने की व्यवस्था

अमृत विचार। जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और तपिश के चलते लोगों का गर्मी से बुरा हाल है, तेज धूप के कारण पल-पल में लोगों को प्यास की शिद्दत सता रही है। गर्मी से लोगों को बचाने के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर शहर में चौराहे चौराहे पर नगर पालिका ने राहगीरों व अन्य लोगों के लिए ठंडा पानी का इंतजाम किया है नगर पालिका की गाड़ी दिन में कई बार जाकर चौराहे पर रखे पानी के डिब्बों में पीने का ठंडा पानी भर देती है। जिससे तेज धूप और गर्मी के मौसम में लोगों को ठंडा पानी मिला है।

गौरतलब है कि इस साल रिकॉर्ड तोड़ गर्मी को देखते हुए जिलाधिकारी ने शहर के मुख्य स्थान और चौराहों पर आरओ के ठंडे पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। डीएम के निर्देश पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने शहर के जिला अस्पताल, पीपीएन चौराहा सुभाष चौक, आल्हा चौक सहित मुख्य चौराहों के अलावा जिलाधिकारी के यहां समस्याओं को लेकर आने वाले लोगों के लिए जिलाधिकारी कार्यालय के सामने ठंडे पानी के डिब्बों की व्यवस्था कर दी गई है। यहां पर खोले गए प्याऊ में फरियादियों के अलावा कर्मचारियों को भी आरओ का ठंडा पानी में मयस्सर हो रहा है।

जिलाधिकारी द्वारा गर्मी के मध्य नजर गर्मी से बचाव के लिए जारी की गई एडवाइजरी में बताया गया कि पानी पिएं। प्यास न लगने पर भी पानी पीते रहे। इसीलिए चौराहों चौराहों पर पानी की व्यवस्था कर दी गई है।

डीएम कार्यालय के बाहर पालिका द्वारा लगाया गया प्याऊ। अमृत विचार

शिकायतों का शीघ्र करें निस्तारण

कार्यालय संवाददाता महोबा

अमृत विचार। शनिवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता की अध्यक्षत में थाना चरखारी जिला स्तरीय थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसपी ने जन सुनवाई करते हुए आए हुए फरियादियों से उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुनाते हुए समस्याओं के समाधान के लिए मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित करते हुये मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

सदर कोतवाली में अपर पुलिस अधीक्षक थाना दिवस के मौके पर आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण के लिए संबन्धित अधिकारी को निर्देश दिए, इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक कोतवाली श्रीनगर पहुंचे और वहां भी फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया। थाना दिवस पर समस्त अधिकारियों ने पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुयी सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए जिससे आम जनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े।

जनपदीय पुलिस व प्रशासन के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल/थाना पर थाना समाधान दिवस आयोजित कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण के लिए संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया गया।

थाना चरखारी में आयोजित थाना दिवस में समस्याएं सुनतीं एसपी अपर्णा गुप्ता।

7 शिकायतों में से 3 का मौके पर हुआ निस्तारण

खन्ना। थाना प्रभारी खन्ना नगेंद्र कुमार व नायब तहसीलदार प्रमित सचान की अध्यक्षता में शनिवार को थाना खन्ना में थाना दिवस का आयोजन किया गया, जहां पर भूमि संबन्धी सबसे ज्यादा शिकायतें आई, जिनको राजस्व विभाग के अधिकारियों को सौंपकर त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि माह के प्रत्येक द्वितीय व चतुर्थ शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि थाना दिव में सात प्रार्थना पत्र आए थे, जिनमें से तीन का पुलिस से और चार राजस्व विभाग से संबन्धित शिकायती पत्र आए थे, जिनमें से पुलिस से संबन्धित शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, जबकि राजस्व विभाग को शिकायतों का निस्तारण कराए जाने के लिए अधिकारियों को सौंप दिया गया है। इस मौके पर कानूनगो बारेलाल, रमेश यादव व क्षेत्रीय लेखपाल व पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

महायज्ञ में आहुति देते श्रद्धालु। अमृत विचार

शिव शक्ति महायज्ञ का भंडारे के साथ समापन

कार्यालय संवाददाता महोबा

अमृत विचार। ग्राम अजनर के मरई माता धाम में चल रहे शिव शक्ति महायज्ञ का शनिवार को पूर्ण आहुति और विशाल भंडारे के साथ समापन किया गया। महायज्ञ के समापन अवसर पर ग्राम के अलावा आसपास के लोगों की भारी भीड़ एकत्र रही, जिन्होंने विशाल भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। शिव शक्ति महायज्ञ के मौके पर अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन किया गया, जिसमें कथा वाचक साक्षी देवी ने रामचरित मानस के जरिए कथा के अंतिम दिन लोगों को रामचत्रित मासन ग्रंथ प्रतिदिन पढ़ने से होने वाले लाभ से रुबरू कराया गया। वहीं रामलीला कलाकारों द्वारा भी देर रात्रि तक रामलीला का मंचन करते हुए लोगों को देर रात तक बांधे रखा।

ग्राम अजनर के मरई माता धाम में 14 जून से आरम्भ हुआ शिव शक्ति महायज्ञ का शनिवार को समापन किया गया। महायज्ञ में प्रतिदिन हवन पूजन किया गया और अनुष्ठान के बीच कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुए। महायज्ञ के अंतिम दिन हवन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धाओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीस पूर्णाहुति दी गई।

व्यास, साक्षी देवी। अमृत विचार

- कथा सुनने व रामलीला देखने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

महायज्ञ समाप्ति के बाद परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां पर तमाम गांवों से आए ग्रामीणों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर यज्ञाचार्य प्रेमनारायण महाराज ने कहा कि यज्ञ व हवन से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। इस मौके पर मुख्य यजमान सीमा उपेन्द्र द्विवेदी, रामकथा यजमान प्रीती प्रदीप पान्चाल, संरक्षक अम्बिका तिवारी, देवेन्द्र रिछारिया, राकेश द्विवेदी (बबलू महाराज), संयोजक डा. एस पाठक, प्रबंधक अरबिन्द कुशवाहा, उपप्रबंधक हरीशंकर पन्डा, अध्यक्ष लोकेन्द्र कुशवाहा, उपाध्यक्ष अनिल तिवारी, कोषाध्यक्ष पुष्पेन्द्र आदि मौजूद थे।

मां और बेटे को पीटने का आरोप

महोबा। थाना महोकबंठ के ग्राम कोहनियां में भूसा बेचने के विवाद में दबंगों ने मां-बेटे को लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया। घायलों को ग्रामीणों की मदद से अस्पताल में भर्ती करारा गया। बेटे और पत्नी की मारपीट पर किसान द्वारा पुलिस को तहरीर दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्राम कोहनियां निवासी किसान रफीक मोहम्मद ने बताया कि पशुबाड़ा में मूंगफली का भूसा पड़ा हुआ था, जिसे बैदो गांव निवासी बिना पूछे भरकर ले जाने लगा, तभी किसान ने भूसा ले जाने का विरोध किया तो, उसने ने बताया कि यह भूसा गांव के एक अन्य व्यक्ति से उसने खरीदा है, इस पर रफीक हैरत में पड़ गया, जिस पर उसकी पत्नी व पुत्र शमीम उलेहना देने के लिए कथित व्यक्ति के घर पहुंच गए। मां बेटे के घर आने पर दबंग भड़क गया और मारपीट की।

मछुवा समुदाय खुश, मोक्षधाम की मांग पूरी

संवाददाता जैतपुर महोबा

अमृत विचार। ग्राम बेलाताल में मछुआ समुदाय के लिए सालों से मोक्षधाम निर्माण के लिए की जा रही मांग अब पूरी होने जा रही है। बेलासागर के समीप बेड़ाघाट में मोक्षधाम के लिए भूमि आवंटित कर दी गई और समाजसेवी इंद्रपाल रिछारिया और मछुवा सजाज के बुजुर्गों द्वारा भूमि पूजन भी किया गया। मोक्षधाम निर्माण को लेकर मछुआ समुदाय के लोगों के चेहरे खुशी से खिले नजर आ रहे हैं और अब उन्हें पहाड़ों के ऊपर जाकर मृतकों का अंतिम संस्कार करने के लिए नहीं चढ़ना पड़ेगा साथ ही बरसात के मौसम में होने वाली परेशानी से भी छुटकारा मिल जाएगा। मछुवा समाज के लोगों द्वारा मोक्षधाम निर्माण के लिए विधान परिषद सदस्य का अभार भी व्यक्त किया।

मोक्षधाम की भूमि का पूजन करते समाजसेवी व मछुवा समुदायक के लोग।

ग्राम बेलाताल में मछुआ समुदाय की लोगों के पास मृतकों के अंतिम संस्कार के लिए कहीं कोई मोक्षधाम न होने के कारण, उन्हें पहाड़ों के ऊपर आड़े तिरछे रास्ते से होकर अंतिम संस्कार के लिए जाना पड़ता था। बरसात के मौसम में अगर किसी परिवार में किसी व्यक्ति की मौत हो जाती तो उसके अंतिम संस्कार में तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ता। इस समस्या को लेकर के नगर के समाजसेवी इंद्रपाल रिछारिया ने मछुआ समुदाय के साथ मिलकर विधान परिषद सदस्य जितेन्द सिंह सेंगर को पिछली वर्ष ज्ञापन दिया था, जिस पर उन्होंने नगर के दो स्थानों पर मोक्ष धाम के निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया था और विधान परिषद सदस्य ने अपनी निधि से एक मोक्ष धाम का निर्माण खंदियापुरा में पूर्ण करा दिया गया था और वहां के लोग अंतिम क्रिया के लिए मोक्षधाम जा रहे हैं।

उधर ग्राम के मछुआ समुदाय के लोगों के लिए बेलाताल तालाब के समीप बेड़ाघाट में समाजसेवी के हाथों भूमि पूजन कर मोक्ष धाम के निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। भूमि पूजन के दौरान मछुआ समुदाय के लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे। मोक्ष धाम का भूमि पूजन समाजसेवी रिछारिया के अलावा मछुआ समुदाय के बुजुर्ग कमल दादा रैकवार के हाथों से संपन्न कराया गया। इस मौके पर निर्माण कार्य प्रभारी ठेकेदार अवधेश सोनी, मंनसाराम रैकवार, भोला रैकवार, वीर सिंह रैकवार, अजीम मंसूरी, रवि रैकवार बाबू साहू , लक्ष्या रैकवार, खूबचंद रैकवार, अर्जुन आदि मौजूद रहे। मछुआ समुदाय के लोगों ने मोक्षधाम के निर्माण को लेकर के विधान परिषद सदस्य जितेंद्र की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने मांग पूरी करवाई।

बेलासागर से दो सबमर्सिबल पंप ले गए चोर

जैतपुर महोबा। कस्बा के डाक बंगला कोठी के पास बेलासागर तालाब पर बने पार्क में लगी फुलवारी की सिंचाई के लिए लगे दो समर्सिबल पम्प रात में बदमाश चोरी कर ले गए। चोरी गए सबमर्सिबल पंप की लिखित तहरीर ग्राम प्रधान बेलाताल छोटेलाल अहिरवार ने पुलिस चौकी बेलाताल मे दे दी है।

ग्राम प्रधान ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि पूर्व में कैंटीन व सौर ऊर्जा लाइट की भी चोरी हुई थी रात्रि में दो समर्सिबल पम्प चोरी हो गए।लेकिन अभी तक पुलिस चोरी की घटना का खुलासा नहीं कर सकी है। जिससे चोरों के हौसले बुलंद है और रोज चोरी की वारदातें हो रही है। पुलिस घटना का खुलासा करने में जुट गई है।

खिलाड़ी सीख रहे क्रिकेट की बारीकियां, मिल रहा प्रशिक्षण

संवाददाता, मौदहा(हमीरपुर)

- रहमानिया स्पोर्ट्स ग्राउंड में सुबह शाम दो-दो घंटे विद्यार्थी कर रहे क्रिकेट का अभ्यास

अमृत विचार। कस्बा स्थित रहमानिया स्पोर्ट्स ग्राउंड में स्कूली बच्चों के क्रिकेट की तैयारी के लिए सुबह शाम दो पाली में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इनके लिए तैनात किए गए कोच लगातार 2 घंटा प्रशिक्षण देने का कार्य कर रहे हैं। सुबह 5 से 7 बजे तक के इस प्रशिक्षण में पहले एक्सर साइज, जिसमें विभिन्न स्पोर्ट और फिर क्रिकेट की प्रैक्टिस कराई जा रही है।

रहमानियां इंटर कॉलेज खेल के लिए पहले से ही प्रसिद्ध है। हॉकी यहां का प्रिय खेल है। लेकिन इस समय क्रिकेट के भी जमकर छात्र प्रैक्टिस कर रहे हैं। खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए स्थानीय स्तर पर निजामी स्पोर्ट क्लब का गठन भी किया गया है। यह क्लब खेल के प्रति पूरी तरह सक्रिय है और इसके माध्यम से रहमानिया इंटर कॉलेज के खेल मैदान को रहमानिया स्पोर्ट्स ग्राउंड घोषित कर पूरी तरह जाली और बैरीकेटिंग कर सुरक्षित कर दिया गया है। इस भारी भरकम समतल मैदान में जहां बड़े बूढ़े भी सुबह शाम वॉक करने आते हैं। वही बच्चों के विभिन्न खेल भी यहां होते हैं। क्रिकेट के लिए तैयार किए गए बच्चों के प्रयासों पर प्रकाश डाला जा रहा है। इनके लिए तैनात कोच शमशाद नबी का कहना है कि वह स्वेच्छा से निशुल्क 2 घंटे आठ से 12 वर्ष के बच्चों को क्रिकेट का प्रशिक्षण देते हैं। इसके अलावा भी बड़े बच्चे प्रशिक्षण पाते हैं। पहले एक घंटा दौड़ और शारीरिक व्यायाम फिर एक घंटे लगातार बाल फेंकना, कैच करना और बैटिंग आदि का प्रशिक्षण लिया जाता है। उनके सहयोग में हॉकी के कोच फुरकान अली व बबलू पठान भी रहते हैं। इस संबंध में जब छात्रों से बात की गई तो उनमें से कक्षा 8 के छात्र सैफुल्लाह ने बताया कि वह शारीरिक फिटनेस और क्रिकेटर बनने के लिए लगातार सुबह आकर कोच से सीखते हैं।

व्यापार संगठन ने राहगीरों को पिलाया शीतल जल

मौदहा (हमीरपुर)। गर्मी और उमस को देखते हुए शनिवार को राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन ने कस्बे के फत्तेपुर स्थित कबीर आश्रम में शीतल जल और शर्बत का प्रबंध किया। जो भी राहगीर यहां से गुजरा उसे रोककर जल सेवा की गई। उन्होंने वहां से आने जाने वाले लोगों को शर्बत पिलाया व ठंडा पानी पिलाया। इस उमस भरी गर्मी में शर्बत व ठंडा पानी मिलने से लोगों को भी राहत मिली। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष धनीराम गुप्ता, जिला संयोजक डॉ.शिवराज सिंह व नगर अध्यक्ष कोमल गुप्ता व युवा नगर अध्यक्ष मेहर कुमार,जयप्रकाश त्रिपाठी, ज्ञान सिंह आदि व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

घर में घुसकर युवक से मारपीट का आरोप

कार्यालय संवाददाता महोबा

अमृत विचार। कोतवाली श्रीनगर क्षेत्र के ग्राम सिजवाहा में मामूली विवाद के चलते दबंगों ने घर में घुकर एक युवक के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

पीड़ित युवक की मां द्वारा श्रीनगर पुलिस को तहरीर देकर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद पुलिस द्वारा कोई ठोस कदम न उठाए जाने से आहत होकर पीड़ित की मां परिवार सहित पुलिस अधीक्षक की चौखट पर पहुंच गई और शिकायती पत्र देकर न्याय गुहार लगाई है। ग्राम सिजवाहा निवासी हरबाई पत्नी मुन्नालाल ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 17 जून को गांव के एक दबंग युवक से उसके बेटे खेमचंद्र का मामूली विवाद हो गया था। इस पर दबंग युवक दो साथियों के साथ घर आया और बेटे के साथ मारपीट की।

एसपी कार्यालय के बाहर शिकायती पत्र लिए खड़ा परिवार। अमृत विचार

निर्देश | राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में हुई समीक्षा बैठक

टीवी मरीजों से बात कर उनका इलाज करें : डीएम

कार्यालय संवाददाता महोबा

अमृत विचार। कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सरकार द्वारा चलाई जा रहे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं के बावत समीक्षा की गई और लक्ष्य केक सापेक्ष जल्द से जल्द कार्य को करने के निर्देश दिए गए साथ ही टीवी के मरीजों से प्रतिदिन बात करके समय पर इलाज मुहैया कराए जाने के संबन्धित अधिकारी को निर्देश दिए गए गए। डीएम ने सभी सीएचओ को एक ग्रुप बनाकर आशा, एएनएम से जूम मीटिंग कर प्रतिदिन फीडबैक के भी निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते डीएम। अमृत विचार

डीएम ने जननी सुरक्षा, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की समीक्षा की। समीक्षा में लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रसव होने पर जिलाधिकारी द्वारा लक्ष्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी नें सभी सीएचओ को निर्देशित करते हुए कहा कि टीवी मरीजों से हर रोज बात करके समय पर इलाज मुहैया कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत दो बच्चों तक लाभ दिया जाता है तथा इस योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत लाभार्थियों को लाभ दिया जाए तथा अर्बन में प्रगति खराब पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लक्ष्य पूर्ण करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने सभी सीएचओ. को निर्देशित करते हुए कहा कि शत-प्रतिशत फीडिंग की जाये तथा सभी सीएचओ एक ग्रुप बनाकर आशा, एएनएम से जूम मीटिंग के माध्यम से प्रतिदिन फीडबैक लें।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सीएचओ को निर्देशित करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाये जाए तथा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में टीकाकरण वंचित बच्चों की लिस्ट बनाकर उनका अभियान चलाकर टीकाकरण किया जाये।

महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना का लाभ दें

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि एएनएम को ग्राम स्वास्थ्य पोषण सामग्री किटे वितरित की जाएं। उन्होंने 1 अप्रैल से जून तक 1337 डिलीवरी हुईं, जिसमें से 1216 गर्भवती महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभ दिया गया शेष बची 131 गर्भवती महिलाओं को जल्द से जल्द भुगतान करने के लिए निर्देशित किया।। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आसाराम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 बीके चौहान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ममता अहिरवार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

हर-हर महादेव के गूंजे जयकारे

कार्यालय संवाददाता महोबा

अमृत विचार। गुरु गोरखनाथ परिक्रमा समिति के तत्वावधान में शनिवार को ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा पर सुबह पांच बजे से श्रद्धालुओं ने रामधुन के साथ गोरखगिरि पर्वत की परिक्रमा लगाई। परिक्रमा शिवतांडव मंदिर से शुरू हुई, जो परम्परागत मार्गों से होते हुये वापस शिवतांडव में पहुंचकर समाप्त हुई। परिक्रमा के दौरान पुरुषों के अलावा महिला श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी, जो हाथों में भगवा ध्वज के साथ-साथ जय श्रीराम, हर हर महादेव का जायकारे करते हुए चल रहे थे। परिक्रमा समाप्ति के बाद सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने राम नाम के महत्व पर प्रकाश डाला। गोरखगिरि परिक्रमा शिव मंदिर से आरम्भ हुई और महावीरन, पठवा के बाल हनुमान, केदारेश्वर महादेव, कबीर आश्रम, हाजी फीरोज शाह बाबा की मजार, सकरे सन्या, भूतनाथ आश्रम, काली माता, खो खो माता, शनिदेव, छोटी चंडिका, नागौरिया, काल भैरव होते हुए वापस शिवतांडव पर संपन्न हुई। इसके बाद भी श्रद्धालुओं ने शिवजी की विशाल मूर्ति के समक्ष माथा टेका और देश में सुख शांति बनाए रखने के लिए प्रार्थनाएं की।

परिक्रमा सामप्ति के बाद सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी ने कहा कि कलयुग में राम नाम से भव सागर को पार किया जा सकता है, इसलिए लोगों को इस भागदौड़ भरी जिंदगी से समय निकालकर प्रतिदिन राम का जाप करना चाहिए।

ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा पर गोरखगिरि की परिक्रमा लगाते लोग।

- ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई परिक्रमा

नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी पर उठाई सीबीआई जांच की मांग

सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नीट यूजी (2024) परीक्षा की प्रक्रिया तथा परिणाम की शीघ्र सीबीआई जांच करा दोषियों पर कार्रवाई को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया गया। सपाइयों ने जिलाध्यक्ष इदरीश खान व महामंत्री सुरेंद्र सिंह कछवा के नेतृत्व में मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को भेजा है।

नीट पेपर लीक के विरोध में समाजवादी छात्र सभा के दिए गए ज्ञापन में कहा कि नीट यूजी 2004 के आयोजन परिणाम से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की अनियमितता तथा भ्रष्टाचार सामने आया। इस परीक्षा की प्रक्रिया तथा परिणाम की हो शीघ्र सीबीआई जांच कराकर दोषियों पर ही कार्रवाई की जाए। कहा सरकार लोकसभा चुनाव परिणाम के दिन नीट यूजी के परिणाम घोषित कर एनटीए क्या छिपाना चाहती थी। मेडिकल संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा की पारदर्शिता पर विद्यार्थियों के बीच संदेह है। देश के अलग-अलग स्थानों पर व्यवस्था की गड़बड़ियां सामने आई थी। इससे यह भी स्पष्ट हो गया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने परीक्षा के आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां नहीं की थी। कहा अभ्यर्थियों के बीच गड़बड़ी का संदेह है। इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इस पूरे प्रकरण में ब्यूरोक्रेसी जिम्मेदार है। जिलाध्यक्ष सुनील यादव, अमन यादव, शैलेन्द्र सिंह, सरफरोश, जिला सचिव पवन यादव, नगर उपाध्यक्ष कुरारा, सौरभ यादव जिला सचिव, प्रमोद कुमार विधान सभा अध्यक्ष हमीरपुर, दीपक यादव नगर अध्यक्ष बिवांर, इंद्रपाल यादव, सुजीत जिला सचिव, लोकेंद्र जिला उपाध्यक्ष, तबरेज खां, दीपक वर्मा, नंदकिशोर शिवहरे, मुन्नीलाल निषाद, जितेंद्र यादव, रण बहादुर यादव, ओम प्रकाश सोनकर, रवि यादव, पीयूष यादव, नीलू, सोनिया सोनी, शबीना खातून, माया वाल्मीकि, शिव गोपाल यादव, चंद्रिका यादव, सलीम सिद्दीकी आदि ने नारेबाजी कर प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

4 दिन से कीरतपुर की बिजली गुल गर्मी से लोग बेहाल

पौथिया (हमीरपुर)। मुख्यालय से करीब 8 किलोमीटर दूर बेतवा नदी किनारे बसे कीरतपुर गांव में बीते 4 दिनों से बिजली गुल है। जिससे यहां के ग्रामीणों को इस उमस भरी गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव निवासी रामबाबू यादव, पवन यादव, बहादुर, प्रांशु, महेश, बीरेंद्र, मलखान आदि लोगों ने बताया गांव में तीन दिन से बिजली गुल रही। चौथे दिन बिजली गांव में आई तो फेस नहीं है। गर्मी में छोटे बच्चे ज्यादा बेहाल है। उन्होंने बताया बिजली लाइन मैन व जेई फोन नहीं उठा रहे हैं। अगर 24 घंटे के अंदर बिजली ठीक नहीं हुई तो राठ हमीरपुर मार्ग में जाम लगाने के लिए मजबूर हो जाएंगे। जेई आशुतोष सिंह ने बताया शाम तक बिजली आपूर्ति चालू करवा दी जाएगी।

संत कबीरदास के चित्र पर पुष्प अर्पित किए

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

संत कबीर की जयंती मनाते कोरी समाज महासंस्थान के पदाधिकारी व अन्य।

अमृत विचार। कोरी समाज महासंस्थान ने संत कबीरदास की 647वीं जयन्ती जिलाध्यक्ष राम बहादुर नयन के आवास पर मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुरेश कोरी रहे। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष भगवान दास ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत संत कबीरदास के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डा.सुरेश ने कहा कि संत कबीरदास का जन्म 1398 में जेष्ठ पूर्णिमा को हुआ था। कबीरदास मूर्ति पूजने का विरोध करते थे। उनका मानना था कि परमात्मा आत्मा में होता। यह मंदिर-मस्जिद न जाकर भगवान को अपने शरीर में ढूंढे शरीर में ही भगवान मिल जाएगा। कहा कि वह पढ़े लिखे नहीं थे। वह जो बोलते थे वह उनके शिष्य लिखते थे। संत कबीरदास ने पूरा जीवन काशी में बिताया और अंत में मगध चले गये थे। जहां उनकी मृत्यु हुई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि कबीर साहब, महात्मा ज्योतिबा फुले, बौद्ध, डॉ.भीमराव अंबेडकर, झलकारी बाई यह सभी समाज के लिए काम किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे घसीटे लाल ने कहा की कबीरदास एक समाज सुधारक थे। रामबहादुर नयन, गीता कुटार, अंजली, विनीत अनुरागी, विजयलक्ष्मी, संतराम, हरी बाबू अनुरागी, गया प्रसाद अनुरागी, रामबिहारी, रामगोपाल कुटार, रामनारायन, बालादीन, नंदकिशोर, राम चक्रवर्ती आदि उपस्थित रहे।

संत कबीर के बताए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- जयंती पर संगठनों ने कई जगह लगाए जलपान स्टाल

अमृत विचार। कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला स्थित कबीर चौरा मंदिर में कबीर जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान जिला कोरी महासभा एवं अंबेडकर सामाजिक समिति द्वारा विभिन्न स्थानों पर ठंडा एवं जलपान के स्टॉल लगाकर राहगीरों को शीतल पेयजल वितरित किया गया। शनिवार को कबीर चौरा स्थित आश्रम में कबीर जयंती के उपलक्ष्य में विधायक मनीषा अनुरागी ने कबीरदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने कबीरदास के बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। वहीं अंबेडकर सामाजिक समिति के सदस्यों ने कबीर जयंती मनाई। संस्था ने बसस्टैंड, अंबेडकर चौराहा, काजीपुरा गेट, शक्ति मंदिर, रामलीला मैदान में स्टाल लगाकर राहगीरों को जलपान कराया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, डा.हरीशंकर शास्त्री, रचना वर्मा, दीनदयाल वर्मा, देवपत, मेहर नंदन, केदारनाथ वर्मा, अमरचन्द्र अनुरागी, अरविन्द कोरी आदि रहे।

लेखपाल और रिटायर्ड फौजी में मारपीट का मामला गरमाया

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- लेखपाल संघ ने आरोपी की गिरफ्तारी न होने तक धरने पर बैठने का ऐलान किया

अमृत विचार। दाखिल खारिज की रिपोर्ट लगाने को लेकर पूर्व सैनिक और लेखपाल के बीच हुई मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शनिवार को दर्जनों पूर्व सैनिकों ने कोतवाली परिसर घेरकर पुलिस पर एक तरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। वहीं तहसील परिसर में लेखपाल संघ लगातार दूसरे दिन भी हड़ताल एवं धरने पर बैठा रहा। लेखपालों का कहना है कि अभी तक मारपीट करने वाले आरोपी शिवमंगल सिंह की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जब तक मंगल सिंह की गिरफ्तारी नहीं हो जाती तब तक वह धरने पर बैठे रहेंगे।

पूर्व सैनिक संगठन के उपाध्यक्ष महेश यादव ने बताया कि तहसील परिसर में लेखपालों के द्वारा सभी कार्यों में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दाखिल खारिज कराने के लिए 10 हजार रुपये की रिश्वत न देने से नाराज लेखपाल शिवपाल और पूर्व सैनिक शिवमंगल के बीच मारपीट हुई थी। जिसमें दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई थी। पुलिस ने लेखपालों का सपोर्ट करते हुए लेखपाल शिवपाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया तथा उनकी तहरीर पर विचार नहीं किया। उन्होंने बताया कि पुलिस का रवैया बेहद ही निंदनीय है।

सड़क हादसे में छात्र की मौत, 2 घायल

हमीरपुर। थाना बिवांर कस्बे में हमीरपुर राठ हाईवे स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार छानी गांव निवासी तीन युवकों को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर भाग निकला। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों को लेकर सीएचसी गई। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो घायल युवकों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

थाना बिवांर के छानी गांव निवासी चंदन शिवहरे (22), अखिलेश सोनी (40) व रौनक सोनी (18) शुक्रवार देर शाम बिवांर से अपने गांव बाइक से जा रहे थे। तभी हमीरपुर राठ हाईवे पर किसी वाहन से टकराने से दुर्घटनाग्रस्त हो गए। जिन्हें सूचना मिलने पर इलाज के लिए पुलिस ने सीएचसी छानी भेजा। जहां चिकित्सक ने चंदन शिवहरे को मृत घोषित कर दिया।

बुंदेलखंड केसरी से मारपीट, शिकायत

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

अमृत विचार। कुश्ती के बुंदेलखंड केसरी के नाम से प्रसिद्ध भौली गांव निवासी पहलवान किसान ने अपने खेत से जबरिया मिट्टी खोद लेने व शिकायत करने पर गाली गलौज व मारपीट करने की शिकायत समाधान दिवस में दी है।

शनिवार को थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में राजस्व से संबंधित कुल 5 शिकायतें सीओ सदर की मौजूदगी में दर्ज की गई। शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित लेखपालों को सौंप दिया गया। कुश्ती के बुंदेलखंड केसरी रहे भौली गांव निवासी पहलवान लल्लू सिंह ने दी शिकायत में बताया कि उसके दो खेत भटपुरा डांडा मौजा में आमने सामने है। जहां पहुंचते पहुंचते चकरोड खत्म हो जाता है। बीते 20 जून को खेत के साझेदार त्रिभुवन सिंह ने लल्लू के खेत से मिट्टी खोदकर दूसरे खेत में डालकर चकरोड बना रहे है और लल्लू के साझे वाली जमीन पर कब्जा करना चाहते है।

पहलवान ने बताया कि जब से चकबंदी हुई है वह बराबर उन खेतों को जोत रहा है। शुक्रवार को जब लल्लू सिंह त्रिभुवन सिंह के पास शिकायत लेकर गया तो त्रिभुवन सिंह के पुत्र अंशू सिंह ने उसे गाली गलौज किया और बंदूक की बट से मारपीट कर दी। जिससे उसको चोटें भी आई है। पीड़ित बुंदेलखंड केसरी ने मामले में कार्यवाही की मांग की है। भौली चौकी प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि मौके पर दोनों पक्षों के सामने नाप होगी।

समस्या दूर न होने पर 8 से आंदोलन

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ ने समस्याओं के समाधान व पूर्व में किये वादों को पूरा न करने पर आंदोलन करने की चेतावनी देते हुए अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा।

संघ ने आउटसोर्स कर्मचारी की हो रही विद्युत दुर्घटना, समान कार्य का समान वेतन,निकाले गए संविदा कर्मचारियों की बहाली, पूर्व में किए गए आंदोलन पर हुई उत्तेजनात्मक कार्यवाही वापस लेने सहित कई मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रांतीय संगठन मंत्री रणबहादुर यादव ने बताया कि आगामी 8 जुलाई को प्रदेश व्यापी हड़ताल करने का ज्ञापन डीएम, एसपी, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता को सौंपा गया है। कहा गया कि अब सीधे संघर्ष की स्थिति बन गई है।

मोबाइल चोरी के विवाद में मारपीट, वीडियो वायरल

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। कोतवाली गेट पर मोबाइल चोरी करने को लेकर हुए विवाद के चलते दो युवकों के बीच जमकर मारपीट हो गई। तथा दोनों युवक एक दूसरे पर हमलावर होते हुए मारपीट करने लगे। जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने मारपीट कर रहे दोनों युवकों को अलग-अलग करते हुए मामले को शांत कराया। वहीं मारपीट की पूरी घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है।

राठ क्षेत्र के बंगरा गांव के निवासी युवक ने बताया कि राठ कस्बे के निवासी एक युवक ने उससे अपने परिचित को एक कॉल करने के लिये उसका मोबाइल मांगा। बताया कि जब अपने उक्त युवक को अपना मोबाइल दे दिया तो युवक उसका मोबाइल ले जाने लगा। इसके बाद जब उसने उक्त युवक पर अपना मोबाइल वापस मांगा तो आरोपी युवक उसके साथ मारपीट करने लगा। जिससे उन दोनों के बीच में जमकर मारपीट हो गई।

दो लोगों के खिलाफ मारपीट की एफआईआर

कुरारा (हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के मनकी कला गांव में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पीड़ित पक्ष ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के मनकी कला गांव निवासी रामू ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते 30 मई को 8 बजे भैदन नहर पटरी के पास खड़ा था। तभी भैदन डेरा गांव निवासी रामरूप अकारण गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करने लगा। शोर सुनकर उसके परिजन रणविजय भी आकर मारपीट करने लगे। जिससे गंभीर चोटें आई हैं।

अवैध मौरंग भरकर खेतों से निकाल रहे ट्रैक्टर

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- ट्रैक्टर ट्राली निकालने से मना करने पर आरोपियों ने खेत मालिक को मारा-पीटा

अमृत विचार। थाना कुरारा क्षेत्र में बेतवा नदी से अवैध खनन कर ट्रैक्टर ट्राली से चोरी कर निकाली जा रही मौरंग से चकोठी गांव का खेत मालिक परेशान है। शुक्रवार रात खेत से ट्रैक्टर ट्राली निकालते रोकने पर पीड़ित के साथ चालकों व उनके मालिकों ने मारपीट कर दी। उसकी जेब में पड़े 1100 रुपये छीन लिए। पीड़ित ने घटना का वीडियो बनाया है। इस मामले की जिलाधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है थाना कुरारा के चकोठी निवासी सुरजीत सिंह जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में कहा कि उसके पड़ोसी छोटेलाल घर आकर बताया कि उसके खेत से मौरंग भरे ट्रैक्टर निकल रहे हैं। इस पर वह खेत में शाम करीब 5:30 बजे गया तो देखा कि गांव के ही भानु का ट्रैक्टर व उसके पीछे कई अन्य ट्रैक्टर ट्राली उसके खेत से निकल रहे हैं। मना करने पर चालक ने ट्रैक्टर मालिक भानु को बुलाया। इस पर भानु अपने भाई महेन्द्र को लेकर पहुंचे और उसे गाली गलौज करने लगे। कहने लगे कि ट्रैक्टर तो यहीं से निकलेगा वह तो पुलिस को पैसा देते हैं। जहां से निकलना होगा वहीं से निकालेगें। गाली गलौज का विरोध करने पर भानु उसका भाई महेन्द्र व पिता कल्लू तथा 4-5 अन्य लोग उसे लात जूतों व डंडों से मारने लगे। उसकी जेब में पड़े 1100 रुपये छीन लिए। उसकी आवाज सुनकर पहुंचे छोटेलाल, नरेन्द्र, पीयूष, देवेन्द्र ने आकर बीच-बचाव किया तब जाकर उसकी जान बच पाई। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए यह कहते हुए चले गए कि अगली बार मना किया व ट्रैक्टरों की शिकायत कहीं की तो ट्रैक्टर चढ़वाकर जान से मरवा देंगे। पीड़ित ने किसी कोई अनहोनी की आशंका जताई है। शिकायती पत्र में कहा है कि अवैध मौरंग खनन कर ले जाने पर उसने खनिज अधिकारी व एआरटीओ को फोन कर अवगत कराया। वहीं उपजिलाधिकारी को सूचना दी। पुलिस को भी फोन किया। जिसमें कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित ने खेत से निकाली जा रही मौरंग पर रोक लगाने के साथ मारपीट व रुपये छीनने को लेकर कार्रवाई की मांग की है।

युवक की तालाब में डूबने से मौत

राठ (हमीरपुर)। मुस्करा थाने के ऐंझी गांव में गांव के ही एक बुजुर्ग के अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौटे युवक की तालाब में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही परिजन बेहाल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल की। राठ क्षेत्र के मुस्करा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ऐंझी गांव का निवासी मानसिंह कुशवाहा गांव के ही ईश्वरदास राजपूत के अंतिम संस्कार में शामिल होकर गांव के ही तालाब में नहाने के लिए गया हुआ था। जहां उसकी डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर 3 साल से दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, (हमीरपुर)

अमृत विचार। मौदहा कस्बे के एक मोहल्ले की महिला ने कुरारा में संचालित एक कैफे संचालक के ऊपर नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। यह भी कहा कि अश्लील फोटो खींचकर ब्लैकमेल कर तीन सालों से लगातार शारीरिक शोषण कर रहा है। महिला ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को तहरीर दी है।

मौदहा कस्बे के एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी 12 मई 2021 को कुरारा थानाक्षेत्र के एक गांव में हुई थी। दिसंबर माह में वह अपना स्कॉलरशिप फॉर्म भराने कुरारा के एक कैफे संचालक के पास गई थी। युवती का आरोप है कि कैफे संचालक शुभम तिवारी ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही उसकी अश्लील फोटो खींचने के साथ वीडियो बना लिया। तब से कैफे संचालक ब्लैकमेल करते हुए लगातार उसका शारीरिक शोषण करता चला आ रहा है। पिछले तीन सालों से वह बार-बार फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसका शोषण करता चला आ रहा है। मजबूरी में वह राठ जाकर एक प्राइवेट विद्यालय में पढ़ने लगी है। कैफे संचालक वहां भी पहुंच गया और फिर से वही धमकी और शोषण करना शुरू कर दिया। पीड़िता का कहना है कि वह इस उत्पीड़न की वजह से मानसिक तौर से टूट चुकी है। इस मामले में सीओ सदर राजेश कमल ने बताया कि जांच की जा रही है।

समाधान दिवस | मंडलायुक्त व डीआईजी ने समाधान दिवस में पहुंचकर समस्याएं सुनी, सबसे अधिक भूमि संबंधी शिकायतें आईं

अफसरों के 'दरबार' में फरियादियों की शिकायतों का अंबार

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

मौदहा कोतवाली में शिकायते सुनते मंडलायुक्त व डीआईजी। अमृत विचार

समाधान दिवस में शिकायतें सुनती एसपी डॉ .दीक्षा शर्मा। अमृत विचार

अमृत विचार। कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में आए मंडलायुक्त विजय शंकर तिवारी व डीआईजी अरुण कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनने के साथ ही शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए। कहां कि समाधान दिवस की जो समस्याएं अंकित की जाती हैं। उनका समय-समय पर उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी को सत्यापित अवश्य करना चाहिए। ताकि निस्तारण की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके। समाधान दिवस पर यहां 20 शिकायतें दर्ज की गईं।

मंडलायुक्त ने बताया कि ज्यादातर समस्याएं भूमि संबंधी थी। जिनमें चकमार व कब्ज आदि के मामले थे। मौके पर भेज कर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। कहा कि फरियादियों की सुविधा के लिए उचित व्यवस्था थाना व तहसीलों में होना चाहिए और फरियादी को संतुष्ट करना ही समस्या का समाधान होता है। मंडलायुक्त ने उपजिलाधिकारी व अधिशासी अधिकारी से नगर तथा क्षेत्र की पेयजल समस्या की भी जानकारी ली। नमामि गंगा योजना के संबंध में भी पानी की आपूर्ति की जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि कस्बे के तीन बड़े तालाब सूखे पड़े हैं। भूमिगत जलस्तर नीचे जा रहा है और इन्हें मौदहा बांध की नहर का एक्सटेंशन करके इनमें पानी के लिए नहर को जोड़ा जा सकता है। जिस पर उन्होंने उप जिलाधिकारी से प्रस्ताव भी मांगा। उन गांव में जहां अभी भी पानी की भीषण समस्या है और नमामि गंगा योजना के तहत खोदी गई सड़कें अभी तक ठीक नहीं हुई। उनकी जानकारी चाही। कहा कि मंडल में दो दर्जन से अधिक स्थानों में आज भी नमामि गंगा योजना से ओवरहेड टैंक नहीं बने। थाना समाधान दिवस में 20 शिकायत दर्ज की गई।

शिकायतों के निस्तारण के लिए टीमों का गठन

सुमेरपुर (हमीरपुर)। माह के अंतिम शनिवार को थाने में आयोजित समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक डॉ .दीक्षा शर्मा ने शिकायतों को सुना और मातहतों को शिकायतों के निस्तारण के लिए आदेश दिए। समाधान दिवस में कुल छह शिकायत दर्ज की गई। शनिवार को थाने में आयोजित समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक ने पहुंचकर शिकायतों को सुना। समाधान दिवस में राजस्व संबंधित कुल छह शिकायतें पंजीकृत करके निस्तारण के लिए टीमों का गठन किया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष राकेश कुमार, नायब तहसीलदार अभिनव चंद्रा के अलावा सभी चौकी एवं हलका इंचार्ज, राजस्व कर्मी आदि मौजूद रहे।

12 शिकायतों में 2 का मौके पर किया गया निस्तारण

सरीला (हमीरपुर)। जरिया थाना में अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया एवं निस्तारण भी किया गया। थानाध्यक्ष जरिया भरत कुमार ने बताया कि 12 शिकायत आई थी। जिसमें दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया है। अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक ने शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया तथा जमीनी विवादों को पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये गये हैं। थाना चिकासी में एसडीएम राजकुमार गुप्ता व सीओ आशीष कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुये समाधान दिवस में 2 शिकायत दर्ज की गई। एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

प्रांशी ने प्रवेश परीक्षा में देश में पाई 676 वीं रैंक

संवाददाता,सुमेरपुर(हमीरपुर)

- देश के सर्वश्रेष्ठ प्राइवेट स्कूल में दाखिला मिलेगा

छात्रा प्रांशी।

अमृत विचार। केंद्र सरकार द्वारा आयोजित देश के सर्वश्रेष्ठ प्राइवेट स्कूलों में दाखिला के लिए अनुसूचित जाति के छात्र छात्राओं की राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा में टेढ़ा के उच्च प्राथमिक विद्यालय की छात्रा प्रांशी अनुरागी ने 676 वीं रैंक हासिल की। उसने इस सफलता से घर परिवार व विद्यालय का नाम रोशन किया है।

छात्रा को प्रवेश परीक्षा की तैयारी करा रही उच्च प्राथमिक विद्यालय टेढ़ा की शिक्षिका आकांक्षा तिवारी ने बताया कि केंद्र सरकार अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं को कक्षा 9 से 12 तक शिक्षा व्यवस्था देश के सर्वश्रेष्ठ प्राइवेट सेक्टर के कॉलेज में प्रवेश कराती है। इसके लिए देशभर में कुल 3000 सीटें हैं। बीते 20 जून को परिणाम घोषित किया गया।जिसमें प्रवेश परीक्षा में टेढ़ा उच्च प्राथमिक विद्यालय की छात्रा प्रांशी ने देश में 676 रैंक प्राप्त करके घर परिवार व विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रा ने इस सफलता का श्रेय माता-पिता के साथ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका हसीन फातमा,सहायक अध्यापक रामविलाश साहू,दीप्ति वर्मा,बृजेन्द्र कुमार व आकांक्षा तिवारी सहित ऑनलाइन राज्य सन्दर्भ दाता रामकृष्ण शुक्ल को दिया है। छात्र की सफलता पर घर परिवार सहित विद्यालय में हर्ष का माहौल व्याप्त है।

तेज आंधी और बारिश ने मचाई तबाही

उत्सव गृह की बाउंड्रीवॉल और कालपी में मुख्य मार्ग पर बना प्रवेश द्वार गिरा

संवाददाता, जालौन

अमृत विचार। मौसम की पहली बारिश तथा तेज आंधी ने माधौगढ़ क्षेत्र में जमकर तबाही मचाई।

मिली जानकारी के अनुसार में तहसील के हरसिंहपुर गांव में बने बांके बिहारी उत्सव गृह की बाउंड्रीवॉल तेज आंधी से भर भरा कर गिर गई। वहीं क्षेत्र के ही सलेमपुर कालपी में मुख्य मार्ग पर बना प्रवेश द्वार भी गिर गया , महेंद्र कुमार पुत्र काशी प्रसाद के टीन सेड के 12 तीन के चद्दर आंधी में उड़ गए, जो काफी दूर खेतों में पड़े मिले, गनीमत यह रही कि की इन उड़ी चद्दरों की की चपेट में कोई व्यक्ति या पशु नहीं आया। नहीं तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती थी । इसके अतिरिक्त भी क्षेत्र में कई जगह नुकसान होने की खबर मिल रही है। वहीं तेज आंधी से दर्जनों गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है, जिससे इन गांवो में अंधेरा फैल गया है, विभाग के कर्मियों द्वारा कई गांव की विद्युत आपूर्ति बहाल भी की जा चुकी है इस दौरान लोग पीने के पानी के लिए भी तरस गए और पहले ही बरसात में गांव की साफ सफाई की भी पोल खुली गई।

उत्सव गृह की गिरी बाउंड्रीवॉल

बारिश से सड़क पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

- **दर्जनों गांवों की बिजली आपूर्ति ठप, पीने के पानी को भी तरस गए लोग**

बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से मिली राहत

उरई (जालौन)। दो दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों ने शनिवार की दोपहर के बाद हुई झमाझम बारिश से राहत की सांस ली। आज दोपहर तक लगभग 45 डिग्री तापमान होने की वजह से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया था लेकि उसके बाद हुई झमाझम बारिश से लोगों के साथ-साथ ही पशु-पक्षियों ने भी राहत की सांस ली है। अभी भी मौसम खुशनुमा बना हुआ है हल्की-हल्की बूंदा-बांदी देर शाम तक होती रही। बारिश होने से लोगों को मिली राहत से बाजारों में भी लोगों की चहल कदमी दिखाई दी और जो दुकानदार भीषण गर्मी की वजह से सन्नाटे में बैठे थे उनकी दुकानों पर खरीदार भी दिखाई देने लगे थे।

युवती का अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

कुरारा(हमीरपुर)। कस्बे के एक वार्ड से अपहृत कर ले जाई गई युवती के साथ सामुहिक दुष्कर्म के दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कस्बे के एक वार्ड निवासी पीड़ित पिता ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें कहा था कि बीते शुक्रवार की रात 9 बजे उसकी पुत्री अपने मोहल्ले की एक दुकान से सब्जी मसाला लेकर अपने घर आ रही थी। तभी रास्ते में मोहल्ले के अभिषेक यादव पुत्र बच्चू, रवि पुत्र बंसी ने पुत्री को अपने पास बुलाया और रुमाल सुंघाकर उसे बेहोश करने लगे। विरोध करने पर तमंचा लगाकर जान से मारने की धमकी देते हुए गाड़ी में अंदर बैठा लिया और उसका अपहरण करके ले गए थे। जिसके साथ दुष्कर्म करके सुमेरपुर रेलवे स्टेशन के पास उसकी पुत्री को बेसुध अवस्था में छोड़कर भाग गए थे।

बदनपुर के किसानों ने नलकूप की लाइन ठप होने पर सौंपा ज्ञापन

संवाददाता,सुमेरपुर(हमीरपुर)

अमृत विचार। बदनपुर के किसानों ने उपखंड अधिकारी विद्युत को शिकायत सौंपकर राजकीय नलकूप संख्या 112 एचजी को जाने वाली जर्जर विद्युत लाइन ठीक कराने की मांग की है। किसानों का आरोप है कि नलकूप न चलने से धान की पौध सूख रही है।

बदनपुर के निवासी संदीप पाठक,राजकुमार, धीरेंद्र, जगभान, चंद्रभान साहू, भैयालाल, दिनेशचंद्र व भूपेंद्र आदि ने उपखंड अधिकारी विद्युत को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि नलकूप संख्या 112 एचजी के लिए गई लाइन के तार एवं खंभे बेहद जर्जर है। जिससे बीते 20 जून से आपूर्ति ठप पड़ी है। इससे उनकी धान की पौध सूख रही है।बताया कि इस जर्जर लाइन से कुछ निजी नलकूप भी संचालित हैं। किसानों ने विद्युत लाइन के जर्जर तार एवं खंभे बदलकर सुचारु रूप से आपूर्ति देने की मांग की है। किसानों ने कहा कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह अनशन को मजबूर होंगे। उपखंड अधिकारी एसपी मिश्रा ने बताया कि किसानों की समस्या के समाधान के लिए जेई को तत्काल लाइन को दुरुस्त करने को कहा गया है।

एसडीओ को ज्ञापन सौंपते बदनपुर के किसान। अमृत विचार

कालपी नगर में बिजली-पानी का मुद्दा उठा

कालपी(जालौन)। कालपी नगर के कई वार्डों में बिजली तथा पानी की समस्या को लेकर नगर पालिका के आधा दर्जन सभासदों ने उच्च अधिकारियों को मांग पत्र देकर समस्या के निदान करने की मांग उठाई है। नगर पालिका परिषद के सभासदों पप्पू अदलसराय, खान बाबू, धर्मेंद्र निषाद, निजाम खान आदि के हस्ताक्षरित शिकायती पत्र जिलाधिकारी राजेश पांडेय को सौंपते हुए अवगत कराया कि नगर के वार्ड नं-23 में विद्युत फेस नहीं आ रहा है। वार्ड नं-5 में पोल अधूरे पड़े हैं।

एमडी की मैराथन बैठक के बाद भी नहीं निकला हल

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार। बिजली विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ मारपीट का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां अधिकारी, कर्मचारी मुकदमा दर्ज कराने को लेकर अड़े हुए हैं, वहीं राज्यमंत्री अपने समर्थकों को पाक साफ बताकर बिजली कर्मचारियों पर ही अराजकता का ठीकरा फोड़ रहे हैं। घटना को लेकर पूरे प्रदेश के बिजली महकमे में हो-हल्ला मच गया है। जानकारी मिलने पर मामले को निपटाने के लिए प्रबंध निदेशक दक्षिणांचल विद्युत वितरण मंडल अमित किशोर ने शनिवार को यहां अपना डेरा जमा लिया है। उन्होंने कथित मारपीट का शिकार हुए अधिकारियों कर्मचारियों से बात की और पूरी घटना की विस्तार से जानकारी हासिल की। सूत्रों का मानना है कि एमडी जिला प्रशासन के साथ बैठकर मामले का हल निकालने का प्रयास कर रहे हैं।

- **डीएम-एसपी की मौजूदगी में देर रात तक चली बैठक**

आपको बताते चलें तीन दिन पहले राज्यमंत्री रामकेश निषाद अपने समर्थकों के साथ मुख्य अभियंता कार्यालय में पहुंचे थे। वहां उनके समर्थकों ने अधिकारियों और कर्मचारियों के मोबाइल छीनकर अभद्रता और मारपीट की थी। जिसे लेकर अधिकारियों-कर्मचारियों में आक्रोश पनपने लगा और राज्यमंत्री समेत उनके समर्थकों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग उठने लगी। हालांकि बाद में पीड़ित कर्मचारियों ने तहरीर में राज्यमंत्री का नाम हटाकर उनके पर्सनल असिस्टेंट का नाम जोड़ दिया था। इसके बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।

कई मोहल्लों की बिजली आज तीन घंटे बाधित रहेगी

बांदा। शहर के कई इलाकों की बिजली आज बाधित रहेगी।

दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के नगरीय वितरण खंड के अधिशासी अभियंता प्रकाश देव पांडेय बताया है कि 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पीलीकोठी में 33 केवी लाइन एवं सब स्टेशन का अनुरक्षण कार्य 23 जून को कराया जाना है।

उन्होंने कहा कि ऐसे में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक पीलीकोठी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े किरन कालेज, कटरा, डिग्गी चौराहा, बलखंडी नाका, महेश्वरी देवी, कोतवाली, छिपटहरी, बाबूलाल चौराहा, बाजार, अलीगंज, खाईंपार, मर्दननाका, गूलरनाका, छोटी बाजार, डीएवी कालेज रोड आदि इलाकों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। एक्सइएन नगरीय श्री पांडेय ने जनता से सहयोग की अपेक्षा की है।

यूपी कैटेट:उरई के युवराज अव्वल

कार्यालय संवादादाता, जालौन

अमृत विचार। यूपी कैटेट 2024 का परिणाम शनिवार को घोषित हो गया। स्नातक के चारों ग्रुप में जौनपुर के शिवम यादव ने पहला स्थान हासिल किया वहीं कानपुर के अविरल सिंह ने स्नातक के पीसीबी ग्रुप में तीसरा स्थान हासिल किया है। उरई के छात्र युवराज सिंह ने सीएसए के वानिकी से बीएससी ऑनर्स किया है। शिक्षक संतोष कुमार के पुत्र युवराज कहते हैं कि वैज्ञानिक बनकर देश में चल रहे ग्लोबल वार्मिंग पर काम करना चाहता हूं। एमएफआर ग्रुप में पहली रैंक लाने युवराज कहते हैं कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम करूंगा।

सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ के तत्वावधान में 11 एवं 12 जून को हुई यूपी कैटेट के घोषित परिणाम में आसपास के जिलों की बात करें तो स्नातक के पीएजी ग्रुप में कन्नौज के अंकित ने दूसरी रैंक हासिल की है। परास्नातक के (एमएजी) ग्रुप में उन्नाव के अविनाश सिंह ने तीसरी रैंक हासिल की है। एमएफएस ग्रुप उन्नाव के डीपी सिंह ने पहली रैंक हासिल की है। एमएफआर ग्रुप में जालौन के युवराज सिंह ने पहली रैंक हासिल की है। यह जानकारी देते हुए चंद्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डा. आनंद सिंह ने बताया प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों में स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में कुल 3354 सीटों का परिणाम घोषित हुआ है।

युवराज को मिठाई खिलाते माता-पिता। अमृत विचार

- **एमएफआर ग्रुप में पहली रैंक लाने युवराज ने कहा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम करूंगा**

वर्षाकाल में 92 लाख से अधिक पौधे लगाये जाएंगे

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

अमृत विचार। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पौधरोपण समिति, जिला गंगा समिति व जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने वर्षाकाल 2024-25 में विभागवार पौधरोपण के लक्ष्य आवंटन के संबंध में विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 92,06440 पौधों को लगाया जाएगा। इसके लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार कर ली गई है, और सम्बंधित विभागों को लक्ष्य आवंटित कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया के विभाग वार जो भी पौधरोपण के लक्ष्य दिए गए हैं समय रहते स्थलों को चिन्हित कर लिया जाए और पौधों की सुरक्षा से संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी जाए जिससे जो भी पेड़ लगाए जाए उसकी सुरक्षा एवं देखभाल हो सके और उनसे प्रगति रिपोर्ट भी प्राप्त की जा सके। उन्होंने पशुपालन विभाग को निर्देशित किया कि गौशालाओं में पीपल, पाकड़ और बरगद आदि छायादार पौधे अधिक लगाए जाएं और उसकी सुरक्षा हेतु संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाए।

- **जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई पौधरोपण समिति की बैठक**

इस अवसर परसीडीओ शिवाकांत द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

थाना समाधान दिवस में आईं 146 शिकायतें , 75 निस्तारित

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार। थाना समाधान दिवस में 146 शिकायतें प्राप्त हुई। 75 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर संबंधित को आदेशित किया गया। जिलाधिकारी ने सभी पुलिस अधिकारियों, लेखपाल और सचिवों को शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता व समय के साथ निस्तारित कराने के निर्देश दिए।

शनिवार को नगर कोतवाली परिसर में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की उपस्थिति में संपूर्ण थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ। इसमें कुल 13 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। सभी शिकायतें राजस्व से संबंधित थी इनके निस्तारण के लिए त्वरित टीम गठित की गई। इसी तरह सभी थानों में अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मीनिवास मिश्र सहित सीओ,एसडीएम आदि ने जनता को शिकायते सुनी । जनपद में कुल 146 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमे 75 का मौके पर निस्तारण कर अन्य मामलों के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया।

समाधान दिवस में समस्याएं सुनते डीएम और एसपी। अमृत विचार

चार दिन पूर्व मिली लाश की अभी तक शिनाख्त नहीं

संवाददाता,सुमेरपुर (हमीरपुर)

अमृत विचार। बीते 18 जून को हाईवे किनारे झाड़ियो के मध्य मिले अज्ञात शव की शिनाख्त नहीं होने के बाद शनिवार को पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने अंतिम संस्कार करा दिया। शिनाख्त के लिए पुलिस मृतक के कपड़े आदि सुरक्षित किए हैं। बीते 18 जून मंगलवार को शाम करीब 7:00 बजे इंगोहटा के चरवाहों ने गांव वापस लौटते समय हाईवे किनारे खेतों की तरफ झाड़ियों के नीचे अज्ञात शव पड़ा देखकर पुलिस चौकी इंगोहटा को सूचित किया था। सूचना पाकर सीओ सदर राजेश कमल व थानाध्यक्ष राकेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थे और शिनाख्त कराने का प्रयास किया था। लेकिन सफलता नहीं मिली थी शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया गया था। शनिवार को शिनाख्त न होने के उपरांत पोस्टमार्टम कराकर शिनाख्त के लिए शव से प्राप्त कपड़े आदि सुरक्षित किए गए हैं। आशंका व्यक्त की जा रही है कि युवक की हत्या करके शव को यहां पर लाकर फेंका गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या का कारण स्पष्ट होगा।

- **पहचान के लिए पुलिस ने मृतक के कपड़े सुरक्षित किए**

पॉलिटेक्निक की सेमेस्टर परीक्षा में धरे गए दो नकलची

बांदा। राजकीय पॉलिटेक्निक में सम-सेमेस्टेर जून 2024 की परीक्षा संचालित की जा रही है। डिप्लोमा इन फार्मेसी की परीक्षा में शनिवार को दोनों पालियों से एक-एक नकलची पकड़ा गया।

शासन के निर्देश पर प्रशासन की कड़ी निगरानी के बीच नकलविहीन व सुचितापूर्ण परीक्षा संपन्न कराने को लेकर स्टैटिक मजिस्ट्रेट और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति भी की गई है।

राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज के प्रधानाचार्य ने बताया है कि दोनों नकलची छात्रों को अनुचित साधन के प्रयोग के दंड के रूप में रेस्टीकेट कर दिया गया है।

सार-संक्षेप

महिला को मायके छोड़ कर भागा पति

राठ (हमीरपुर)। एक साल पूर्व नवविवाहिता खुशी खुशी विदा हुई थी। पति अपनी पत्नी को साथ लेकर दिल्ली चला गया। जहां पति उसे प्रताड़ित करने लगा। नवविवाहिता का आरोप है कि पति के उसकी जेठानी से मित्रता है। विरोध करने पर पति उसे मारता पीटता है। वह उसे मायके में छोड़ कर भाग गया। इस संबंध में थाने में शिकायती पत्र दिया लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कोतवाली क्षेत्र के औड़ेरा गांव निवासी दुलीचंद ने बताया कि एक साल पहले पुत्री अनीता का विवाह मुस्करा थाना क्षेत्र के छानी बांध गांव निवासी करंजू के पुत्र रामहेत से की थी। शादी के बाद रामहेत पत्नी को अपने साथ दिल्ली ले गया। कुछ दिन बाद रामहेत अपनी पत्नी अनीता को प्रताड़ित करने लगा। पीड़िता ने थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि पति की जेठानी से मित्रता हैं। पति को रोकने पर मारपीट करने लगा। रामहेत पत्नी अनीता को मायके छोड़कर भाग गया। पीड़िता ने एक माह पहले थाना मुस्करा और 8 दिन पूर्व राठ कोतवाली व क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई मांग की थी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि जांच कर कार्रवाई जाएगी।

संगीत मानव सृजन की है सबसे बहुमूल्य कला

महोबा। विश्व संगीत दिवस पर शनिवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि डॉ. चित्रगुप्त ने कहा कि संगीत मानव सृजन की सबसे बहुमूल्य कला है, जो ईश्वरीय उपस्थित का एहसास दिलावर शांति का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने इस मार्ग पर चलने का आह्वान किया। गोष्ठी मे संगीताचार्य जगप्रसाद तिवारी ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी को पाश्चात्य संगीत के अपेक्षा भारतीय संगीत के प्रति रुझान उत्पन्न करने की आवश्यकता है। संगीतज्ञ जयनारायण सोनी ने कहा आज के परिपेक्ष को देखते हुए संगीत के माध्यम से संपूर्ण विश्व को एक सूत्र में बांधा जा सकता है,कहा कि संगीत के माध्यम से युवाओं को नई दिशा प्राप्त होती है। गोष्टी के प्रारंभ में संगीताचार्यो को माल्यार्पण एवं शॉल उड़ाकर डॉ0 चित्रगुप्त द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक अमित द्विवेदी संचालक एडी स्टूडियो द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में संगीतकार अमल सिंह के अलावा नीरज द्विवेदी, विकास द्विवेदी, प्रद्युम्न नायक, शोभराज मिश्रा , सुनील नाहर, आदि उपस्थित रहे।

चोरी की रिपोर्ट दर्ज

बांदा। देहात कोतवाली क्षेत्र के करहिया गांव निवासी पुष्पेंद्र पुत्र राम बहादुर ने थाना कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 7 जून को अजूर पावर प्लांट चहितारा ब्लॉक सी में गार्ड रामप्रकाश व दीपक तिवारी ड्यूटी पर थे। रात्रि करीब 1:30 बजे पीछे की तरफ गए तो देखा कि कुछ लोग जाली तोड़कर करीब 1130 मीटर केबिल चोरी करके भाग गए हैं। दोनों गाड़र्स ने सुपरवाइजर को सूचना दी। थाना प्रभारी सुखराम ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

आग से मां-बेटे झुलसे

बांदा। खाना बनाते समय आग लग जाने से मां बेटे झुलस गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणो ने उनकी आग बुझाई। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। देहात कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर गांव निवासी 40 वर्षीय सुनीता पत्नी गुरूप्रसाद शुक्रवार की शाम खाना बना रही थी। तभी अचानक गैस पाइप खुल जाने से उसके कपड़ो में आग लग गई। जिससे वह झुलसे हुए कमरे से बाहर भागी। शोर गुल सुनकर मां जलता देख 20 वर्षीय पुत्र विष्णु बचाने आया तो वह भी झुलस गया। दोनो को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया।

दो युवकों ने जहर खाया

बांदा। बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन गांव निवासी 18 वर्षीय सुशील पुत्र विजय करन ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। तिंदवारी थाना क्षेत्र के माटा गांव निवासी 32 वर्षीय रामरूप पुत्र लाखन ने शुक्रवार की रात घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

दबंगों ने युवक को मारपीट कर किया घायल

तिर्वा, कन्नौज। कूड़ा फैलाने पर दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली के भूडिया गांव निवासी शिवानी पत्नी रामगोपाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसका पति कूड़ा डालने के लिए जा रहा था। रास्ते में कूड़ा फैल गया। जब विरोध किया तो दबंग किस्म के लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

कार्यक्रम संत कबीरदास की जयंती पर राहगीरों को पिलाया गया शर्बत

शहर में धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता उरई

अमृत विचार। संत सम्राट सदगुरु कबीरदास का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया तथा उनके अनुयायियों द्वारा शहर विभिन्न मार्गों से शोभायात्रा भी निकाली गयी।

संत सम्राट सदगुरु कबीरदास की जयंती के उपलक्ष्य में सुबह के वक्त पड़ रही भीषण गर्मी में समिति के लोगों ने शहर के शहीद भगतसिंह चौराहा पर राहगीरों को शीतल शर्बत पिलाया। साथ ही संत कबीर दास के अनुयायियों ने नगर में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया।

इस मौके पर संत सम्राट सदगुरु कबीर संगठन के प्रमुख लोग मौजूद रहे जिनमें भारतीय चमार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज अहिरवार, रमाकांत अहिरवार, रविन्द्र गौतम, मुन्नेश दोहरे, शैलेन्द्र याज्ञिक, प्रदीप महातवानी, रविन्द्र चौधरी, रंजीत चौधरी, राहुल गौतम, राजकुमार दोहरे, रंजीत आदि मौजूद रहे।

शर्बत वितरण करते कबीरपंथी। अमृत विचार

अंधविश्वास और पाखंड के विरोधी रहे कबीर

बांदा। राष्ट्रीय स्वराज पैंथर के तत्वावधान में तिंदवारी रोड स्थित ज्योतिनगर में संत गुरु कबीरदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में कबीरपंथी गीतों और दोहों की धूम देखने को मिली। स्वराज पैंथर के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्नालाल दिनकर ने संत कबीर को अंधविश्वास और पाखंड पर करारा प्रहार करने वाला संत बताया। कहा कि कबीरदास ने सोई हुई चेतना को जागृत करने का काम किया है। श्री दिनकर ने मौजूदा सरकारों पर अंधविश्वास को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। कहा कि सत्ताधारियों के कुचक्र पर जल्द ही विराम नही लगाया गया तो आने वाली पीढ़ियां समूची दुनिया के सामने मजाक का पात्र बनना पड़ सकता है। राष्ट्रीय महासचिव फौजी राजबहादुर सिंह कुशवाहा ने संत कबीरदास के कृतित्व और व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि कुरीतियों को दूर कर प्रेमपूर्ण भाईचारे के जीवन को अपनाने की जरूरत है। प्रदेश अध्यक्ष कमलेश चौधरी ने कहा कि मौजूदा समय में धर्म को व्यापार बना दिया गया है और देश के लोगों को धर्मजाल में उलझा दिया गया है, इस पर अंकुश लगाने की जरूरत है।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद भाजपाई। अमृत विचार

सुंदरकांड पाठ के बाद भंडारे का आयोजन

संवाददाता,माधौगढ़

अमृत विचार। जेठ महीने के अंतिम दिन शनिवार को आयोजित सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन तिलक नगर ऐशबाग में किया गया। भंडारे का आयोजन भाजपा युवा मोर्चा के लखनऊ के मंडल मंत्री रवि प्रकाश जायसवाल, नगर निगम के उपसभापति गिरीश गुप्ता ,भाजपा युवा मोर्चा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पार्षद ऐशबाग लखनऊ साकेत शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज रस्तोगी, श्री राम जानकी परिवार संस्था के महासचिव अनुराग कश्यप ,उपाध्यक्ष रजत अग्रवाल एवं पंदेगंज व्यापार मंडल के नेता अमित गुप्ता युवा नेता अभिषेक वर्मा उपस्थित रहे भंडारे का आयोजन चैतन्य प्रखर मिश्रा ,शुभम अग्रवाल डब्बू, नीरज रावत, सुमित रावत, निशांत श्रीवास्तव, रोहित रावत, डॉक्टर शिवम सिंह ,करण रावत, सुमित रावत आदि रहे।

योग आत्मबोध का दर्शन

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, "हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापिस बुलाते हैं।" सभी 6 मंत्रों के अंत में 'तन्मे मन: शिव संकल्पम अस्तु' जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है।

योग आश्चर्यजनक है। इसके परिणाम गणित के सूत्रों जैसे सत्य सिद्ध हैं। यह भारत का प्राचीन विज्ञान है। षड्दर्शन में योग भी है। इसकी स्वीकृति अंतर्राष्ट्रीय है। दो दिन पहले 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस था। योग दिवस में लाखों लोगों ने हिस्सा लिया है। भारत के सभी क्षेत्रों राज्यों में योग दिवस के आयोजन हुए हैं। अस्तित्व महाऊर्जा से भरा पूरा है। योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान है। इसका उल्लेख ऋग्वेद में है। उपनिषदों में है। गीता में विस्तृत हैं। बुद्ध पंथ में तमाम यौगिक क्रियाओं का उल्लेख है। मार्शल ने हड़प्पा सभ्यता पर 'मोहनजोदड़ो एंड दि इंडस सिविलाइजेशन' पुस्तक लिखी थी। इस ग्रंथ में शिव को आर्य देवताओं से भिन्न देवता बताया है। इस किताब में योग के बारे में लिखा है, "शैव मत के समान योग का उद्भव भी आर्यों से पहले की आबादी में हुआ था। काव्यों के युग के पहले उसकी कोई महत्वपूर्ण भूमिका आर्यों के धर्म में नहीं थी।" मार्शल का विवेचन सही नहीं है। वे सिंधु सभ्यता को वैदिक सभ्यता से प्राचीन मानते थे। उनकी मानें तो योग सिंधु सभ्यता के समय विकसित हुआ। वैदिक पूर्वजों ने इसे बहुत बाद में जाना। यह तथ्य संगत नहीं है। वैदिक पूर्वज ऋग्वेद के रचनाकाल से ही योग से परिचित थे।

मनुष्य चित्त चंचल है। चंचलता दुख, सुख, विषाद व अवसाद लाती है। योग चित्त चंचलता की समाप्ति का विज्ञान है। योग के द्वारा बुद्धि का जागरण वैदिक काल में भी था। यह जागरण सामान्य नहीं है। ऋग्वेद (5.44.14) में कहते हैं, "जो जागे हुए हैं। ऋचाएं उनकी कामना करती हैं।" मन की चंचलता मनुष्य का स्वभाव है। स्थिरप्रज्ञता योग की उपलब्धि है। ऋग्वेद में इन्द्र से कहते हैं, "आपका मन हमारी ओर हो। (8.45.6) वैदिक देव इन्द्र योग के विज्ञ थे। इन्द्र की प्रशंसा में कहते हैं, "आपने जन्म लेते ही अपना मन स्थिर किया।" सृजन का आनंद भी योग से मिलता है। ऋग्वेद (9.68.5) में कहते हैं, "आनंद प्रशिक्षित मन से आता है। मार्शल की आधी बात ठीक है कि हड़प्पावासी योग से परिचित थे।" मार्शल की यह बात गलत है कि ऋग्वैदिककाल में योग साधना नहीं थी। मार्शल की यह बात भी गलत थी कि आर्य जन योग से अपरिचित थे। ऋग्वेद में हिरण्यगर्भ का उल्लेख है। वे योग के प्रथम प्रवक्ता माने जाते हैं। योग को व्यवस्थित रूप में विज्ञान बनाने का काम ईसा की दूसरी सदी पूर्व पतंजलि ने किया था। उन्होंने ही 'योगसूत्र' नामक महान ग्रंथ लिखा है।

भारतीय दर्शन में दुख का मूल कारण अविद्या है। पतंजलि ने चित्तवृत्तियों को सुख दुख का कारण माना है। सिग्मंड फ्रायड प्रसिद्ध मनसविद् थे। उन्होंने मन का विश्लेषण किया है। उन्होंने तीन तरह के मन बताए हैं। पहला क्षिप्त मन। दूसरा विक्षिप्त मन और तीसरा मूढ़ मन। लेकिन पतंजलि ने मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध सहित चित्त की पांच अवस्थाएं बताईं। इन चित्त वृत्तियों की समाप्ति को योग का लक्ष्य बताया-योगश्च चित्त वृत्ति निरोधः (योगसूत्र 2) बताया। मनुष्य का चित्त द्रव्य या पदार्थ नहीं है। पदार्थ होता तो विज्ञान की पकड़ में आता। चित्त मनुष्य शरीर का अति सूक्ष्मतम अदृश्य भाग है। मन और शरीर मिले हुए हैं। मन खराब हो तो शरीर कष्ट पाता है। शरीर में चोट हो तो मन दुखी होता है। अपमान का अनुभव मन पर होता है। ताप शरीर पर होता है। एकाग्र मन आनंद का स्रोत है।

मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, "हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापिस बुलाते हैं।" सभी 6 मंत्रों के अंत में 'तन्मे मनः शिव संकल्पम अस्तु' जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है। एकाग्रता की प्राप्ति योगाभ्यास से होती है। मन के साथ शरीर भी स्वयं में स्थिर होता है। स्वयं में स्थिर होना स्वस्थ होना है। पतंजलि के सूत्र संक्षिप्त हैं। कहीं कहीं एक ही शब्द का वाक्य है। वे आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से आत्मबोध कराते हैं। आसन और प्राणायाम सरल शब्द हैं। ध्यान और समाधि कठिन है। ध्यान एकाग्रता है। पतंजलि के अनुसार ध्यान का केन्द्र केवल उपकरण है। उपकरण कार्यसिद्धि में सहायक हैं। योगसूत्र में प्रीतिकर विषय पर ध्यान के विकल्प हैं। योगसूत्र (समाधिपाद 39) में कहते हैं, "यथाभिमतध्याना द्वा-जिसकी जैसी इच्छा हो उस केन्द्र पर ध्यान करे। फिर कहते हैं अथवा ईश्वर पर प्राण-ध्यान लगाएं-ईश्वर प्रणिधाना द्वा (वही 23) पतंजलि के सूत्रों में ईश्वर पर ध्यान एक विकल्प है। पतंजलि का ईश्वर सामान्य ईश्वर नहीं है। वे ईश्वर की परिभाषा भी बताते हैं, "क्लेश, कर्म, कर्मफल और वासना से असम्बद्ध चेतना विशेष ईश्वर है (वही 24)। आगे कहते हैं, "समय के पार होने के कारण वह गुरुओं का गुरु है।" योग सिद्धि में समय नहीं होता। समय शून्यता के बोध में दुख या सुख नहीं होता। इस परिभाषा के अनुसार कोई भी योग के माध्यम से ईश्वर जैसा हो सकता है।

योग आनंद का सागर है। योग सिद्ध स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। उसके चित्त से सृजन फूटते हैं। योग सिद्धि के लगातार अभ्यास जरूरी है। उपलब्धि प्राप्ति के प्रति अनासक्ति से योग के लाभ मिलते हैं। पतंजलि ने स्वयं कहा है कि "जिनके प्रयास मृदु या मध्यम होते हैं। उन्हें योग के लाभ उसी मात्रा व समय में मिलते हैं। जिनके प्रयास तीव्र होते हैं उन्हें योग का फल तत्काल मिलता है।" पतंजलि ने योग सिद्ध बुद्धि के लिए ऋतम्भरा शब्द का प्रयोग किया है-ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा। ऋतं शब्द पहली बार ऋग्वेद में आया है। इसका अर्थ अस्तित्व का संविधान है। ऋतम्भरा साधारण बुद्धि नहीं है। एक बुद्धि मनुष्य की होती है। एक बुद्धि समूचे ब्रह्माण्ड की होती है। ऋतम्भरा पूरे ब्रह्माण्ड की बुद्धि है। फिर समाधि की चर्चा है। और अंततः कैवल्य की। योग दर्शन सत्य के द्वार खोलता है। योग से तमाम बीमारियों के उपचार भी होते हैं। लेकिन ऐसे उपचार योग के प्राथमिक चरण में ही पूरे हो जाते हैं। असली बात है कैवल्य या निर्बीज समाधि। तब योगी संसार में रहते, चलते, उठते, बैठते सभी अवस्थाओं में निस्पृह और निष्काम रहता है। योग विज्ञान भारतीय दर्शन का प्रतिष्ठित अंग है।

भारतीय राष्ट्र जीवन में योग यत्र तत्र सर्वत्र है। बिना प्रयास किसी का मिलना जुड़ना संयोग है। अलग हो जाना वियोग है। सहायक बना लेने का ज्ञान उपयोग हैं। आरोपित करना अभियोग है। वस्तुओं का उत्पादन करना उद्योग है। शक्ति का गलत प्रयोग दुरूपयोग है। शक्ति का प्रतिस्पर्धी प्रयोग प्रतियोग है। प्रतियोगिता शब्द इसी से बना है। ज्ञान को साधना का उपकरण बनाना ज्ञान योग है। भक्ति मार्ग भक्ति योग है। कर्म प्रधानता कर्म योग है। संसार को माया और ब्रह्म को वास्तविक जानना सन्यास योग है। ज्योतिष में गृह स्थितियों की अनुकूलता संयोग है। गणित में अंकों का जोड़ भी योग है। योग जोड़ने का विज्ञान है। आत्मबोध का दर्शन है। यह अंधविश्वास नहीं है।

विज्ञान और दार्शनिक पक्ष


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

दारा शिकोह ने शाहजहां के दरबारी संस्कृत कवि पंडितराज जगन्नाथ के मार्गदर्शन में और बनारस के कई अन्य पंडितों की सहायता से 50 उपनिषदों का फारसी में 'सिर्र-ए-अकबर' (सबसे बड़ा रहस्य) के नाम से स्वयं अनुवाद किया था।

एक फ्रांसीसी विद्वान एक्वेटिक डु पेरां द्वारा फारसी से लैटिन में किए गए इसके अनुवाद से यूरोप उपनिषदों के ज्ञान से परिचित हुआ और शापेनहावर जैसे जर्मन दार्शनिक इस ज्ञान की अप्रतिम सूक्ष्मता और निरपेक्ष सत्य के प्रति इसके उत्कट आग्रह से प्रभावित हुए। संस्कृत से सीधे यूरोपीय भाषाओं में अनुवाद बहुत बाद में हुआ।

आर्थर शापेनहावर ने अपनी विश्व प्रसिद्ध पुस्तक 'द वर्ल्ड एज विल एंड रेप्रज़ेंटैशन' (जर्मन से अंग्रेजी में अनूदित नाम) में स्वीकार किया है कि भारत के ऋषियों ने शायद सत्य को पहचान लिया था। दारा शिकोह की दुर्लभ फारसी पुस्तक सिर्र-ए-अकबर इलाहाबाद विवि के इतिहास विभाग के प्रोफेसर ताराचंद (1888-1973) द्वारा अंग्रेजी में लिखित 49 पृष्ठों की भूमिका के साथ प्रकाशित हुई थी जिसे प्रोफेसर ताराचंद ने अपनी ईरान यात्रा के दौरान ईरान के तत्कालीन शाह-मोहम्मद रजा शाह पहलवी को भेंट किया था।

शापेनहावर के माध्यम से ही भौतिकी में नोबल पुरस्कार से सम्मानित आइरिश ऑस्ट्रियाई भौतिकशास्त्री एरविन श्रोडिन्गर (अर्विन श्रोडिन्गर, 1887-1961) उपनिषदों और भारतीय वेदांत दर्शन से परिचित हुए थे।

अद्वैत वेदांत के अनुसार परम या विश्व चेतना ही सृष्टि का आदि कारण है और कार्य कारण संबंध से समस्त सृष्टि में व्याप्त है। नानारूप वस्तुजगत उसी विश्व चेतना का अध्यास है। वही विश्व चेतना हर मनुष्य की चेतना में प्रतिबिंबित है। अर्विन श्रोडिन्गर क्वांटम भौतिकी के पाश्चात्य वैज्ञानिकों के उस समूह का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसने क्वांटम भौतिकी की बोधगम्यता के लिए मानव चेतना की समांतर वास्तविकता को अकाट्य पाया और भारतीय उपनिषदों के ज्ञान का उल्लेख करते हुए उसमें निहित चेतना और पदार्थ के अद्वैत के प्रति आदर व्यक्त किया।

श्रोन्दिगर ने 1922 में लिखे अपने एक शोधपत्र में वर्णक्रमीय रेखाओं के संदर्भ में सापेक्षी डॉप्लर प्रभाव (जब इलेक्ट्रॉन-तरंग का निरीक्षक उसके स्रोत की ओर बढ़ता है तो उसी के सापेक्ष तरंग की आवृत्ति भी बढ़ती जाती है) पर एक समीकरण विकसित किया। अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'जीवन क्या है?' में श्रोन्दिगर ने आनुवंशिकी और जैवीय परिघटना को भौतिकशास्त्र की दृष्टि से परखा और विज्ञान के दार्शनिक पक्ष पर विचार करते हुए, पौर्वात्य दार्शनिक एवं नैतिक अवधारणाओं को स्वीकार्य पाया।

श्रोडिन्गर ने मस्तिष्क और पदार्थ विषय पर दिए गए अपने एक व्याख्यान में कहा, "स्थान और समय के आरपार फैला संसार हमारी ही अनुकृति है (यथा पिंडे तथा ब्रह्माण्डे?) यदि संसार वस्तुतः हमारे निरीक्षण कर्म पर आधारित है तो अरबों संसार होने चाहिए हम सब का एक-एक संसार, लेकिन ऐसा कैसे हुआ कि हमारा और आपका संसार वही है, एक ही है, वह क्या है जो इन सभी संसारों को एक-दूसरे के समतुल्य बनाता है?" इसी के साथ श्रोडिन्गर ने औपनिषद महावाक्य 'तत्वमसि' के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। श्रोडिन्गर का निष्कर्ष था-"चेतना की व्याख्या भौतिक शब्दावली में नहीं हो सकती, क्योंकि चेतना निरपेक्ष रूप से मूलभूत सत्ता है। किसी भी इतर संदर्भ से इसकी व्याख्या नहीं हो सकती।"

पता नहीं, भारत को विश्वगुरु सिद्ध करने को बेताब हमारे वर्तमान पुरोधाओं को आर्थर शापेनहावर के माध्यम से अर्विन श्रोडिन्गर को प्राप्त उपनिषद ज्ञान और क्वांटम भौतिकी की अद्यतन खोजों में उसकी प्रासंगिकता का कुछ इल्म है या नहीं!

नालंदा विश्वविद्यालय के पुनरुत्थान के मायने

प्रो. महेश चंद गुप्ता
दिल्ली

दुनिया के पहले आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय का वैभव ही ऐसा था जिसने चीन, कोरिया, जापान, तिब्बत, मंगोलिया, श्रीलंका और दक्षिण पूर्व एशिया सहित दुनियाभर के विद्वानों को आकर्षित किया। नालंदा में चिकित्सा, आयुर्वेद, बौद्ध धर्म, गणित, व्याकरण, खगोल विज्ञान और भारतीय दर्शन जैसे विषय पढ़ाए जाते थे। भारतीय गणित के प्रणेता और शून्य के आविष्कारक आर्यभट्ट छठी शताब्दी ईसवी के दौरान नालंदा के प्रतिष्ठित शिक्षकों में से एक रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया है। इसी के साथ सदियों के बाद नालंदा विश्वविद्यालय पूरे विश्व में ज्ञान के प्रसार के लिए उठ खड़ा हुआ है। 455 एकड़ में 1749 करोड़ की लागत से बना नालंदा का नया परिसर केवल कंकरीट की एक इमारत भर नहीं है, बल्कि इस इमारत के निर्माण से हमारे देश का गौरवशाली इतिहास पुनर्जीवित हुआ है। यह भारत को विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ा एक महत्वपूर्ण कदम है जिसके जरिए समूची दुनिया में ज्ञान की अलख जगाने के साथ-साथ एक नया इतिहास रचा जाना तय हो गया है।

सदियों पहले समूचे विश्व के लिए ज्ञान का सागर बने जिस नालंदा को आक्रांताओं ने जलाकर खाक और तहस-नहस कर दिया था, उसका पुनरुत्थान एक बहुत बड़ा और युगांतकारी कदम है। नालंदा में प्राचीन विश्वविद्यालय के खंडहरों के पास नई इमारत की तामीर हमें गौरवान्वित कर रही है। वैसे तो इमारतें रोज बनती हैं, मगर नालंदा में यह नव निर्माण अनूठा है, देश के लिए गर्व का विषय है। नालंदा में मोदी ने कहा भी है कि ''मैं नालंदा को भारत की विकास यात्रा के लिए एक शुभ संकेत के रूप में देखता हूं। नालंदा केवल नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, नालंदा मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा है उद्घोष इस सत्य का कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। नालंदा के ध्वंस ने भारत को अंधकार से भर दिया था। अब इसकी पुनर्स्थापना भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत करने जा रही है।'' नालंदा में लगाई गई आग किसी इमारत, पुस्तकालय को नष्ट करने का नहीं, बल्कि भारत के गौरव को आहत करने का प्रयास था, क्योंकि प्राचीन मगध साम्राज्य (आधुनिक बिहार) में 5 वीं शताब्दी ई. में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय का नाम समूची दुनिया में था। इसमें दुनिया भर के दस हजार विद्यार्थी पढ़ते थे।

दुनिया के पहले आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय का वैभव ही ऐसा था जिसने चीन, कोरिया, जापान, तिब्बत, मंगोलिया, श्रीलंका और दक्षिण पूर्व एशिया सहित दुनियाभर के विद्वानों को आकर्षित किया। नालंदा में चिकित्सा, आयुर्वेद, बौद्ध धर्म, गणित, व्याकरण, खगोल विज्ञान और भारतीय दर्शन जैसे विषय पढ़ाए जाते थे। भारतीय गणित के प्रणेता और शून्य के आविष्कारक आर्यभट्ट छठी शताब्दी ईसवी के दौरान नालंदा के प्रतिष्ठित शिक्षकों में से एक रहे। इतिहासकारों के अनुसार सदियों पहले नालंदा में दाखिला आसान नहीं था। यहां प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को कठिन साक्षात्कार प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था। यह सब इतना वैभवशाली था, जो आसुरी शक्तियों और विनाशकारी सोच वालों से देखा नहीं जा रहा था। आसुरी शक्तियों ने समय-समय पर हमारे वैभव को मिटा कर हमें निराश, हताश और आहत करने के लिए प्रयास किए। अतीत में समय चक्र कुछ ऐसे चला जिससे आसुरी शक्तियां हावी हो गईं। विदेशी आक्रांताओं की वजह से एक लंबे कालखंड तक देश में प्रतिकूल हालात बने रहे। आक्रांताओं ने हमारे नालंदा जैसे विशाल भवन नष्ट कर दिए।

हमारे अस्तित्व के खात्मे की कोशिशें की गईं, मगर वह ज्ञान को भला किस प्रकार मिटा पाते। उस ज्ञान को कैसे मिटाते, जो हमारे सहज स्वभाव में है। वक्ती तौर पर भवनों को ढहा देने वाले आक्रांता खुश होकर चले गए, लेकिन जिस प्रकार काले बादलों का अंधेरा छंटने पर सूर्य की सप्त रश्मियां वातावरण को फिर से जगमग कर देती हैं, उसी प्रकार राष्ट्रीय महत्व के संस्थान और उत्कृष्टता के रूप में नामित नालंदा विश्वविद्यालय से पुनः शिक्षा का उजियारा फूटना शुरू हो गया है। मैं चार दशक से ज्यादा समय दिल्ली यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर रहा हूं। एक शिक्षक के रूप में लंबे अनुभव की बदौलत मेरी यह मान्यता है कि शिक्षा और विकास एक-दूसरे के पूरक हैं। शिक्षा की सीढ़ी पर चढ़कर ही विकास की प्रत्येक मंजिल पर पहुंचा जा सकता है।

यदि हम आजादी के सौ साल पूरे होने के अवसर पर वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश के रूप में देखना चाहते हैं तो यह शिक्षा की बदौलत ही संभव है, लेकिन यह इतना सरल और सहज नहीं है। इसके लिए देश के विश्वविद्यालयों के लिए जमकर काम करना होगा। सरकारी विश्वविद्यालयों को ऊर्जावान बनाना होगा। सभी राज्यों को अपने-अपने विश्वविद्यालयों का ढांचा मजबूत करने के लिए होड़ लगानी पड़ेगी। अभी देश में प्राथमिक शिक्षा से लेकर स्नातकोत्तर तक शिक्षा और सरकारी विश्वविद्यालयों की जो हालत है, वह बेहद चिंताजनक हैं। आजादी के बाद सत्तर सालों में शिक्षा को नजरअंदाज ही किया गया है। बजट में शिक्षा के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं किए गए। इसी कारण हमारे सरकारी विश्वविद्यालय और अन्य उच्चतर संस्थान पिछड़ गए। हमारे देश में निजी विश्वविद्यालय निरंतर विस्तार कर रहे हैं, पैसा कमा रहे हैं, लेकिन इसके विपरीत यूजीसी की फंडिंग वाले विश्वविद्यालय पिछड़ रहे हैं।

हमारे ज्यादातर विश्वविद्यालयों का बुनियादी ढांचा मजबूत नहीं है। उनमें विश्व स्तरीय स्मार्ट क्लास रूम का अभाव है। अच्छे ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी, एकेडमिक ब्लॉक्स और बेहतरीन लैब की कमी खलती है, जो भारत प्राचीन काल में समूचे विश्व में शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था, जिस भारत में उच्च शिक्षा के दुनिया के पहले विश्वविद्यालयों में शामिल सर्वाधिक महत्वपूर्ण और विख्यात नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना हुई, उस भारत में विश्वविद्यालयों की मौजूदा स्थिति विचारणीय है। इस वजह से देश में उच्च शिक्षा गुणवत्ता के लिहाज से पिछड़ रही है। धनवान लोगों के बच्चे तो उच्च शिक्षा के लिए विदेश चले जाते हैं और वहीं करियर बनाकर बस भी जाते हैं। आम लोगों के बच्चे निजी विश्वविद्यालयों में शोषण झेल रहे हैं। यूजीसी फंडिंग वाले विश्वविद्यालयों की स्थिति सुधारी जाए तो हालात बदले जा सकते हैं। ऐसा तभी संभव है, जब हम हमारे विश्वविद्यालयों को विश्व रैंकिंग में लाएंगे। उन्हें बड़ा ब्रांड बनाने की दिशा में काम करेंगे।

जनता को भी मिले बैंकों के लाभ का फायदा

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

विगत कुछ वर्षों से सार्वजनिक बैंको ने काफी अच्छा लाभ कमाया है। वर्ष 2023-2024 के लाभ की बात की जाए तो सभी 12 राष्ट्रीकृत बैंकों ने 141203 करोड़ का शुद्ध मुनाफा कमाया है, जबकि विगत 2022-2023 में यह लाभ 104649 करोड़ था। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि सरकार क्यों इनमें से कुछ बैंकों को निजी क्षेत्र में देने की सोच रही है? 1969 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण की शुरुआत हुई थी, लेकिन विगत वर्षों में कुछ बैंको के विलय हो जाने से मात्र 12 ही राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं, जिन्हें आज भी नवरत्न कहना असंगत न होगा।

सरकार को अपनी सोच बदलकर न केवल इनका वर्तमान स्वरूप बनाए रखने की जरूरत है, बल्कि वर्तमान निजी बैंकों को भी राष्ट्रीयकृत घोषित करने की जरूरत है। आखिर जनता की जमा राशियों को सुरक्षित हाथों में रखने की भी जरूरत है।

सरकार को चाहिए कि वो इस बात को समझे कि जनता की निधि जनता के हितों और सामाजिक लाभ के लिए ही हो, न कि प्राइवेट लूट के लिए, आने वाले बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस पर यह मांग बैंक कर्मचारियों की ओर से उठने जा भी रही है। जब सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों ने आशा से अधिक लाभ कमा कर दिया है तो जनता पर लगाए गए अधिभारों जैसे एसएमएस चार्जेज, एटीएम से नकद निकासी चार्जेज, पासबुक, चेकबुक चार्जेज, नकदी जमा चार्जेज, को समाप्त करने, जमाराशियों पर ब्याज दरें बढ़ाने और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में ब्याज कम कर जनता को राहत दिए जाने का समय आ गया है। क्या हमारी यह सरकार इस पर विचार करेगी?

सनातन सहिष्णुता

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

ओटीटी नेटफ्लिक्स पर आई महाराज फिल्म देखी। एक सत्य ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बावजूद यह प्रभावित नहीं करती। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जितनी स्वतंत्रता फिल्मकार हिन्दू धर्म की विकृतियों को उघाड़ने में लेते हैं, दूसरे धर्मों की नुक्ताचीनी में उनकी घिग्घी क्यों बंधी रहती है?

क्या यह हिन्दू धर्म की सनातन सहिष्णुता का नाजायज फायदा उठाना नहीं है? इस लिहाज से महाराज ओटीटी फिल्म को यदि वल्लभाचार्य संप्रदाय के अनुयायियों द्वारा अदालत में दी गई चुनौती कि उनकी भावनाओं को फिल्म द्वारा आहत किया गया है, उचित है अथवा अनुचित अदालत को फैसला करना है। महाराज से जुड़े अदालती मामले की विस्तृत जानकारी गूगल पर उपलब्ध है।

फिल्म 1862 की एक सच्ची घटना से संबंधित है जिसमें एक वैष्णवपंथी दुराचारी मठाधीश हवेली में चरणसेवा के नाम पर नारियों का दैहिक मानसिक शोषण करता रहता है और धर्म तथा परंपरा के नाम उसको उचित ठहराता है। नायक जब धर्म के नाम पर दुराचार का विरोध करता है और अपने पक्ष में जन जागरण करता है तो महाराज द्वारा अदालत में उसके विरुद्ध मानहानि का मुकदमा दायर किया जाता है। अंग्रेजी कोर्ट का फैसला महाराज के विरुद्ध आता है। फिल्म में महाराज के अभिनय के अलावा सभी दूसरे पात्र बहुत फीके हैं। संवाद प्रभावशाली हैं, पर उनकी अदायगी बेदम है। न भी देखेंगे तो चलेगा।

इसके साथ ही अन्नू कपूर की "हम दो हमारे बारह" भी अदालती प्रक्रिया से गुजरकर तनिक कतर ब्योत के साथ रिलीज हो गई है जिस पर मुस्लिम समुदाय का एक बड़ा वर्ग आहत है। फिल्म अभी मैंने देखी नहीं इसलिए उस पर टिप्पणी करना मुनासिब नहीं है।

उत्तराखंड में हादसों की सड़कें

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

देवभूमि में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का सबब हैं। सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सबसे पहले सभी सड़कों की हालातों को ठीक किया जाए। जिम्मेदार विभागों और अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए तथा लापरवाही पर सख्त सजा का प्रावधान हो। रात में वाहन चलाने पर तत्काल रोक लगा दी जानी चाहिए। हर सड़क पर परिवहन विभाग के अधिकारियों के नाम और उनके फोन नंबर के डिस्प्ले होने चाहिए। हर माह सड़कों की मॉनिटरिंग हो तथा सड़क गड्ढा मुक्त हो।

पिछले कुछ महीनों से पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में सड़क दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं और खूनी सड़कें लगातार लोगों की जिंदगियां ले रही हैं। गत 15 जून को रुद्रप्रयाग जिले में बदरीनाथ हाईवे पर दिल्ली से आए एक टेंपो ट्रैवलर के अलकनंदा नदी में गिर जाने से पंद्रह लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना का कारण टेंपो ट्रैवलर के ड्राइवर को नींद आना बताया जा रहा है। झपकी आने के कारण ड्राइवर स्टेरिंग से नियंत्रण खो बैठा और टेंपो ट्रैवलर सीधे नदी में जा गिरा। लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं सड़क सुरक्षा पर कई प्रश्नचिन्ह खड़े कर रही है।

इस दुर्घटना के कुछ दिन बाद पौड़ी गढ़वाल जनपद में भी दो सड़क दुर्घटनाएं हुईं। खिरसू के पास एक स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वही सतपुली में एक टाटा सुमो के खाई में गिरने से 10 लोग बुरी तरह घायल हो गए। इसके अतिरिक्त आए दिन पहाड़ में सड़क दुर्घटनाएं देखने को मिल रही हैं।

इस समय उत्तराखंड में पर्यटन सीजन चल रहा है। सड़कों पर गाड़ियों की भरमार है। पर्यटन स्थलों और चार धामों जाती सड़कों पर लंबा जाम लग रहा है। ज्यादातर सड़क हादसे चालकों की लापरवाही से होते हैं। मैदानी सड़कों पर चलने वाले ड्राइवरों को पहाड़ की घुमावदार सड़कों पर वाहन चलाने का अनुभव नहीं होता। उन्हें सड़कों की स्थिति का पता नहीं होता कि कहां सड़कें संकरी हैं, कहां घुमावदार मोड़ है और कहां सीधी चढ़ाई या तीव्र ढलान। जरा सी लापरवाही हुई नहीं कि वाहन दुर्घटना का सबक बन जाता है।

नशे में गाड़ी चलाना भी सड़क दुर्घटना का एक प्रमुख कारण है। रात के समय अधिकांश ड्राइवर नशे में गाड़ी चलाते हुए पकड़े गए हैं। नशा और ऊपर से तेज गाड़ी चलाने के कारण भी दुर्घटनाएं होती हैं। पहले पहाड़ में रात के समय गाड़ी चलाना मना था, लेकिन अब नियमों में थोड़ी डील मिलने से ड्राइवर रात को भी धड़ल्ले से गाड़ी चला रहे हैं। नतीजन कई बार चालकों को झपकी आने से भी दुर्घटनाएं हो जाती हैं। रुद्रप्रयाग जनपद में हुई घटना के बाद प्रशासन ने रुद्रप्रयाग जिले में रात में वाहन चलाने पर रोक लगा दी है।

दूसरे कारणों में सड़कों की स्थिति और बनावट है। पहाड़ी इलाकों में खासकर संपर्क मार्गों की स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं हैं। लगातार होते भूस्खलनों के कारण भी सड़कों की स्थिति खराब है। कई जगहों पर सड़कें बहुत संकरी और टूटी हैं तो कहीं सड़कों में गड्ढे हैं। कहीं सड़क किनारे सुरक्षा के लिए लगाए गए पैराफिट ही नहीं हैं। इसके अतिरिक्त कई सड़कों में वर्षों से डामरीकरण नहीं हुआ है। दुर्घटना के लिए चाहे वाहन चालक की लापरवाही हो या सड़क की बदतर स्थिति, दोनों ही सूरत में जिम्मेदारी सरकारी विभागों की ही होती है, क्योंकि सड़क बनाना, वाहन की फिटनेस, सड़क नियमों का पालन कराना, वाहन चालकों को लाइसेंस देना, इन सब में सरकारी विभागों की ही भागीदारी और जिम्मेदारी है।

देवभूमि में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का सबब हैं। सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सबसे पहले सभी सड़कों को ठीक किया जाए। जिम्मेदार विभागों और अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए तथा लापरवाही पर सख्त सजा का प्रावधान हो। रात में वाहन चलाने पर तत्काल रोक लगा दी जानी चाहिए। हर सड़क पर परिवहन विभाग के अधिकारियों के नाम और उनके फोन नंबर के डिस्प्ले होने चाहिए। हर माह सड़कों की मॉनिटरिंग हो तथा सड़क गड्ढा मुक्त हो। वाहन चालकों को जागरूक और प्रशिक्षित किए जाने की भी आवश्यकता है।

परीक्षा में धांधली रोकने को कड़ाई जरूरी

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

ऐसे में उन अभ्यर्थियों की हालत बड़ी खराब हो जाती हैं जिनके माता-पिता किसी प्रकार जमीन-जायदाद बेचकर या गिरवीं रखकर अपने बच्चों की कोचिंग फीस आदि की व्यवस्था करते हैं।

केंद्र तथा राज्य सरकारों की प्रतियोगी परीक्षाओं के लीक होने से चतुर्दिक अफरातफरी की स्थिति हो जाती है। इस वक्त तो केंद्र की नीट एवं यूजीसी नेट का मामला सामने है, लेकिन इसके पहले यूपी में कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए तथा पैसे के बल पर बेचे गए। इसका जबर्दस्त विरोध भी हुआ। हिंसक झड़पें हुईं। इसके अलावा विपरीत आर्थिक परिस्थितियों में अनेक अभ्यर्थियों ने आत्महत्याएं भी कर ली। यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक है। उन अभ्यर्थियों की हालत बड़ी खराब हो जाती हैं जिनके माता-पिता किसी प्रकार जमीन जायदाद बेचकर या गिरवीं रखकर अपने बच्चों की कोचिंग फीस आदि की व्यवस्था करते हैं। जिन अभिभावकों के पास पर्याप्त धन है तो उनके ऊपर इस तरह का आर्थिक बोझ भले न पड़ता हो, लेकिन बच्चों पर विपरीत मानसिक दवाब पड़ता है। इसी में पैसे से सब कुछ हासिल करने वाले बच्चे और उनके अभिभावक लाखों रुपए तक खर्च कर एडवांस में पेपर प्राप्त कर लेते हैं। उनकी सेहत पर लीक से कोई असर नहीं पड़ता। अभी लोकसभा चुनाव के पूर्व यूपी में पुलिस परीक्षा का पेपर भी लीक हुआ। लीक पेपरों की प्रारंभिक जांच में इस तरह की बातें सामने आ रही हैं कि लीक करने वाले सामान्य स्तर के नहीं होते। मध्य प्रदेश के व्यापम मामले की याद ताजा होती रहती है।

पेपर सुचारु और पवित्र हो, इस दायित्व में फिलहाल सरकारी मशीनरी फेल दिखती है। स्मरणीय है कि लोकसभा तथा विधानसभा चुनावों में भी बड़ी अव्यवस्था होती थी, लेकिन जब से अर्धसैनिक बलों की देखरेख में चुनाव की जिम्मेदारी आई तब से चुनावों में हिंसा, मारकाट एवं हानि बहुत कम हुई है। ऐसी स्थिति में यदि सरकारी तंत्र परीक्षा संपन्न कराने में असफल हो रहा है तो हर तरह की प्रतियोगी परीक्षा में भी अर्धसैनिक बलों का इस्तेमाल किया जाए। पेपर बनाने, परीक्षा कराने से लेकर रिजल्ट आउट होने तक सारा इंतजाम अर्धसैनिक बलों की निगरानी में किया जाए। केवल कुछ सख्त कानून से काम नहीं चलेगा, इसके लिए कड़ाई बरतने की भी जरूरत है।

शिकायतों को आज ही करायें निस्तारित : जिलाधिकारी

जिलाधिकारी व एसपी ने सुनीं जनता की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

अमृत विचार। शासन के निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज रजा ने आटा व कालपी थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक पूरी तैयारी के साथ गये थे । जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के समक्ष 15 शिकायत कालपी में आईं और 8 शिकायतें आटा में प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। कहा कि जो भी शिकायतें आज सूचीबद्ध हैं उनका आज ही मौक़े पर जाकर निस्तारण कराया जाए। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो तथा थानाध्यक्ष को

समस्याएं सुनते जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ. ईरज रजा ।

- कालपी में 15 शिकायतें तथा आटा थाने में आईं 8 शिकायतें
- आटा व कोतवाली कालपी में सुनीं जनता की समस्याएं

निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जितने भी भूमि विवाद व विविध जन समस्याएं हैं, उन सभी भूमि विवादों से संबंधित यथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो तो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर विधिपूर्वक निस्तारण कराया जाए तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाई अमल में लाई जाएगी।

आज थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कालपी हेमन्त पटेल, थानाध्यक्ष, लेखपाल व कानूनगो सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

राजस्व संबंधी मामलों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निपटाने की हिदायत

संवाददाता कालपी(जालौन)

अमृत विचार। स्थानीय कोतवाली में पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज रजा की मौजूदगी तथा जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरियादियों के द्वारा 14 मामले प्रस्तुत किए गए। मौके पर 6 प्रकरणों का निस्तारण कर दिया गया है।

कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में मौजूद पुलिस तथा राजस्व अधिकारियों के समक्ष प्रमोद कुमार निवासी ग्राम मैनूपुर ने आराजी रकवा नंबर 223 पर विपक्षियों के द्वारा विवाद करने की शिकायत की। निर्मला पांडे निवासिनी काशीराम कॉलोनी ने पानी के निकास की समस्या को लेकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। अर्चना द्विवेदी निवासिनी शेखपुरा गुढ़ा ने विपक्षियों के द्वारा पुश्तैनी जमीन को लेकर विवाद करने की शिकायत की। बशीर खान निवासी मोहल्ला हैदरीपुरा ने जमीन संबंधी विवाद का मामला उठाया। सलमान

कोतवाली परिसर में लोगों की समस्याएं सुनते पुलिस अधिकारी।

निवासी सदर बाजार के द्वारा विपक्षियों के द्वारा पैसे के लेन-देन को लेकर विवाद करने की शिकायत की। बाबूराम निवासी ग्राम लोहार गांव ने विपक्षियों के द्वारा आम रास्ता खोदने की शिकायत की। पृथ्वीराज सिंह निवासी ग्राम महेवा ने गाटा संख्या 280 में लेकर विपक्षियों के द्वारा विवाद करने की शिकायत की। इस मौके पर जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक तथा कई लेखपालों के राजस्व ग्रामों नक्शे तलब किया तथा राजस्व संबंधी मामलों को गुणवत्ता पूर्वक तरीके से समाधान करने के लिए सख्त हिदायत दी। समाधान दिवस में एक महिला लेखपाल के अनुपस्थित होने पर उन्होंने कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल नगर पालिका के हादशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक, अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ, महमूदपुरा चौकी इंचार्ज संतोष कुमार शुक्ला, रामगंज चौकी इंचार्ज मोहित यादव,उपनिरीक्षक वसीम अहमद, राजस्व कानून को राम राजा राजपूत सदर लेखपाल जितेंद्र सिंह प्रमोद दुबे के अलावा राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

समय से व गुणवत्तापूर्ण हो शिकायतों का निस्तारण

जालौन। हर हाल में शिकायतों का निस्तारण समय से किया जाए यह निर्देश उप जिलाधिकारी ने सिरसा कलार थाना परिसर में आयोजित थाना दिवस पर उपस्थित सभी राजस्व कर्मियों के दिए । तो वहीं जालौन में कोतवाल वीरेंद्र पटेल की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ जिसमें मात्र तीन शिकायत दर्ज की गई एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। कुठौंद थाने में थाना समाधान दिवस तहसीलदार श्रीश मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें एक दर्जन शिकायते दर्ज की गईं तथा दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण भी किया गया। सिरसा कलार में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे उप जिलाधिकारी अतुल कुमार ने सभी राजस्व कर्मियों को निर्देशित करते हुए थाना दिवस पर आई शिकायतों का जल्द निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। इस मौके में आधा दर्जन शिकायत दर्ज की गई जिसमें एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया । कुठौंद थाने में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता तहसीलदार श्रीश मिश्रा ने करते हुए सभी राजस्व कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में हिला हवाली न बरतें । इस दौरान एक दर्जन शिकायत दर्ज की गई जिसमें दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया । जालौन कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता कोतवाल वीरेंद्र पटेल द्वारा की गई जिसमें मात्र तीन शिकायत दर्ज की गई जिसमें एक भी शिकायतों का निस्तारण नहीं हो सका।

डीएम और एसपी ने विश्राम गृह के कार्य का किया निरीक्षण

कालपी(जालौन)। जिलाधिकारी ने जिलाधिकारी कोष से 39 लाख रुपये की लागत से कराये जा रहे पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह कालपी के मरम्मतीकरण तथा सुंदरीकरण कार्यों का निरीक्षण करके कार्यदायी संस्था के इंजीनियरों को जल्द कार्य निपटाने के निर्देश दिए। विदित हो कि यमुना नदी के तट में चंदेल कालीन दुर्ग के समीप में विश्राम गृह बना हुआ है। कई सालों से विश्राम गृह की मरम्मत नहीं हुई थी। इसी को देखते हुए जिलाधिकारी कोष से 39 लाख रुपये से अधिक धनराशि से लोक निर्माण खंड तृतीय के इंजीनियरों की देखरेख में मरम्मतीकरण तथा सुंदरीकरण का कार्य कराया जा रहा है। शनिवार को जिलाधिकारी राजेश पांडेय तथा पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज रजा विश्राम गृह पहुंचे। उन्होंने हो रहे निर्माण कार्य की हकीकत को देखा। इस मौके पर उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल, पीडब्ल्यूडी खंड तृतीय के अधिषासी अभियंता महेंद्र सिंह, सहायक अभियंता वीके गौर, अवर अभियंता ब्रजेन्द्र सिंह संखवार, सौरभ जाटव मौजूद रहे। इंजीनियरों ने बताया कि विश्राम गृह के प्लास्टर को उखाड़कर मरम्मत तथा प्लास्टर किया जा रहा है। पानी, बिजली तथा सेमेट्री में नई फिटिंग के साथ-साथ सोफा सैट, पौधे, हरियाली आदि को लगाकर सुंदरीकरण किया जा रहा है।

ट्रांसफार्मर रखवाये जाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

अमृत विचार। शहर के चुर्खी रोड के मुहल्ला बघौरा के आधा दर्जन लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन भेंट करते हुए शराब ठेका के सामने भगवती सभासद के मकान के पास विद्युत ट्रांसफार्मर रखवाये जाने की मांग उठाई है।

शहर मुहल्ला बघौरा निवासी माताप्रसाद, प्रेमनारायण, भगवती प्रसाद यादव, नूर मुहम्मद, नरेन्द्र सिंह, रामप्रकाश आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि विगत 17 जून को ट्रांसफार्मर फुंक गया था, जिसके दो दिन बाद नया ट्रांसफार्मर रखा गया था जो अभी चालू हालत में है।

अधिशासी अभियंता द्वारा पुनः उसी स्थान पर पुराना ट्रांसफार्मर रखवाया जा रहा है। जबकि चालू हालत में ट्रांसफार्मर को उठाया

विद्युत की समस्या को लेकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देने जाते बघौरावासी।

ट्रांसफार्मर को सही कराने की मांग करते ग्रामीण।

- बघौरा वासियों ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को बताई समस्या

जा रहा है। जिससे मुहल्ले के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। उक्त लोगों का कहना है कि पुराना ट्रांसफार्मर फिर से फुंक जायेगा जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित होगी। उन्होंने मांग की है कि लोड बांटने के लिए दो ट्रांसफार्मर रखवाये जायें।

जर्जर तार बदलवाने व ट्रांसफार्मर लगवाने की उठाई मांग

जालौन। सिकरी राजा गांव के लोगों ने अधिशाषी अभियंता से मांग की है कि जर्जर लाइन बदलवाई जाये और ट्रांसफार्मर लगवाया जाये। ग्रामीणों द्वारा अधिशाषी अभियंता को दिए गए मांग पत्र में अवगत कराया है कि विद्युत लाइन के तार पुराने हो गए है जो आए दिन टूट कर गिर जाते है, जिससे तमाम तरह के हादसे हो जाते हैं और विद्युत आपूर्ति भी ठप हो जाती है जिससे लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। सिकरी राजा के ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता को एक ज्ञापन सौंपते हुए लाइन पुरानी लाइन बदले जाने तथा गांव में एक 100 के वी का ट्रांसफार्मर लगवाए जाने की मांग की है, सिकरी राजा ग्राम पंचायत के प्रधान आलोक वर्मा तथा संजीव सिंह, नितेश, अंशुल, रोहित मिश्रा ,बब्बू राजा ,सुमित, सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता महेंद्रनाथ भारती को एक ज्ञापन देते हुए बताया कि सिकरी राजा गांव सबसे बड़ा आबादी वाला गांव है जिसकी बिजली की लाइन खशीश पावर हाउस से आई है जो लाइन बहुत ही जर्जर हो गई है, जिससे आयेदिन तार टूटकर गिर जाते हैं जिससे बिजली गुल हो जाती है । ग्रामीणों ने गांव में एक 100 केवीए का ट्रांसफार्मर स्वीकृत कर तथा खसीश से सिकरी राजा तक की जर्जर लाइन बदलने की मांग की।

जिला उद्योग बंधु की बैठक 26 को

उरई (जालौन)। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र प्रभात यादव ने बताया कि जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 26 जून 2024 को अपराह्न 3:30 बजे विकास भवन उरई में आहूत की जानी है। अतः उद्यमी संघों के पदाधिकारियों तथा जनपद के उद्यमी बन्धुओं से अपील है कि (जिनकी उद्योग से सम्बन्धित कोई समस्या हो) कि समस्या तथा सुझाव सहित बैठक में शामिल हो तथा संबंधित अधिकारियो को विगत बैठक के निर्णयों के अनुपालन में की गई कार्यवाई प्रगति सहित बैठक में शामिल होने को कहा गया है। उद्यमियों ने भी समस्याओं का पुलिंदा बनाना शुरू कर दिया है।

सार-संक्षेप

छात्रवृत्ति की मांग को लेकर धरने पर बैठे छात्र। अमृत विचार

छात्रवृत्ति की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

उरई। कोंच के मथुरा प्रसाद महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने छात्रवृत्ति दिलाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया और धरने में बैठ गए और जमकर कालेज प्रशासन के विरोध में नारेबाजी की। शनिवार को कोंच कस्बे के मथुरा प्रसाद महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने धरना प्रदर्शन कियाऔर बताया कि सैकड़ों पात्र छात्र-छात्राओं को अभी तक छात्रवृत्ति नहीं मिल पा रही है, जब की विद्यालय तंत्र का कहना है की विद्यालय के द्वारा सभी पात्र छात्रों की छात्रवृत्ति की सूची जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय भेजी जा चुकी है, प्रसासनिक अड़ंगे बाजी से छात्रों को धनराशि उपलब्ध नहीं हो पा रही है। क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र को छात्र-छात्राओं ने ज्ञापन सौंपा, विधायक के छात्रवृत्ति दिलाने के आश्वासन पर छात्रों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया

विवाद के चलते पिता-पुत्र में हुई मारपीट

जालौन। पारिवारिक विवाद के चलते पिता और पुत्र में जमकर मारपीट हो गई। पिता ने बेटे के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है, पुलिस ने पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एदलपुर निवासी राम लखन पुत्र रामनारायण ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसके बेटे भूपेंद्र से पारिवारिक विवाद के चलते शुक्रवार को आपस में कहा सुनी हो रही थी। तभी भूपेंद्र गाली गलौज करने लगा जब उन्होंने गाली देने से मना किया तो वह मारपीट करने लगा । पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपी पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज किया।

जेसीबी मशीन समेत चार ट्रैक्टर सीज

बांदा। अवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कसते हुए मिट्टी लदे चार ट्रैक्टर व एक जेसीबी मशीन को सीज कर दिया। यह कार्रवाई पुलिस उपाधीक्षक बबेरू राजबीर सिंह ने की। पुलिस ने अवैध मिट्टी खनन में पकड़े गए सभी वाहनों को चौकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया। शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग जेसीबी की मदद से अवैध मिट्टी का खनन कर रहे हैं इस पर पुलिस ने छापा मार कार्रवाई करते हुए मौके पर चार मिट्टी भरे ट्रैक्टर और एक जेसीबी मशीन पकड़ ली। पुलिस अधिकारी की सूचना पर मौके पर तहसीलदार बबेरू भी आ गए। पकड़े गए सभी वाहनों को सीज करते हुए पुलिस चौकी ओरन के सुपुर्द कर दिया।

हाईवे पर पलटा डंपर, घंटों केबिन में फंसा रहा चालक

संवाददाता कालपी (जालौन)

अमृत विचार। बीती रात को कालपी-जोल्हूपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक डंपर सड़क के किनारे खाई में पलट गया। डंपर के केबिन में कई घंटे तक चालक का पांव फंसा रहने से वह तड़पता रहा। काफी मशक्कत के बाद निकालकर उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चालक संदीप यादव पुत्र चंद्रपाल यादव निवासी ग्राम ह्रदयपुर कानपुर तथा क्लीनर मोहन यादव पुत्र जयसिंह ग्राम हबादा बिधनू कानपुर लोड करने के लिए कानपुर से जोल्हूपुर मोड़ की ओर जा रहा था। रात करीब 8 बजे चौरासी गुम्बद के

- जेसीबी मशीन से डंपर को सीधा कर, चालक को निकाला

आगे हाईवे के किनारे अनियंत्रित होकर डंपर खाई में पलट गया। इस दुर्घटना में चालक संदीप यादव का पैर डंपर के केबिन में फंसे होने के कारण वह बाहर नहीं निकल पाया तथा दर्द से करहाने लगा। डंपर पलटने की सूचना पर पुलिस तथा राहगीर इक्कट्ठा हो गए। मौके पर क्रेन तथा जेसीबी मशीन से डंपर को सीधा करके फंसे चालक को बाहर निकाला गया। संदीप तथा मोहन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्रारम्भिक उपचार के बाद दोनों को मेडिकल कालेज उरई के लिए रिफर कर दिया गया।

लोगों को बताया योग का महत्व

उरई (जालौन)। डकोर विकासखंड के कार्यालय कैंपस में योग दिवस पर योग की शुरुआत धनवंतरी वेद की पूजा अर्चना से हुई। खंड विकास अधिकारी डकोर बृज किशोर कुशवाहा सहायक विकास अधिकारी पंचायत बलवीर सिंह सेंगर एवं सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण सिकंदर सिंह मनोज कुमार प्रधान सहायक खंड विकास डकोर राजीव मोहन लेखागार धनपत राजपूत वरिष्ठ सहायक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सक राम सिंह यादव वह उनकी समस्त स्टाफ तथा शिविर में शामिल सैकड़ों ग्राम वासियों को योग शिक्षक जगमोहन बादाम सिंह अवधेश कुमार तनु यादव ने योग करवाया।

बीडीओ के सामने ही भिड़ गये शिकायतकर्ता व प्रधान समर्थक

कार्यालय संवाददाता उरई

अमृत विचार। जांच करने गए बीडीओ के सामने ही शिकायत कर्ता और प्रधान गुट के लोग भिड़ गये दोनों पक्षों में हुई मारपीट।

डकोर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम बरहा में कराए जा रहे ग्राम पंचायत के कार्यो में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायतों की जांच के लिए डीएम ने निर्देश दिए थे। मामले की जांच करने ग्राम बरहा पहुंचे डकोर खंड विकास अधिकारी बृजकिशोर कुशवाहा पर शिकायत कर्ताओं ने मामले को रफा दफा करने का आरोप लगाते हुए बीडीओ के इशारे पर प्रधान पक्ष के लोगो द्वारा मारपीट

- शिकायतकर्ता ग्रामीणों ने की किसी उच्च अधिकारी से जांच कराने की मांग

करने का आरोप लगाया गया है । डकोर क्षेत्र के ग्राम बरहा निवासी जितेंद्र कुमार ने 01 जून 2024 को जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया था कि ग्राम पंचायत में मनरेगा के कार्य मशीनों से कराए जा रहे हैं और अपने चहेतों के जॉब कार्ड धारकों की फर्जी तरीके से हाजिरी भरकर जॉब कार्ड धारकों की कार्य स्थल पर अलग अलग दिवसों में एक ही फोटो अपलोड कराई जा रही है। मामले में डीएम ने डकोर बीडीओ बृजकिशोर कुशवाहा को मामले की जांच सौंपी। आज ग्राम बरहा पहुंचे बीडीओ ने शिकायत कर्ता को भी मौके पर बुलाया। इस दौरान जब शिकायत कर्ता ने फर्जी कार्य में लगे जॉब कार्ड धारकों के साथ ही जॉब कार्ड मंगवाने की बात कही तो बीडीओ भड़क गए। बीडीओ से जब अलग अलग मानव दिवसों में एक ही स्थिति की श्रमिकों की अपलोड फोटो लगे होने की जांच करने के लिए कहा तो बीडीओ ने चुप्पी साध ली। कुछ ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने की कोशिश की है तो प्रधान के गुर्गों ने मारपीट कर दी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सूचित हो कि मेरे पुत्र रविन्द्र कुमार का चाल चलन ठीक नहीं है जिससे आहत होकर मैं अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है। **–महेश सिंह पुत्र उजागर सिंह वीरपुर, सौरिख, कन्नौज**

सूचना
सूचित हो कि मैं **रीना सिंह पत्नी स्व0 संदीप सिंह, निवासिनी–692ख/91, नेपालगंज, तेलीबाग, लखनऊ** मेरा नाम विवाह से पूर्व हाईस्कूल प्रमाण पत्र में कु0 रीना कुमारी था लेकिन विवाह के पश्चात मेरा नाम रीना सिंह हो गया है। मेरे पति का स्वर्गवास दिनांक 10.01.2023 को हो गया। यह कि कु0 रीना कुमारी व रीना सिंह यह दोनों ही नाम मेरे है। इस नाम की कोई अन्य महिला नहीं है।

सूचना
सूचित हो कि मेरे पालिसी संख्या 214355856 में मेरा नाम केन्द्र प्रसाद वर्मा व आधार तथा पासबुक में **सतगुरु प्रसाद पुत्र नान्हे वर्मा निवासी गुरवा, भरथा कलां पोस्ट शंकरपुर, थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती** है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है किसी को आपत्ति हो तो भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा नानपारा में 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मैं शिवकुमार पुत्र रघुबर दयाल निवासी मोहल्ला माकूम कुआँ अशराफ टोला कस्बा व तहसील सण्डीला जिला हरदोई का हूँ। मेरा सगा पुत्र अनूप व पुत्रवधु नीलम को उनके गलत चाल चलन के कारण उनसे संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल –अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं. भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्य व लेन देन के वह स्वयं जिम्मेदार होगे उनसे व उसके परिवार का उन दोनों से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा **।–शिवकुमार पुत्र रघुबर दयाल, निवासी– मोहल्ला माकूम कुआँ अशराफ टोला थाना व तहसील संडीला (हरदोई)**

सूचना
सूचित हो कि मैं **श्रीमती कमलेश पत्नी स्व0 मुन्ना कश्यप, निवासिनी–फैजुल्लागंज, निकट–सीताराम मन्दिर, थाना–मडियावाँ, लखनऊ, मो0– 7007357077** मैने अपनी पालित पुत्री याशिका के द्वारा परिवार के साथ दुव्यहार एवं गलत आचरण करने के कारण मैं अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूँ। याशिका के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मैं अथवा मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **मधुकर सिन्हा पुत्र श्री कृष्ण मोहन सिन्हा, निवासी–एस–358, शक्ति नगर, इन्दिरा नगर, लखनऊ, उ0प्र0** का भवन संख्या–17/89एवं 17/144, सेक्टर–17, इन्दिरा नगर, लखनऊ का मूल्य विकय विलेख वास्तव में कहीं खो गया है। यदि कोई अन्य व्यक्ति उक्त मूल विकय विलेख का दुरूपयोग करता है, तो वह अवैध माना जायेगा ।

सूचना
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक नं.–5188932 वर्ष 2013 है और इंटरमीडिएट का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक नं. 2377370 वर्ष 2016 है और बी. एस. सी. का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक नं.18308158975 वर्ष 2020 है। वास्तव में कही खो गई है। जिसका प्रयोग अवैध माना जायेगा। **–अजीत यादव पुत्र विजयलाल यादव निवासी चौकी टेहवा, पोस्ट तरवा जिला आजमगढ़। पिन कोड –276123, मो0– 9161896046**

आयोजन

साहित्य संस्था कलमकार के प्रथम स्थापना दिवस पर भव्य कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन हुआ

जब लगा सब कुछ ठीक हो गया, तभी एक पर्चा लीक हो गया . . .

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

अमृत विचार। साहित्य संस्था कलमकार के प्रथम स्थापना दिवस पर भव्य कवि सम्मेलन मुशायरे का आयोजन किया गया, जिसमें आये हुए अतिथियों एवं साहित्यकारों का संस्था की अध्यक्ष प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम प्रगति श्रीवास्तव ने स्वागत करते हुए सम्मान किया।

वरिष्ठ साहित्यकार रसखान नासिर अली नदीम साहब की अध्यक्षता में अमरेंद्र पोतस्यायन, कृपाशंकर, बच्चू महाराज, वरिष्ठ साहित्यकार अनिल शर्मा ,एके श्रीवास्तव के आतिथ्य में प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम ने की सरस्वती वंदना की। संचालन कर रहे साहित्यसभा के संयोजक शफीकुर्रहमान कशफी ने दानिश को पढ़ने के लिये बुलाया। उन्होंने पढ़ा,जो दिल तेरे गम से मुनव्वर न

आये हुए अतिथि को प्रतीक चिह्न देते आयोजक। अमृत विचार

होता, मैं कुछ और होता सुख़नवर न होता, इसके बाद सौमित्र त्रिपाठी ने पढ़ा,जब लगा कि सब कुछ ठीक हो गया, तभी एक और पर्चा लीक हो गया, प्रगति मिश्रा ने पढ़ा, क़लमकार सच्चा वही करे सुखद संचार, विनय शीलता नम्रता वाणी में हो प्यार, दिव्यांशु दिव्य ने पढ़ा, हर संकट के हर पथ पर हम डटे रहेंगे, सत्ता को राह दिखाते क़लमकार हैं हम, शायर फ़हीम बसौदवी ने पढ़ा,हो गया गजब कितना उनके मुस्कुराने में, हो गए बहुत बदनाम रोज़ आने जाने में, फ़राज़ ने पढ़ा, शरीफ आदमी से ज़माना है लेकिन, शरीफ आदमी का ज़माना नहीं है, कवियत्री इंदु विवेक ने पढ़ा, लिखा उसने गजल में नाम मेरा,मगर हमसे छिपाया जा रहा है, शिरोमणि सोनी ने पढ़ा, प्रेम की बात समझते हो क्या प्रेम का सार समझते हो, दिल जिसे देखना चाहे क्या नैन की धार समझते हो,कवियत्री शिखा गर्ग ने पढ़ा, काट जंगल बनाये मनुज ने भवन,बढ़ रही ग्रीष्म में कुछ इसी से तपन, अनुज भदौरिया ने पढ़ा कलमकार ने रच दिया कलमकार का रूप।

पुष्पेंद्र पुष्प ने पढ़ा वही रंगत वही तस्वीर मेरी,बदलती ही नहीं तासीर मेरी, डॉक्टर रेनू चन्द्र ने पढ़ा, दुआ मांगें चलो सच्चे ह्रदय से, सभी को हो मयस्सर खिलखिलाहट, कार्यक्रम की आयोजिका कलमकार संस्था की अध्यक्ष प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम ने पढ़ा, दिखता सबको नूर हमारी आंखों में, तेरी जो तस्वीर उतारी आंखों में, सिद्धार्थ त्रिपाठी ने पढ़ा, झूठ की बुनियाद पर विश्वास की दीवार है,बन गई तो बन गई अब इसे गिराओ न,संचालन कर रहे शफीकुर्रहमान ने पढ़ा,उरूज पाएं जो मजलूम की तबाही से,तो हम फकीर भले ऐसी बादशाही से। असरार अहमद मुक़री ने पढ़ा,गंगा की शुद्धता को जाने न दीजिए, इसमें अशुध्द लोगों को आने न दीजिए। इस दौरान अनवार साहब,नईम ज़िया,महेश प्रजापति,परवेज़ अख्तर, रामशंकर गौर जावेद क़सीम,शिवम सोनी,फरीद अली बशर,ब्रह्मप्रकाश अवस्थी,विवेक राय,ने भी काव्यपाठ किया।

इस दौरान प्रगति श्रीवास्तव,सुरेश वर्मा,ताहिर अंसारी ने सभी साहित्यकारों माल्यार्पण कर स्वागत किया अंत में प्रिया श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों और वहां मौजूद सभी साहित्यकारों और सुधि श्रोताओं का सफल कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया और कहा आगे भी ऐसे कार्यक्रम होंगे।

पुलिस ने पांच युवकों का शांति भंग में किया चालान

जालौन। पुलिस ने अलग-अलग-जगह स्थानों से अशांति फैला रहे पांच युवकों का शांति भंग में चालान किया।

एसआई रमेश ने नगर के चूरखी वाल से नंदकिशोर को मोहल्ले के ही युवक अनुज के साथ मारपीट करने के आरोप में, मोहम्मद समीर को शाहरुख के साथ मारपीट करने के आरोप में व एसआई जय किशन ने अशोक को विवेक पाल के साथ मारपीट करने तथा चौकी इंचार्ज दामोदर सिंह ने सोहेल को मोहल्ले में शराब पीकर उत्पात मचाने के आरोप में, तथा एस आई गोविंद ने प्रेम नारायण पुत्र जगत निवासी भेंड को अपने सास ससुर के साथ गाली गलौज तथा मारपीट करने के आरोप में पकड़कर मामला दर्ज कर शांति भंग में चालान किया।

परिषदीय स्कूलों में बच्चों का रोली टीका से किया जाएगा स्वागत

रंगोली, झंडी व गुब्बारों से सजाए जाएंगे स्कूल, 28 जून को होगा स्कूलों में विशेष कार्यक्रम

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। परिषदीय विद्यालयों में 24 जून को गर्मी की छुट्टियां खत्म हो रही हैं। 28 जून से विधिवत बच्चे स्कूल पहुंचेंगे। स्कूलों में बच्चों का स्वागत बेहद खास अंदाज में होगा। रोली-टीका से बच्चों का स्वागत होगा तो स्कूलों को रंगोली, झंडी, गुब्बारों से सजाया जाएगा। इस दिन मिड-डे मील में हलवा और खीर बनेगी।

परिषदीय विद्यालयों का ग्रीष्मकालीन अवकाश 18 जून को समाप्त हो रहा था, लेकिन भीषण गर्मी और धूप की तपिश को देखते हुए परिषदीय स्कूलों का ग्रीष्मकालीन अवकाश एक सप्ताह आगे बढ़ाकर 24 जून तक कर दिया गया था। 25 जून से शिक्षक और कर्मचारी स्कूल पहुंचेगे। शिक्षक स्कूलों को खोलकर क्लास रूम, लाइब्रेरी की साफ-सफाई, पानी की टंकी, रसोई और शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त कराएंगे। 28 जून से बच्चे भी स्कूल पहुंचेंगे।

अब बेसिक शिक्षा विभाग ने स्कूल खुलने से लेकर बच्चों के स्वागत की अभी से तैयारियां शुरू करा दी गई है। शिक्षा विभाग का मकसद है कि इससे बच्चों में स्कूल आने की ललक बढ़ेगी और बच्चों की स्कूल में उपस्थिति भी ठीक रहेगी।

इसी को देखते हुए अब छुट्टियों के बाद स्कूल खुलने पर स्कूल सजाने और बच्चों का खास अंदाज में स्वागत करने की तैयारी है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी पंकज यादव ने बताया कि पहले दिन स्कूलों में रंगोली, झंडी और गुब्बारे लगाए जाएंगे। बच्चों का स्वागत भी किया जाएगा।

परिषदीय विद्यालय। अमृत विचार

दो दिन चलेगा समर कैंप

परिषदीय स्कूलों में 28 जून से बच्चों का आगमन शुरू हो रहा है। 28 और 29 जून को सभी विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने वाली गतिविधियों का आयोजन होगा। अभिभावकों को भी बुलाने के आदेश हैं। इन दो दिन विद्यालय का समय सुबह 7:30 से 10 बजे तक रहेगा। वहीं, 1 जुलाई से विद्यालय सुबह 7:30 से 1:30 बजे तक रहेगा।

प्रवेश में बच्चों को तीन महीने की छूट

अब परिषदीय और निजी स्कूलों में कक्षा 1 में उन बच्चों को भी प्रवेश मिल सकेगा जो 31 जुलाई को 6 साल की आयु पूरी करने जा रहे हैं। अभी तक 1 अप्रैल तक 6 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले बच्चों को कक्षा 1 में प्रवेश दिया जाता था। फिलहाल, बेसिक शिक्षा विभाग ने समस्त बोर्ड के स्कूलों को छूट देकर बड़ी राहत दी है। यह छूट वर्तमान शैक्षिक सत्र के लिए मान्य रहेगी। अगले सत्र में 1 अप्रैल को ही 6 साल की उम्र पूरी करने वाले बच्चों को कक्षा एक में प्रवेश दिया जाएगा।

सड़क हादसे में भट्ठा मजदूर की मौत

फतेहपुर। जहानाबाद कस्बा चौराहे से भट्ठा जा रहे मजदूर को रात में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर परिजनों को घटना की जानकारी दी है।

प्रतापगढ़ जिला कुंडा थाना क्षेत्र के शेख आसिफपुर गांव निवासी राजेश गौतम (45) जहानाबाद थाने के कापिल मार्ग स्थित एक ईंट भट्टे में मजदूरी करता था। वह रात में पैदल किसी काम से रोटी चौराहे गया था। लौटते समय नरैनी मोड़ के पास किसी वाहन ने टक्कर मार दी।

हादसे में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया और सूचना पर जब तक एंबुलेंस पहुंचती उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव की फोटो सोशल मीडिया पर प्रसारित की। भट्ठा मालिक शुभम ने शव की पहचान की। थानाध्यक्ष अनुरुद्ध कुमार द्विवेदी ने बताया कि वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

स्कूली वैन की टक्कर से बाइक सवार महिला की चली गई जान

संवाददाता असोथर

- एक बाइक चालक हुआ गंभीर घायल
- परिजनों की तहरीर पर वैन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार। एक स्कूल की वैन को लापरवाही पूर्ण ढंग से चलाते हुए चालक ने दो बाइकों को टक्कर मार दी, जिसके चलते एक बाइक सवार घायल हो गया वहीं दूसरी घटना में घायल महिला की मौके पर ही मौत हो गई। भीषण गर्मी के चलते निर्देश हैं कि सभी प्राथमिक व जूनियर स्कूल 24 जून तक बंद रहेंगे लेकिन असोथर थाना के बेसड़ी गांव में एक प्राइवेट स्कूल मनमानी करते हुए चला रहा है।

रुखसाना

क्षेत्र के बेसड़ी गांव स्थित स्कूल का संचालक श्रवण कुमार तिवारी स्वयं वैन में बच्चों को बैठाकर निकला था। तभी गांव के ही छोटेलाल के दरवाजे में खड़े दीपू पुत्र जगतपाल को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद जैसे ही वैन आगे निकली वहीं दूध डेयरी में दूध देकर बाइक से वापस घर लौट रही गांव की रुखसाना पत्नी सफीक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद मौके से वैन चालक फरार हो गया। हादसे की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। बताया कि घायल युवक का इलाज चल रहा है। मृतक महिला के पिता मुंशा खां ने थाने में पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामला संज्ञान में लेकर वैन चालक व स्कूल संचालक श्रवण कुमार उर्फ राजू तिवारी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

घटनास्थल पर रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

सपा कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका

संवाददाता फतेहपुर

- नीट परीक्षा रद कराने की उठाई मांग
- सपा कार्यकर्ताओं व पुलिस से हुई नोकझोंक

अमृत विचार। सपा छात्र सभा के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में और परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री का पुतला फूंकने की कोशिश की। इसको लेकर पुलिस से नोकझोंक हो गई। इस बीच पुतले में आग लगने के बाद पुलिस आग बुझाने में जुटी रही।

शहर क्षेत्र के सदर अस्पताल चौराहा के पास पहुंचे सपा छात्र सभा के जिलाध्यक्ष सुशील यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा में हुई धांधली के विरोध और परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस के सामने शिक्षा मंत्री का पुतला फूंकने को लेकर नोकझोंक हो गई। पुलिस के पुतला फूंकने से रोकने पर सड़क पर ही कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। पुलिस को चकमा देकर छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री के पुतले में आग लगा दी, जिसके बाद पुलिस डंडे से आग बुझाने में लगी रही। सपा छात्र सभा के जिलाध्यक्ष सुशील यादव ने कहा कि जिस तरह से नीट परीक्षा में कुछ अभ्यर्थियों का नम्बर सबसे ज्यादा आया और जो पढ़ने वाले थे वह फेल हो गए। उससे साफ है कि परीक्षा में धांधली हुई है। हमारी मांग है कि नीट परीक्षा को रद किया जाए। अगर ऐसा नही होता है तो सपा छात्र सभा के कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। इस मौके पर लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष आजम खान, अनुल खान, आशीष मौर्य, अमित मौर्य आदि मौजूद रहे।

सपाइयों के हाथ से जलता पुतला छीनती पुलिस। अमृत विचार

हरे पेड़ काटने पर 5 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

संवाददाता औंग

- पेड़ काटने वालों के खिलाफ सक्रिय हुआ वन विभाग

अमृत विचार। वन विभाग ने हरे पेड़ की कटान पर रोकथाम लगाने के उद्देश्य से अपने अधिकारियों को सक्रिय कर दिया है। जिसके तहत एक सप्ताह के अन्दर दो थाना क्षेत्रों में ताबड़तोड़ 3 मामले पुलिस ने दर्ज किए हैं, जिसमें 5 को आरोपी बनाया गया है।

औंग थाना क्षेत्र के रसूलपुर पधारा में हरे वृक्षों की अवैध कटान का मामला प्रकाश में आते ही बिन्दकी के वन दरोगा रवीन्द्र कुमार हमराही महेन्द्र प्रताप सोनकर के साथ घटनास्थल पर जा पहुंचे। जहां पर एक महुआ तथा एक नीम का हरा वृक्ष जमीन पर गिरा पड़ा मिला। जब वन दरोगा ने ग्रामीणों से पूछताछ की तो पता चला कि दोनों हरे पेड़ों को गांव के हरिभान सिंह पुत्र जयराम सिंह ने जेसीबी से गिराया है। वन दरोगा ने थाना औंग में उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसी तरह कल्यानपुर के पालीखेड़ा मौहार में प्राइमरी विद्यालय के पास आम का हरा वृक्ष काट डाला गया। मामले की रिपोर्ट वन दरोगा बिन्दकी रेंज विवेक कुमार ने बलवान सिंह पुत्र हीरालाल निवासी पालीखेड़ा व अरविन्द कुमार गुप्ता पुत्र स्व सूरज प्रसाद निवासी करनपुर के नाम दर्ज कराई है। मुरादीपुर में आम के चार हरे वृक्ष काटे गए और लकड़ी भी मौके से गायब कर दी गई लेकिन ठूंठ मौजूद मिले। इसमें भी वन दरोगा विवेक कुमार ने रमाकांत पुत्र स्व. रहिमाल निवासी मुरादीपुर और अरविन्द कुमार गुप्ता (करनपुर) के नाम रिपोर्ट दर्ज कराई है।

21 दिन बाद अज्ञात पर मिट्टी के अवैध खनन की रिपोर्ट दर्ज

औंग। कल्यानपुर स्थित साई के राजस्व ग्राम हरसिंहपुर में सरकारी जमीन में पिछले माह 28 मई की रात मिट्टी का अवैध खनन हुआ था। इसमें ट्रैक्टर ट्राली व जेसीबी का प्रयोग होना बताया जाता है। लेखपाल ने 9 दिन बाद 7 जून को अज्ञात व्यक्ति के नाम खनन सम्बंधी रिपोर्ट तैयार की।

इसमें मात्र पांच बिसुआ जमीन पर सिर्फ एक मीटर गहरे खनन की बात कही। एसडीएम बिन्दकी ने इसी तिथि को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। इसमें भी लेखपाल को रिपोर्ट दर्ज कराने में इतने दिन लग गए। मिट्टी खनन की आख्या रिपोर्ट से लेकर एफआईआर तक में क्षेत्रीय लेखपाल की भूमिका संदेह के घेरे में है। लेखपाल की तैनाती इसी गांव में है और खनन करने वाला जेसीबी से खनन कर रहा है।

सार-संक्षेप

अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा, चालक घायल

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के काशीदासपुर टिकरी गांव निवासी ललित विश्वकर्मा व अमित विश्वकर्मा शनिवार सुबह पड़ोसी गांव कृपालपुर में धान कूटने गये थे। दोपहर में वह वापस गांव लौट रहे थे तभी गांव के बाहर भादर रोड पर स्टेरिंग फेल हो गई, जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क की पटरी के गढ़ढ़े में ट्रैक्टर पलट गया। हादसे में चालक ललित व अमित दब गये। तभी राहगीरों ने देखा तो आनन-फानन गांव से जेसीबी मंगाकर चालक व अमित को बाहर निकाला। बता दें कि ललित को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर। असोथर पुलिस ने फुटही का डेरा मजरे सरकंडी निवासी सम्पत पुत्र खेमराज के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। शनिवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर। थरियांव पुलिस ने ललौली थाना क्षेत्र के सिधांव गांव निवासी अमर पुत्र रामआसरे रैदास के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। शनिवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

दो मामलों में हुआ समझौता

फतेहपुर। पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों में काउंसलिंग की कार्यवाही में शनिवार को प्रभारी निरीक्षक संगीत सिंह, उप निरीक्षक मंजीता यादव व काउंसलर कविता रस्तोगी, सुनीता गुप्ता द्वारा दो मामलों में समझौता कराया गया। इस मौके पर हेड कांस्टेबल उमेश कुमार सिंह, महिला आरक्षी ममता शर्मा, यशस्वी शर्मा और रिंकी मौजूद रही।

सर्पदंश से महिला की हालत बिगड़ी

बिन्दकी। थाना क्षेत्र के कंसमीरी गांव निवासी संगीता देवी वर्ष पत्नी शिव कुमार अपने घर में काम कर रही थी। तभी काम करते समय जहरीले सर्प ने महिला को काट लिया। महिला के शोर मचाने पर हुई जानकारी के बाद परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

छत से गिरकर महिला घायल

फतेहपुर। हथगाम गौरी गांव निवासी सुखराम की पत्नी सुखिया खाना खाकर रात छत पर सोने चली गई। रात में लघुशंका करने के लिए उठी तभी नींद के झोके में नीचे गिरकर वह घायल हो गई। परिजनों ने उसे एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

पेंशन के लिए अपडेट कराएं केवाईसी

फतेहपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि आमजनमानस को सूचित करते हुए बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों की वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही (अप्रैल, मई, जून 2024) का भुगतान आधार बेस पेमेन्ट किये जाने के निर्देश निदेशालय महिला कल्याण विभाग से मिला है। कहा कि पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे समस्त लाभार्थी जिनका बैंक खातों में आधार लिंक (केवाईसी) अपडेट नहीं है, वह अपनी सम्बन्धित बैंक शाखा में जाकर आधार केवाईसी व डीबीटी करा लें।

सीएससी संचालक से लूट का फरार मास्टरमाइंड गिरफ्तार

संवाददाता फतेहपुर

- 27 मई को सीएससी संचालक के साथ हुई थी घटना

अमृत विचार। थरियांव थाना क्षेत्र के बरियापुर के पास 27 मई को ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से लूट में फरार मास्टरमाइंड को पिता समेत पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

थरियांव थाने के औरेई निवासी अतुल कुमार असोथर थाने के सातो धरमपुर गांव में ग्राहक सेवा केंद्र (सीएससी) का संचालन करता है। वह 27 मई को थरियांव बैंक से दो लाख 60 हजार रुपये लेकर सीएससी जा रहा था। उसके साथ बदमाशों ने लूट की थी। थरियांव पुलिस ने असोथर थाने के जानिकपुर के विनोद पासवान, टीकर के अनिल कुमार, सबी पासवान व एक नाबालिग को पकड़ा था। मामले में फरार टीकर गांव के मास्टरमाइंड अभिषेक उर्फ मोनू व उसके पिता हीरालाल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से लूट के 34 हजार रुपये, एक तमंचा बरामद किया है। उसके पिता हीरालाल से एक किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया है। थानाध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह ने आरोपी के पिता को संरक्षक बताया है।

पिटाई से किशोर की आंख में गंभीर चोट

औंग। जाफरगंज थाना क्षेत्र के फिरोजपुर निवासी धर्मपाल का पुत्र रौनित (16) सप्ताह भर पूर्व गांव के पास बने अपने निजी नलकूप पर बैठा था। जहां पर चार लोग आए और अकारण उसे बड़ी बेरहमी से मारापीटा, जिससे वह बेहोश होकर वहीं पर गिर पड़ा।

होश आने पर उसने अपने आप को लहुलुहान पाया। लड़के के पिता ने अंकित कुमार पुत्र गयाप्रसाद निवासी भेलगांव थाना बकेवर, अभयप्रताप निवासी बकियापुर थाना चांदपुर, गया प्रसाद और एक अज्ञात के नाम रिपोर्ट दर्ज कराई है। बेटे का इलाज कानपुर में चल रहा है।

सड़क पर पड़ा पेड़, हादसे को दावत

संवाददाता जाफरगंज

- वन विभाग की अनदेखी से परेशान हो रहे राहगीर
- जाफरगंज के इटरा मोड़ के पास का मामला

अमृत विचार। बुधवार शाम आए तूफान के चलते जोनिहा अमौली मार्ग पर इटरा मोड़ के पास एक विशालकाय पेड़ सड़क पर गिर गया। इस कारण क्षेत्रीय लोगों ने कभी भी दुर्घटना होने की आशंका पर वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर भी वन विभाग के जिम्मेदारों ने कोई कार्रवाई नहीं की।

जाफरगंज थाना क्षेत्र के इटरा मोड़ के पास काफी समय से बंद पड़े अपना पेट्रोल पंप के बगल में तूफान आने से पेड़ उखड़ कर सडक पर गिर गया था। पेड़ विद्युत् तार के ऊपर गिरने से विद्युत पोल भी क्षति ग्रस्त हुआ था। क्षेत्रीय लोगों की सूचना पर भी वन विभाग ने मामले को संज्ञान में नहीं लिया। हताश होकर लोगों ने थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह को जानकारी दी। जानकारी होने पर प्रभारी निरीक्षक ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल लकड़ हारों की व्यवस्था कर पेड़ को हटवा कर लकड़ी वही साइड पर जमा करवा दी। कभी भी अप्रिय घटना होने की बात कही।

जोनिहा-अमौली मार्ग पर पड़ा पेड़। अमृत विचार

मौसम की मार बिजली की आवाजाही कर रही परेशान, छत पर टहलकर गुजारनी पड़ रही रात

लू के बाद उमस भरी गर्मी ने किया बेहाल

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। दो दिन पूर्व आई तेज आंधी और हुई बूंदाबांदी से मौसम का मिजाज बदल गया है। उमस भरी गर्मी से लोग पसीने से तरबतर हो रहे हैं। पंखे, कूलर के सामने बैठने के बाद भी पसीना निकलना बंद नहीं होता। ऐसे में लोग मानसून आने का इंतजार कर रहे हैं ताकि अच्छी बारिश हो और उमस से कुछ रहात मिल सके। शनिवार को भी दिनभर भारी रही।

पिछले तीन दिनों से मौसम का मिजाज बदल रहा है। लू का दंश झेलने के बाद बारिश से मामूली राहत मिली तो उमस भरी गर्मी ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। शहर के चौफेरवा निवासी श्याम दास ने बताया कि वह अपने मरीज को उल्टी-दस्त की शिकायत होने पर अस्पताल में उपचार के लिए लाए जहां पर्चा के लिए लाइन में लगने के बाद डॉक्टर को दिखाने के लिए इंतजार करना पड़ा। मौसम से बीमारियों की दस्तक के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप सक्रिय हो गए हैं।

गमछे से मुंह ढक कर जाते स्कूटी सवार। अमृत विचार

नेत्र चिकित्सक की ओपीडी के बाहर लगी भीड़। अमृत विचार

बिजली कटौती ने किया परेशान

उमस भरी गर्मी के बीच बिजली की कटौती ने रातों की नींद उड़ा दी है। उपभोक्ताओं ने विभाग पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। घंटों बिजली गुल होने से इनवर्टर भी जबाव दे देते हैं। रात में लोग लाइट के इंतजार में घरों की छतों पर टहलते रहते हैं। दिन में भी कई बार बिजली गुल होने से परेशानी हो रही है।

धूप और धूल से आंखों का करें बचाव

फतेहपुर। उमस भरी गर्मी में लापरवाही से आंखों में जलन सहित अन्य समस्याएं हो सकती हैं। घर से बाहर निकलतें समय धूप से बचाव के लिए काला चश्मे का प्रयोग करें। आंखों को ठंडे पानी से बार-बार साफ करें। जिला अस्पताल में नेत्र चिकित्सक डॉ. आदर्श ने गर्मी के मौसम में आंख की देखभाल को लेकर महत्वपूर्ण टिप्स दिए हैं। कहा कि आंख शरीर का नाजुक अंग है। गर्मी के मौसम में आंख में जलन, आंख का लाल होना, आंसू आना सहित अन्य समस्याएं हो सकती हैं। धूल और धूप से आंखों का बचाव करें। बच्चों से लेकर उम्र दराज लोगों को आंखों की देखभाल करना जरुरी है। सूरज की तेज किरणें आंख की टिश्यू को नुकसान पहुंचा सकती हैं। देखभाल में लापरवाही से इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। समय- समय पर आंखों की देखभाल करने के लिए डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

अलग-अलग हादसों में 8 लोग हुए घायल

संवाददाता फतेहपुर

- महानंदा एक्सप्रेस की चपेट में आया वेंडर

अमृत विचार। राधानगर थाना क्षेत्र के सथरियांव निवासी गोपाल का पुत्र सुशील कुमार रेलवे स्टेशन में वेंडर है। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह महानंदा एक्सप्रेस आने पर वह बोगी में चढ़कर समोसा बेंच रहा था। ट्रेन चलने पर जब वह शादीपुर नाका पर उतरने लगा तभी उसका पैर फिसल गया और ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। तत्काल उसे सरकारी एंबुलेंस जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां से डाक्टर ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

इसी तरह मलवां थाना क्षेत्र के झाड़ीरामपुर मजरे चक्की गांव निवासी गुलाब का पुत्र वेद प्रकाश, रामपाल का पुत्र जितेंद्र व सुखराज का पुत्र रामकुमार व एक अन्य व्यक्ति जो चौडगरा स्थित पैनम फैक्ट्री में सरिया लोडिंग का काम करता हैं, सुबह चार बजे ड्यूटी समाप्त होने पर चारों फैक्ट्री से एक किलोमीटर दूर हाईवे किनारे वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात ट्रक ने चारों को टक्कर मार दिया। जिससे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया है। वहीं मलवां कस्बा निवासी देवरती पत्नी स्व. सज्जन, ई-रिक्शा चालक उत्तम द्विवेदी पुत्र रामस्वरूप द्विवेदी के ई-रिक्शा में बैठकर बड़नपुर से शहर आ रहे थे। जैसे ही ई-रिक्शा राधानगर चैराहा के पास पहुंचा तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रहे डंफर ने टक्कर मार दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी तरह शहर क्षेत्र के गढ़ीवा वर्मा तिराहा निवासी श्याम पाल का पुत्र मान सिंह शनिवार सुबह बाइक से किसी काम से जा रहा था। जब वह लोधीगंज के पास पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

35 मेधावियों को मिलेंगे एक-एक लाख रुपये

हाईस्कूल की अंशू व इंटर के छात्र अनिकेत लखनऊ में होंगे सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। यूपी बोर्ड यानि माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा अच्छे अंको से पास करने वाले 35 मेधावियों को एक-एक लाख रुपये दिया जाएगा। इसमें हाईस्कूल उत्तीर्ण अंशू की प्रदेश में पांचवीं और इंटरमीडिएट के अनिकेत शर्मा की चौथी रैंक आई है। दोनों ही छात्रों ने अपनी-अपनी कक्षा में सर्वाधिक अंक लाकर जनपद टॉप भी किया है इस वजह से इनको लखनऊ में सम्मानित किया जाएगा।

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि प्रयागराज बोर्ड ने मेधावियों के लिए कुल 35 लाख रुपये का बजट निर्धारित किया है। यह 35 छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में भेजा जाएगा। सभी को एक-एक लाख रुपये मिलेंगे। उन्होंने बताया कि जिले के 14 माध्यमिक स्कूलों को पत्र भेजकर सूची का सत्यापन करा लिया गया है। पूरी रिपोर्ट शुक्रवार को बोर्ड भेज दी गई है। डीआईओएस का कहना है कि सभी मेधावियों के लिए आमंत्रण भेज दिया गया है। हालांकि अभी यह तय नहीं हो सका है कि लखनऊ व जनपद स्तर पर कार्यक्रम कब होंगे। बताया गया है कि 35 में से 33 छात्र-छात्राओं को जिलेस्तर पर ही सम्मानित किया जाएगा।

यूपी बोर्ड

- यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 की मेरिट में आए छात्र-छात्राओं को भेजा गया आमंत्रण

हाईस्कूल के इन मेधावियों को मिलेगा सम्मान में धन

- हाईस्कूल पास अंशू, कंचन राजपूत, अधिराज सिंह, क्षितिज सिंह, रितिक कुमार, अक्षय गुप्ता, खुशी राजपूत, साक्षी, समृद्धि बाजपेयी, मनीष कुमार, अभिषेक कुमार, अरुण राजपूत, राहुल कुमार, देवेश यादव, चांदनी का चयन एक-एक लाख रुपये के लिए किया गया है।

इंटर के इन विद्यार्थियों को मिलेगा पुरस्कार

- इंटरमीडिएट उत्तीर्ण अनिकेत शर्मा, रिया, हर्षवर्धन राठौर, कुमकुम, समीक्षा, सौम्या राजपूत, शांभवी मिश्रा, हर्षित अवस्थी, अनुराग सिंह, योगेश राजपूत, अखंड प्रताप सिंह चौहान, मुस्कान, दिव्यांशी देवी, अमित यादव, अंकेत यादव, तान्या भदौरिया, तनू, शिवानी देवी, आकांक्षा, सोनी देवी को एक-एक लाख रुपये देने के लिए चयनित किया गया है।

हाईस्कूल के अंकपत्रों का भी वितरण शुरू

- डीआईओएस ने बताया कि कार्यालय में हाईस्कूल के भी अंक पत्र आ चुके हैं। इनका वितरण चल रहा है। इससे पहले इंटरमीडिएट के अंकपत्र आने के बाद से वितरण किया गया था। डीआईओएस ने बताया कि सभी विद्यालय के जिम्मेदार अंकपत्र लेकर उनका वितरण कर दें।

अंकित यादव को यूपी कैटेट में प्रदेश मे दूसरी रैंक

कन्नौज। कन्नौज के ठठिया क्षेत्र अंतर्गत छोटे से गाँव के मेधावी ने प्रतिष्ठित परीक्षा यूपी कैटेट में प्रदेश मे दूसरी रैंक लाकर जिले का नाम रोशन कर दिया। ठठिया के औसेर के पास के गांव करसाहा के रहने वाले किसान शेर सिंह के बेटे अंकित यादव ने मेहनत व परिजनों की प्रेरणा से यह सफलता प्राप्त की। उन्होंने फोन पर बताया कि घर की परिस्थिति को देखते हुए खूब मेहनत की और कानपुर से कोचिंग की। उम्मीद है कि अच्छा कृषि विश्वविद्यालय मिलेगा। बताया कि परिवार मे माता, पिता के अलावा बहन प्रांशी, भाई अमन व अनुराग हैं। अमान जम्मू स्थित विश्विद्यालय से एमएससी कृषि से कर रहे हैं तो अनुराग कानपुर में रहकर एयरफोर्स की तैयारी कर रहे हैं। लक्ष्य के बारे मे पूछने पर बताया कि कृषि से एमएससी के बाद पीएचडी करना है और फिर शिक्षा के क्षेत्र मे ही करियर बनाना है।

बेसिक शिक्षा : जिले को मंडल में तीसरा स्थान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा में जनपद का प्रदेश में 10वां व कानपुर मंडल में तीसरा नंबर आया है। विभागीय योजनाओं व कार्यों को लेकर मई की रैंकिंग जारी हुई है। पत्र के मुताबिक कई बड़े व वीआईपी जिलों से बेहतर काम कन्नौज जनपद में हो रहा है।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि बेसिक शिक्षा के तहत चल रहीं योजनाओं, शासकीय एवं विभागीय कार्यों के समय से क्रियान्वयन व सफल संचालन के लिए मासिक लक्ष्य और कार्य निर्धारित किए गए हैं। उसके सापेक्ष वस्तुनिष्ठ एवं पारदर्शी प्रणाली से जनपदों की प्रत्येक महीने रैंकिंग जारी होती है। हालांकि महानिदेशक ने मानक अंक के तहत अधिकांश जिलों की रैंकिंग पर संतोष नहीं जताया है। निर्देश दिए गए हैं कि जून की रैंकिंग में सुधार किया जाए। प्रदेश की राजधानी व देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के संसदीय क्षेत्र वाले जिला लखनऊ 43 फीसदी अंकों के साथ रैंक 39 नंबर पर आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाले जिले वाराणसी की 12वीं रैंक व 46 नंबर आए हैं। श्रीराम की नगरी अयोध्या की 13वीं रैंक व 46 नंबर आए हैं। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह व उनके पिता पूर्व सांसद राजवीर सिंह के एटा की रैंक 53, अंक 38 व अलीगढ़ की रैंक 28 व अंक 44 मिले हैं। सीएम के जिले गोरखपुर की रैंक 50वीं है।

- बेसिक शिक्षा के तहत चल रहीं योजनाओं व कार्यों की समीक्षा

> रैंकिंग में जनपद की जो प्रगति हुई है वह सबके सहयोग से आई है। जून में और बेहतर कार्य कर प्रदेश में टॉप पर कन्नौज को लाने का प्रयास होगा। मई में लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में अधिकारियों की व्यस्तता के बाद भी रैंक 10वीं आई है।
>
> –उपासना रानी वर्मा, बीएसए

कानपुर मंडल के जिलों की स्थिति

जनपद	रैंक	कुल अंक
औरैया	01	53
कानपुर नगर	02	53
कन्नौज	10	46
कानपुर देहात	20	45
फर्रुखाबाद	32	44
इटावा	54	39

यह हैं प्रदेश के टॉप टेन जनपद

रैंक	जनपद
01	औरैया
02	कानपुर नगर
03	बदायूं
04	कासगंज
05	रामपुर
06	अमरोहा
07	मुजफ्फरनगर
08	बस्ती
09	फिरोजाबाद
10	कन्नौज

यह हैं प्रदेश के 10 फिसड्डी जिले

रैंक	जनपद
7	शाहजहांपुर
74	श्रावस्ती
73	मऊ
72	आगरा
71	मथुरा
70	रायबरेली
69	बलरामपुर
68	गाजियाबाद
67	प्रयागराज
66	महाराजगंज

पोर्टल पर पंजीकरण करने से कन्नी काट रहे निजी स्कूल

कन्नौज। शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत छात्र-छात्राओं को निशुल्क लाभ न देना पड़े इसलिए स्कूल संचालक पोर्टल पर पंजीकरण नहीं कर रहे हैं। जिले में 666 विद्यालयों के सापेक्ष 189 ही पंजीकृत हैं जबकि विद्यार्थियों की ओर से चौथे व अंतिम चरण के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख 20 जून निकल गई है। जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय में अब तक 400 विद्यालयों की मैपिंग हुई है जो बीईओ स्तर से होती है। 266 स्कूलों का मैप होना बाकी है। पोर्टल पर पंजीकरण स्कूल संचालक को खुद करना होता है, इस वजह से इसकी संख्या काफी कम यानि 30 फीसदी के करीब है। बताया गया है कि कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को निजी विद्यालयों में निशुल्क पढ़ाई का लाभ देने के लिए 7,938 सीटें हैं, इसके सापेक्ष चारों चरण में 337 आवेदन ही हुए हैं। इसमें भी करीब 50 आवेदन निरस्त हो चुके हैं। जिला समन्वयक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पहली जुलाई से पोर्टल खुल जाएगा। इसमें स्कूल संचालक पंजीकरण कर सकते हैं। मैपिंग भी शुरू हो जाएगी।

प्रचार-प्रसार की कमी से जानकारी नहीं

- आरटीई के बारे में जरूरतमंदों को भी जानकारी नहीं है। इस वजह से इसका लाभ नहीं ले पाते हैं। सीटों के सापेक्ष पांच फीसदी ऑनलाइन आवेदन भी नहीं हुए हैं। जो पात्र मिले हैं उसमें सभी को प्रवेश भी नहीं मिल सका है। कुछ स्कूल संचालकों की शिकायतें भी हैं। इसके अलावा कागजों की कमी के चलते भी कई जरूरतमंद आरटीई से महरूम हो जाते हैं। इस बाबत लोगों का कहना है कि अगर शिक्षा का अधिकार अधिनियम का सही से प्रचार-प्रसार हो तो पात्र छात्रों को इसका लाभ मिल सकता है।

कॉलेज, भूमि व तालाब के अवैध कब्जे हटवाए जाएं

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

- भाकियू किसान ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

अमृत विचार। भारतीय किसान यूनियन किसान के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला के नेतृत्व में शनिवार को तहसील पहुंचे पदाधिकारियों ने सराय गुजरमल स्थित जे डी जनता इंटर कॉलेज की भूमि व तालाब से भूमाफिया का कब्जा हटवाने की मांग की। इस संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम सराय गुजरमल में गाटा संख्या 07 जिसका क्षेत्रफल 0.2180 हे. है जगदीश्वर दयाल जनता इंटर कॉलेज छिबरामऊ के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। इसी जमीन पर नगर के कुछ भू माफियाओं ने अवैध कब्जा करके प्लाटिंग कर दी तथा अवैध खनन करके मिट्टी भी डलवाई। तालाब की जमीन भी कब्जा की गई। इससे पूर्व में भी उक्त भूमाफिया पीपल वाली गली स्थित शिव मंदिर की जमीन पर अवैध प्लाटिंग करके बिक्री कर चुके हैं। इसकी शिकायत भी संगठन ने की थी। इन भू माफियाओं के ऊपर कई अवैध कब्जे के अभियोग छिबरामऊ कोतवाली में पंजीकृत हैं। आरोपियों पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई तथा जमीनें कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। अन्यथा की स्थिति में संगठन ने आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान अभिषेक पाठक, राहुल प्रताप, आशीष कुमार, समरपाल सिंह, हरिश्चंद्र, नवनीत कुमार आदि रहे।

लंबे इंतजार के बाद घंटे भर झमाझम बरसात

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। भीषण गर्मी के बीच लंबे इंतजार के बाद आखिरकार मेघ मेहरबान हो गए। काफी देर तक चली बादलों की आवाजाही के बाद दोपहर में आसमान में जमावड़ा डाला और बरसने लगे। बूंदें गिरती देख आम जनमानस को राहत की उम्मीद जगी और फिर करीब सवा घंटे तक हुई बारिश से पारा करीब आठ डिग्री लुढ़क गया और मौसम में तपिश कुछ कम हो गई। हालांकि बरसात के बाद उमस बढ़ने से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।

बता दें कि नौतपा के बाद बीते हफ्ते भी सूरज की तपिश ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया। एक दिन तो अधिकतम तापमान 48 तो न्यूनतम भी बढ़कर 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। गर्मी का असर रहा कि बिजली विभाग की व्यवस्था भी चरमरा गई। आम जनमानस बेसब्री से मानसून का इंतजार कर रहा है। शनिवार को सुबह से ही उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान करती रही। दोपहर होते-होते बादलों ने अठखेलियां शुरू कर दीं लेकिन बार-बार धूप निकलने से उम्मीद धूमिल होती दिख रही थी। फिर करीब दो बजे के बाद बादल जुटे और तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। धीमी और तेज गति से करीब सवा घंटे तक बरसात हुई जिससे लोगों ने भीषण गर्मी से राहत पाई। हालांकि इसके बाद फिर से उमस बढ़ गई।

कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र कुमार ने बताया कि करीब 10.5 मिमी बारिश तो अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जनपद समेत आसपास क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी होने की संभावना जताई है। 24 से 27 जून के मध्य तेज बारिश की संभावना है।

विकास भवन में बारिश के दौरान भीगते लोग। अमृत विचार

10.5 मिमी बारिश के बाद अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री पर पहुंचा

24 घंटे रोक दें सिंचाई

किसानों को आगाह किया कि वे फिलहाल मक्का की जिसकी मड़ाई हो चुकी है को सुरक्षित कर लें। नर्सरी आवश्यक न हो तो सिंचाई 24 घंटे के लिए स्थगित कर दें। जिन किसानों ने धान की नर्सरी नहीं डाली अब डाल दें क्योंकि तापमान सामान्य हो चुका है। जिनकी नर्सरी 21 दिन की होने वाली है वह खेत की तैयारी शुरू कर दें जिससे बारिश होते ही रोपाई की जा सके।

सभासद भैयालाल दुबे को प्रशस्ति पत्र देते अधिशासी अधिकारी। अमृत विचार

स्वच्छता योद्धाओं को किया सम्मानित

गुरसहायगंज। नगर के तिराहा स्थित वेस्ट टू वंडर पार्क में अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित के नेतृत्व में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के अध्यक्षों, सदस्यों, जागरूकता हेतु गठित वार्ड समिति के पदाधिकारियों को अधिशासी अधिकारी, सभासदों, सभासद प्रतिनिधियों आदि ने सम्मानित किया। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि सभी के प्रयास से नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। सभासद दीपक गुप्ता, मुहीद, सुखदेव, परमजीत, जितेंद्र गुप्ता, जितेन्द्र गुप्ता, दीपक गुप्ता, आज़ाद, मो. आज़म, सिराज, सैनुद्दीन, शिवा गुप्ता, दिनेश चंद्र गुप्ता, संतोष गुप्ता, भैयलाल दुबे, विपिन चौरसिया, निर्मल श्रीवास्तव, सैनुद्दीन उर्फ भूरा, चरणजीत, शिवशंकर तिवारी, अशोक कुमार, राजन बाबू आदि को फूलमाला पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, जनार्दन मिश्रा, मनोज तिवारी आदि रहे।

सीएमएस का बेहतर उपचार व सफाई पर जोर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिला अस्पताल का निरीक्षण कर दिए निर्देश
- जिला रेफर करने से बचें करना पड़े तो देरी नहीं

अमृत विचार। जिला अस्पताल का सीएमएस ने निरीक्षण किया। इस दौरान डॉक्टरों को नियमित ओपीडी कक्ष में बैठने के निर्देश दिये।

जिला अस्पताल के सीएमएस डा. शक्ति बसु ने शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान ओपीडी में एक-एक कक्ष में बैठ कर डॉक्टरों से लेकर कर्मचारियों को निर्देश दिये के वह दो बजे तक मरीजों की जांच कर उपचार दें।

इस कार्य में लापरवाही न बरती जाये। इमरजेंसी में पहुंच कर सफाई ठेकेदार से गर्मी के मौसम में सफाई का विशेष ध्यान रखने को कहा। दिन में कम से कम दो बार पोछा हर हाल में लगाया जाये। डॉक्टर व अन्य स्टाफ से कहा कि इमरजेंसी में आने वाले हर मरीज को बेहतर उपचार दें। प्रयास करें कि मरीज को रेफर करने की नौबत न आये। कोई मरीज अधिक गंभीर हो तो उसे रेफर करने में लापरवाही न करें। उसे हैलट कानपुर या मेडिकल कालेज तिर्वा भेजने के लिये स्थानीय स्तर पर एंबुलेंस उपलब्ध कराई जाये। इसके बाद उन्होंने महिला विंग में पहुंच कर महिला डॉक्टर से उपचार संबंधी जानकारी ली। प्रसव कक्ष में पहुंच स्टाफ नर्सों से कहा कि प्रयास करें कि प्रसव उनके अस्पताल में ही कराया जाये। किसी तरह की दिक्कत होने पर महिला डाक्टर से संपर्क स्थापित कर उसका प्रसव कराया जाये।

जिला अस्पताल की इमरजेंसी में मौजूद सीएमएस डा. शक्ति बसु। अमृत विचार

मक्का की फसल में नमी जरूरी

कन्नौज। जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह ने बताया कि जायद मक्का की फसल में सावधानी जरूरी है। इन दिनों फसल में भुट्टा निकल रहा और दाने बन रहे हैं। दाना पड़ते समय तापमान 37 से 38 डिग्री सेल्सियस होना चाहिए। तापमान अधिक होने से मक्का की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। इसलिए किसान खेतों में सिंचाई के साथ नमी रखें।

हीटवेव की वजह से ज्यादातर तापमान 43-44 डिग्री सेल्सियस रहता है। फसल में सिंचाई सुबह या शाम को ही करें। अधिक पानी एकत्र न होने दें।

जहां सैम बच्चे ज्यादा, वहां घर-घर जाए टीम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डीएम ने जिला पोषण समिति की बैठक में दिए निर्देश

अमृत विचार। कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक हुई। इसमें डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने कहा कि मई तक सैम बच्चे 732 और मैम 3092 मिले हैं। उनकी देखभाल के लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं।

शनिवार को डीएम ने प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा को निर्देश दिए कि जिस गांव में सैम बच्चों की संख्या अधिक है वहां सीडीपीओ, सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकत्री व सहायिका की टीम बनाकर घर-घर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए। बच्चों का चिन्हांकन कर लंबाई, वजन, स्वास्थ्य परीक्षण सही से होना चाहिए। कम वजन वाले बच्चे जिला अस्पताल में 14 दिनों के लिए भर्ती किए जाएं। मोबाइल नंबर सत्यापन के लिए 26,835 का काम बाकी है। इसमें हीलाहवाली न की जाए। लेक्टिंग मदर और शून्य से छह माह के बच्चों में जो 1754 का अंतर है उसे सही किया जाए। बच्चों का महीने के प्रथम मंगलवार को वजन समय से कराया जाए। डीएम ने कहा कि आरबीएसके टीम आंगनवाड़ी केंद्रो का समय से भ्रमण करे। बच्चों की उपस्थित 90 प्रतिशत होनी चाहिए। किसी भी प्रकार की फर्जी रिपोर्ट न बनाई जाए।

755 किशोरियां नहीं जा रहीं हैं स्कूल

डीएम ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र से समन्वय स्थापित कर 11 से 14 वर्ष की 755 किशोरियों को जो विद्यालय नहीं जाती हैं उन्हें चिन्हित कर आयरन सप्लीमेंट की किट दी जाए। गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच कर दवाएं व पोषाहार उपलब्ध कराया जाए। तीन से छह वर्ष के बच्चों को गर्म पका भोजन पीएम पोषण योजना के मेन्यू की तरह दिया जाए। केंद्रों में राशन वितरण समय से होना चाहिए।

ऑनलाइन आवेदन | जनपद में 12 हजार किलोवाट का लाभ देने का आया है लक्ष्य, 666 किलोवाट के ही हो सके हैं आवेदन, 19 किलोवाट स्थापित

पीएम सूर्यघर : लक्ष्य के सापेक्ष छह फीसदी भी आवेदन नहीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत जिले का लक्ष्य 12 हजार किलोवाट है। इसके सापेक्ष आवेदन महज 666 किलोवाट के ही हुए हैं जो छह फीसदी भी नहीं हैं। अब तक 19 किलोवाट के सोलर पैनल स्थापित किए गए हैं।

बिजली की समस्या को दूर करने के लिए सरकार का पीएम सूर्यघर योजना पर भी जोर है। इसके तहत बिजली कनेक्शनधारक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कहा जा रहा है कि योजना को शुरू हुए करीब चार महीने से अधिक का समय हो चुका है लेकिन जिलेभर से आवेदन 295 लोगों ने ही किए हैं। इनकी क्षमता 666 किलोवाट की है, जबकि लाभ देने के लिए लक्ष्य 12 हजार किलोवाट का रखा गया है। नेडा कार्यालय के मुताबिक लोग निजी घरों की छतों या धूप वाले स्थानों पर बिजली बना कर भी बिक्री कर सकते हैं।

निजी आवासों में ग्रिड कनेक्टेड रूपटॉप सोलर पावर प्लांट पीएम सूर्य घर योजना के लगवाया जा सकता है। इसके तहत एक किलोवाट से लेकर 10 किलोवाट तक की क्षमता वाले संयत्र अनुदान पर लगाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि योजना के लिए लोन की भी सुविधा है। घरेलू कनेक्शनों पर यह लाभ दिया जा रहा है। जो संयंत्र वेंडर लगाएंगे उनकी सूची वेबसाइट https://upnedasolarrooftop portal.com/Approved-Firms पर देखी जा सकती है।

छत पर लगा सोलर पैनल व किसान।

> संयंत्रों पर 75 फीसदी तक अनुदान है। प्रक्रिया के तहत आवेदन ऑनलाइन होगा, जो यूपीपीसीएल यानि बिजली विभाग के पास ही पहुंचेगा। उसके बाद उसे नेडा को भेजा जाएगा। वहां से वेंडर के पास जाएगा।
>
> –कुलदीप राजपूत
> एसडीओ- यूपीपीसीएल, तिर्वा

कंपनियों का हो चुका है चयन, ऐसे करें आवेदन

उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपी नेडा) की ओर से संयंत्र लगाने के लिए कंपनियों का चयन पहले ही हो चुका है। इच्छुक लोग पोर्टल https://pmsuryaghar.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

लाभार्थियों को इस तरह मिलेगा लाभ

संयंत्र की क्षमता	कुल अनुदान	कुल लागत	लाभार्थी का अंशदान
एक किलोवाट	45 हजार	60 हजार	15 हजार
दो किलोवाट	90 हजार	1.20 लाख	30 हजार
तीन किलोवाट	1.08 हजार	1.80 लाख	72 हजार
चार किलोवाट	1.08 हजार	2.40 लाख	1.32 लाख
पांच किलोवाट	1.08 हजार	3.00 लाख	1.92 लाख

नोट : चार से 10 किलोवाट तक के संयंत्रों पर अनुदान 1.08 लाख रुपये ही मिलेगा। उसकी लागत व लाभार्थी का अंशदान बढ़ेगा। वेंडर के हिसाब से रेट में अंतर भी हो सकता है।

यह होंगे फायदे

- ऑनग्रिड सिस्टम से यूपीपीसीएल को भी बिजली बिक्री की जा सकती है।
- विभाग पर बिजली का लोड कम होगा।
- कोयला से बिजली बनती है, जिससे प्रदूषण भी फैलता है, उस पर रोक लगेगी।
- लंबी दूरी से बिजली आने में काफी मात्रा में बिजली का नुकसान भी होता है।

चोरी के सामान व नकदी सहित तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- धार्मिक स्थल की गोलक व घर से की थी चोरी

अमृत विचार। कोतवाली पुलिस ने थाना क्षेत्र में स्थित धार्मिक स्थल की गोलक का ताला तोड़ एवं नकब लगाकर घरो में चोरी करने के तीन आरोपियों को चोरी की रकम व माल समेत गिरफ्तार किया है।

कोतवाली प्रभारी जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि 25 अक्टूबर 2023 की रात्रि में ग्राम कटरा में नकब लगाकर घर में घुसकर कर कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी व जेवरात चोरी कर लिए थे। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी तरह 23 मई 2024 को मेहन्दीघाट पर आये श्रद्धालुओं के कपड़े उठाकर जेब से रुपये चोरी व 30 मई 2024 की रात्रि जोड़ीनाथ मंदिर की गोलक का ताला तोड़कर रुपये चोरी के मामलों में आरोपियों की तलाश पुलिस कर रहा थी। इसी दौरान पुलिस को आरोपियों के एक स्थान पर चोरी की योजना बनाने की सूचना मिली। इस पर पुलिस ने शनिवार को आरोपी परवेज पुत्र हनीफ निवासी ब्लॉक नंबर तीन काशीराम कॉलोनी पुरानी पुलिस लाइन थाना कोतवाली कन्नौज, शाहबाज पुत्र इकलाख़ निवासी ब्लॉक नंबर सात ईदगाह कॉलोनी थाना कोतवाली कन्नौज, फ़ैज पुत्र वकील निवासी ब्लॉक नम्बर 10 पुरानी पुलिस लाइन काशीराम कॉलोनी थाना कोतवाली कन्नौज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में सभी चोरियां कबूल कीं।

एक नजर

उप्र में महिलाएं असुरक्षा के साए में: अजय राय

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कानून-व्यवस्था को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से जारी रिपोर्ट से साफ हो गया है कि प्रदेश में महिलाएं असुरक्षा के साये में जीने को विवश हैं। यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि आयोग की रिपोर्ट में इस वर्ष 12,648 शिकायतें मिलने का खुलासा हुआ है। इसमें चौंकाने वाली बात यह है कि अकेले प्रदेश से 6,492 शिकायतें मिली हैं, जो कि महिला आयोग के रिपोर्ट के अनुसार 55 प्रतिशत है।

आचार्य लक्ष्मीकांत के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य पुरोहित आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' के जरिये मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्मीकांत के निधन से अध्यात्म व साहित्य जगत की अपूरणीय क्षति हुई है। संस्कृत भाषा व भारतीय संस्कृति की सेवा के लिए वह सदैव स्मरणीय रहेंगे।

बिजली व्यवस्था दुरुस्त करें अधिकारी: योगी

कहा- बिजली बिल के नाम पर उपभोक्ताओं को न किया जाए परेशान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में बिजली व्यवस्था की गुणवत्ता दुरुस्त की जाए। बिजली बिल के नाम पर उपभोक्ताओं को कतई परेशान न किया जाए। हर हाल में उपभोक्ताओं को समय पर सही बिजली बिल मुहैया कराया जाए। मुख्यमंत्री शनिवार को सरकारी आवास पर ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

उन्होंने विभाग की ओर से प्रस्तुत किये गये प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने अपने पहले पांच साल बुनियादी सुविधाओं को विकसित करने में लगाया है, अब हमें अपना पूरा जोर गुणवत्ता पर देना होगा। बिजली का बिल समय से जमा कराने के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करना अत्यंत जरूरी है। जिस प्रकार लोग मोबाइल का बिल नियत समय पर जमा करते हैं, उसी प्रकार बिजली का बिल भी तय समय पर जमा कराने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाय। इसके लिए विभाग एक सुदृढ़ व्यवस्था तैयार करे। सही बिल के लिए मीटर रीडर को जवाबदेह बनाना बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने पर जोर देते हुए कहा कि जनता को इसके लिए तैयार किया जाय। स्मार्ट मीटर आज की आवश्यकता है। उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना के बारे में जागरूक किया जाए।

अफसरों ने मुख्यमंत्री को गिनाई उपलब्धियां: मुख्यमंत्री के साथ बैठक में ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने उपलब्धियां गिनाईं। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में बिजली आपूर्ति के घंटों में बढ़ोतरी हुई है। भीषण गर्मी के बावजूद केवल स्थानीय खराबी को छोड़ दें तो बीते 15 मार्च से 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश में कहीं भी बिजली की कमी नहीं हुई है। अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में 3.45 करोड़ बिजली कनेक्शन हैं, वहीं दो साल में 30 लाख कनेक्शन बढ़े हैं। 2024 में अब तक 70 हजार करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। बिल जमा करने में कंज्यूमर टर्नअप शहरी इलाकों में करीब 92 प्रतिशत व ग्रामीण इलाकों में 51 प्रतिशत है। बिजली बिल का 40 प्रतिशत हिस्सा ऑनलाइन, 32 प्रतिशत काउंटर से व 30 प्रतिशत विभिन्न ई-वॉलेट के माध्यम से प्राप्त हो रहा है।

ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

सोशल मीडिया का उपयोग करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि रखरखाव कार्य के कारण अगर बिजली आपूर्ति बंद शटडाउन की जाती है तो कब और कितनी देर तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी, इसकी पूर्व सूचना उपभोक्ताओं को देना जरूरी है। इसके लिए सोशल मीडिया का ज्यादा से ज्यादा उपयोग किया जाय।

रेंट एग्रीमेंट के स्टाम्प शुल्क में लाएं कमी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रेंट एग्रीमेंट के स्टाम्प शुल्क में कमी लाई जाय। आवासीय, अनावासीय व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के लिए रेंट एग्रीमेंट का सरलीकरण किया जाय। मुख्यमंत्री शनिवार को सरकारी आवास पर स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन रूल्स 2024 के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि ईज ऑफ लिविंग, बेहतर रिकॉर्ड और डाटा मैनेजमेंट के लिए स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन की ऑनलाइन व्यवस्था आज की आवश्यकता है।

पौधरोपण अभियान एक बड़ा घोटाला : अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ पौधरोपण जमीन पर किया होता तो गर्मी से इतना बुरा हाल न होता

अमृत विचार: सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण के सभी दावे झूठे और कागजी हैं। पौधरोपण अभियान एक बड़ा घोटाला बन गया है। भाजपा सरकार अब तक जितने पौधे लगाने का दावा करती आई है अगर उनका जोड़ हो तो प्रदेश में कोई जगह अब अगले पौधरोपण के लिए नहीं बची है। भाजपा का पौधरोपण महज एक कागजी कार्रवाई बन कर रह गया है।

उन्होंने शनिवार को बयान जारी करते हुए कहा, मुख्यमंत्री, 2023 में 36 करोड़ 15 लाख से अधिक पौधारोपण का दावा करते है। इसके पहले 2022 में 35 करोड़ से ज्यादा, 2021 में 30 करोड़ से ज्यादा, 2020 में 25 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाने का दावा किया गया है। इससे पहले भी हर साल पौधारोपण के बड़े-बड़े दावे किये गये है लेकिन ये पौधे कहां लगाये गये हैं इसका कोई विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया जाता है।

सपा प्रमुख ने कहा भाजपा सरकार ने फाईलों की जगह अगर पौधारोपण जमीन पर किया होता तो भीषण गर्मी से जनता का इतना बुरा हाल न होता। गर्मी में सैकड़ों लोगों की जानें जा रही है। अस्पताल बीमारों से भरे पड़े हैं। उन्होंने कहा,भाजपा सरकार में पौधरोपण सिर्फ कागजों पर हुआ है। पौधारोपण के झूठे दावे कर रही है। पौधों के लिए गड्ढे खोदने-लगाने में भी घपले करके पर्यावरण को बिगाड़ने का ही भाजपा ने काम किया है। भाजपा सरकार आपदा में अवसर खोजती है।

287 हाजियों को लेकर पहुंची पहली उड़ान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: ईद-उल-अजहा (बकरीद) के दिन हज सम्पन्न होने के बाद हाजियों की वापसी का सिलसिला शनिवार को शुरू हो गया। 287 हाजियों को लेकर पहली उड़ान जब लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंची तो राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष मोहसिन रजा हाजियों के स्वागत के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे। उन्होंने सभी हाजियों को फूल देकर उनका स्वागत किया।

उत्तर प्रदेश से इस साल 18,010 लोग हज करने गए थे। लखनऊ से जेद्दा की पहली उड़ान 9 मई को रवाना हुई थी। जिस क्रम से हज यात्रियों की रवानगी हुई थी उसी क्रम से हाजियों की वापसी भी होगी। सऊदी अरब से रोजाना हाजियों को लेकर उड़ान लखनऊ पहुंचेगी। आखिरी उड़ान 9 जुलाई को आएगी।

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर हाजियों के रिश्तेदार और दोस्त मौजूद थे। हवाई अड्डे से बाहर आकर अपनों को तलाशते हाजियों के चेहरे अपने रिश्तेदारों को सामने पाकर खिल उठे। एक हाजी ने बताया कि बहुत शिद्दत की गर्मी थी। बहुत मुश्किल दिन थे। कई बार लगता था कि इस गर्मी से निबट पाना आसान नहीं, जान निकल जाएगी लेकिन साथ खैरियत अपने देश वापसी हो गई है। अच्छी बात यह कि हमारा हज पूरा हुआ। हमने अपने मुल्क की तरक्की की दुआ मांगी। एक हाजी ने कहा कि इतनी गर्मी में बुजुर्ग की बात छोड़िये जवान को झेलना मुश्किल था। उन्होंने कहा कि वहां जाकर यह अहसास हुआ कि किसी भी बुजुर्ग को हज पर अकेले नहीं जाना चाहिए। बहुत मुश्किल सफ़र है। इतनी गर्मी में रहकर हज पूरा कर लेना किसी चमत्कार से कम नहीं है। तमाम बुजुर्ग रास्ता भटक गए। कुछ लोगों की गर्मी से मौत हो गई। बहरहाल अंत भला तो सब भला। हम तो वापस आ गए।

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हज यात्री। अमृत विचार

▸▸ राज्य हज समिति के अध्यक्ष मोहसिन रजा ने किया स्वागत

किसानों को लेकर राज्य सरकार से होगी बात : त्यागी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: रालोद के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि सहयोगी दल होने के नाते रालोद किसानों एवं अल्पसंख्यकों की समस्याओं के निराकरण के लिए केन्द्र व राज्य सरकार से सीधे बात करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी अपने उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध है।

पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रालोद किसानों एवं अल्पसंख्यकों की समस्या पर गम्भीर है, इनके मुद्दों के लेकर पार्टी सजग है और उचित फोरम पर बात रखेगी। साथ ही बताया कि बुन्देलखण्ड में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयन्त चौधरी की अध्यक्षता में सम्मेलन प्रस्तावित हैं, केन्द्रीय नेतृत्व की सहमति से तिथि घोषित की जाएगी। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि संगठन को मजबूत करने और ब्लाक स्तर तक कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए जुलाई में संगठन की समीक्षा बैठक होगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्र, प्रदेश प्रवक्ता अंकुर सक्सेना, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल मौजूद रहें।

सदस्यता ग्रहण की

राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि शनिवार को पार्टी कार्यालय में विभिन्न राजनैतिक दल व संगठनों के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय महासचिव की मौजूदगी में रालोद की सदस्यता ली। बुन्देलखण्ड विकास परिषद के अध्यक्ष अंचल अजेरिया, मौलाना फिरोज हुसैन, हरिओम शुक्ला, डॉ.रामप्रताप सिंह, शैलेन्द्र गोस्वामी, इसान अली, आरके दुबे, कन्हैयालाल, राघवेन्द्र, जावेद सुल्तान, संदीप यादव, कंचन मौर्या समेत अन्य लोगों ने सैकड़ों साथियों के साथ रालोद की सदस्यता ग्रहण की।

नव नियुक्त डिप्टी जेलरों का प्रशिक्षण शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

लखनऊ: कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने शनिवार को कारागार मुख्यालय में नव-नियुक्त डिप्टी जेलरों के प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि डिप्टी जेलर कारागार की रीढ़ की हड्डी हैं और यह पद बहुत महत्वपूर्ण है। प्रदेश के 75 नवनियुक्त डिप्टी जेलरों में 25 महिलाएं हैं, जिनमें से 33 डिप्टी जेलरों ने जॉइनिंग दी और इनमें 11 महिलाएं हैं।

प्रमुख सचिव कारागार राजेश कुमार सिंह ने चयनित डिप्टी जेलरों के शैक्षणिक पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 33 डिप्टी जेलरों में से 12 बीटेक, 01 एमटेक, 04 बीए, 04 एमए, 10 बीएससी और 02 एमएससी हैं। उन्होंने बताया कि डॉ संपूर्णानंद संस्थान में नियमित रूप से अधिकारियों और जेल वार्डरों के लिए आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। संस्थान में प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध संसाधनों में प्रशासनिक भवन, व्याख्यान कक्ष, व्यायामशाला, पुस्तकालय, चिकित्सालय, अतिथि गृह, इनडोर खेल परिसर, आडीटोरियम, अधिकारी छात्रावास, बंदीरक्षक छात्रावास, महिला छात्रावास, आवासीय परिसर, कंप्यूटर लैब और परेड ग्राउंड शामिल हैं। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक कारागार पीवी रमाशास्त्री एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

निवनियुक्त महिला जेलर को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र देते कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान।

▸▸ मंत्री दारासिंह चौहान ने किया प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन

रिश्वत लेते वरिष्ठ पोस्ट मास्टर गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सीबीआई ने रंगे हाथ पकड़ा जांच में क्लीनचिट देने के नाम पर हुआ था सौदा

अमृत विचार: सीबीआई ने शनिवार को रिश्वत लेने के आरोप में आगरा के वरिष्ठ पोस्ट मास्टर सहित दो को गिरफ्तार किया है। रिश्वत स्थानांतरण प्राप्त एक ऐसे कार्मिक से लिया जा रहा था, जिसका स्थानांतरण हो गया था और उसकी पूर्व की लंबित जांच पर एनओसी देना था।

शिकायतकर्ता ने बताया कि 25 अप्रैल 2024 को उसका स्थानांतरण प्रधान डाकघर से आगरा फोर्ट प्रधान कार्यालय में कर दिया गया। उसके खिलाफ एक विभागीय जांच भी लंबित थी। कर्मचारी ने आरोप लगाया कि सीनियर पोस्ट मास्टर देवेंद्र कुमार ने अवैध रूप से रुपये की मांग की। शिकायतकर्ता के खिलाफ लंबित विभागीय जांच में अनुकूल रिपोर्ट और निर्णय देने और नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने से राहत देने के एवज में रिश्वत की मांग पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर के माध्यम से की थी। शिकायतकर्ता से पहले एक लाख रुपये मांगे गए। बाद में कम करके 50 हजार मांगे। सीबीआई ने शिकायत मिलने पर जाल बिछाया और शुक्रवार को रिश्वत की रकम लेकर शिकायतकर्ता पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर के पास पहुंचा और 20 हजार रुपये दे दिए। सीबीआई की टीम ने पहले पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया। इसके बाद सीनियर पोस्ट मास्टर को गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई ने आगरा और मथुरा में दोनों आरोपितों के आवासों की तलाशी ली। इसमें कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद होने की सूचना मिल रही है। गिरफ्तार दोनों आरोपितों को शनिवार को टीम गाजियाबाद में कोर्ट में पेश करेगी।

1 जुलाई से शुरू होगी सेना भर्ती रैली

शहीद एवं घायल सैनिकों के पुत्र व भाई को मिलेगा लाभ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: भारतीय सेना में अग्निवीर लिपिक पदों के लिए भर्ती रैली का आयोजन 1 जुलाई से किया जायेगा। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। इस रैली में यूनिट हेडक्वार्टर्स कोटा (यूएचक्यू) के तहत अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर ट्रेड्समेन, अग्निवीर खिलाड़ी (जो अभ्यर्थी जाट रेजिमेंटल सेन्टर में स्पोर्ट्स ट्रॉयल में भाग लिए थे) और अग्निवीर लिपिक पदों के लिए की जायेगी।

इसका आयोजन जाट रेजिमेंटल सेंटर (जेआरसी), बरेली में होगा। मध्य कमान सेना प्रवक्ता शांतनु प्रताप ने पूरा शेड्यूल जारी करते हुए बताया यह भर्ती रैली युद्ध विधवाओं के पुत्रों, जाट रेजिमेंट के भूतपूर्व एवं सेवारत सैनिकों, युद्ध के दौरान शहीद एवं घायल सैनिकों के पुत्रों तथा सगे भाइयों के लिये आयोजित की जायेगी। भर्ती रैली में अन्य रेजीमेन्टों के भूतपूर्व एवं सेवारत सैनिको, युद्ध के दौरान घायल सैनिकों के भाई, पुत्र तथा कानूनी रूप से गोद लिए हुए बच्चों सहित सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।

अभ्यर्थियों को प्रारंभिक जांच के लिए सभी दस्तावेजों के साथ प्रातः 4:00 बजे भर्ती स्थल जाट रेजीमेंटल सेंटर के जाट गेट पर पहुंचना होगा। 7:00 बजे के बाद आने वाले अभ्यर्थियों को भर्ती में सम्मिलित होने की अनुमति नही दी जायेगी।अभ्यर्थियों का चिकित्सकीय परीक्षण 2 जुलाई से होगा और लिखित परीक्षा 8 सितंबर को आयोजित की जायेगी।

4 को लखनऊ सहित इन जिलों में होगी भर्ती

4 जुलाई को अग्निवीर सामान्य ड्यूटी पद के लिए उत्तर प्रदेश के आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज, अंबेडकर नगर, अमेठी (छत्रपति शाहूजी महाराज नगर), अमरोहा (जेपी नगर), औरैया, आजमगढ, गोंडा, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर नगर, कांशीराम नगर (कासगंज), कौशांबी, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर (पड़रौना), ललितपुर, लखनऊ, महराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मऊ, मेरठ, चंदौली, देवरिया, फैजाबाद, चित्रकूट, एटा, इटावा, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गौतम बुद्ध नगर के अभ्यर्थी शामिल होंगे।

5 को यहां होगी भर्ती

5 जुलाई को अग्निवीर सामान्य ड्यूटी पद के लिए बागपत, बहराइच, बलिया, बलरामपूर, बांदा, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, बदायूं, भदोही, बुलन्दशहर, मिर्जापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फर नगर, जालौन, हापुड़ (पंचशील नगर), पीलीभीत, प्रतापगढ़, रामपुर, रायबरेली, सहारनपुर, संत कबीर नगर, शाहजहांपुर, गाजियाबाद, गाजीपुर, मथुरा, शामली (प्रबुद्ध नगर), श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी, कानपुर देहात, बिजनौर और संभल (भीम नगर) के अभ्यर्थियों के लिए भर्ती रैली आयोजित की जायेगी।

वर्ग पहेली-109

बाएं से दाएं

1.1. परदेश, दूसरा देश, पराया देश 2. स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश।

4. दादूदयाल नामक संत द्वारा चलाए हुए पंथ या संप्रदाय का अनुयायी।

5.1. सफ़ेद गाय 2. सफ़ेद गोल मिर्च।

8.1. अन्न के ढेर के चारों ओर गोबर आदि से घेरा बनाना 2. निशान लगाना।

9. स्त्रियों के लिए उनके माता-पिता के घर के सदस्य; मायके के लोग।

ऊपर से नीचे

2.1. जिसके लिए कोई बंधन न हो, बंधन-रहित 2. स्वतंत्र।

3.1. ज़िंदादिल होना, ख़ुशमिज़ाजी, सहृदयता 2. उत्साह, प्रसन्नता 3. रसिकता 4. हंसोढ़पन 5. विनोदप्रियता।

6.1. कारण, सबब, हेतु 2. माध्यम, ज़रिया।

7.1. किसी वस्तु का टूटकर या कट-छंटकर अलग हुआ कोई हिस्सा।



वर्ग पहेली -108 का हल

■	1 खि	ज़ाँ	■	■	■	■	2 फ़	■
■	ज़ा	■	3 गं	■	■	■	ह	■
■	4 ब	हु	गा	मी	■	■	श	■
■	■	■	ला	■	5 अं	■	■	■
6 दु	रा	7 ल	भ	■	श	■	■	■
चं	■	म	■	■	भा	■	■	■
द	■	धी	■	8 जो	गी	ड़ा	■	■

सुडोकू -22

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

							9	3
		4			6			
	5			2		8		
			7			4		
3							1	6
		8			1			
	9	1						
	2		8			5		
6			4			7		

सुडोकू - 21 का हल

6	2	7	4	5	8	3	9	1
9	1	3	2	6	7	4	8	5
5	8	4	9	3	1	2	6	7
8	6	1	5	2	9	7	4	3
7	3	5	1	8	4	6	2	9
2	4	9	6	7	3	5	1	8
4	5	8	3	9	2	1	7	6
1	7	6	8	4	5	9	3	2
3	9	2	7	1	6	8	5	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 24 जून 03.25 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 17.03 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

मेष — आज आप सामयिक विषयों पर चर्चाओं में शामिल रहेंगे तथा लोगों के सामने आप एक परिपक्व व्यक्ति के रूप में सामने आएंगे। रुके हुए कार्यों को आसानी से पूरा कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृष — आज अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। पुराना अनुभव आपके लिए हितकारी होगा। अनावश्यक धन खर्च होने से आप थोड़े नाराज हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में तालमेल की कमी रहेगी।

मिथुन — आज व्यापार में भी अपेक्षित प्रगति देखने को मिलेगी। मन में कई दिनों से जो शंका थी, उसका समाधान हो सकता है। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। समय का सदुपयोग करेंगे।

कर्क — आज सेहत को लेकर लापरवाही न करें। अपने कार्यक्षेत्र की समस्याओं को लेकर कुछ तनाव में रहेंगे। आपको सिर्फ अपनी मेहनत पर ध्यान देना चाहिए। परिवार में आपका प्रभाव मजबूत होगा। आपको घुटनों में पीड़ा हो सकती है।

सिंह — आज प्रेम विवाह के विषय में परिवार से सहमति ले सकते हैं। घर का माहौल शांत रहेगा। उच्च शिक्षा में उल्लेखनीय सफलता मिल सकती है। नए संबंध बनने के योग बन रहे हैं। पुराने मित्रों से कई दिनों बाद मिलने का अवसर मिलेगा।

कन्या — आज घर-बाहर तनाव होने की आशंका है। दिनचर्या को अनुशासित रखने का प्रयास करें। व्यापार में सफलता मिलेगी। चलते हुए कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। प्रियजनों का व्यवहार आपको व्यथित कर सकता है।

तुला — आज वरिष्ठ अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। आपके नए मित्र बन सकते हैं। मन काफी शांत रहेगा और आपकी ऊर्जा बढ़ेगी। आप नया काम शुरू कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र का वातावरण काफी अच्छा रहेगा। विरोधी अपने षड्यंत्र में विफल होंगे।

वृश्चिक — आज विद्यार्थियों को पढ़ाई में मेहनत करने की आवश्यकता है। लोगों से बहुत अपेक्षाएं न रखें। आपकी कार्यशैली में सुधार देखने को मिलेगा। महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए दिन उत्तम नहीं है। सहकर्मियों पर विश्वास कम होगा।

धनु — आज व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आपको मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। किसी नई पॉलिसी में निवेश करने की योजना पर काम कर सकते हैं। नया कार्य शुरू करने के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

मकर — आज दिनभर कोई न कोई परेशानी भरा माहौल रहेगा। शाम के समय किसी प्रियजन से चर्चा कर मन शांत होगा। अधीनस्थ लोगों पर ज्यादा निर्भरता न रखें। दांपत्य जीवन में तनाव हो सकता है। सेहत काफी नरम रहने वाली है।

कुंभ — आज दूसरों की भावनाओं का सम्मान करेंगे। प्रेमी जन को मनाने के लिए कोई उपहार देने का विचार कर सकते हैं। आपका आत्मबल और ऊर्जा स्तर बढ़ेगा। प्रियजनों के साथ सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। नए व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं।

मीन — आज भूमि-भवन से जुड़े मामले अटक सकते हैं। करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है। घर के माहौल को शांत रखने की कोशिश करें। कार्यों में ज्यादा व्यस्तता रहेगी। जीवनसाथी आपसे अतिरिक्त देखभाल की अपेक्षा रखेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
हैसियत — दोपहर : 12.00
दरार — रात : 07.16

&pictures
सिम्बा — सुबह : 11.00
शादी में जरूर आना — रात : 08.00

SONY PIX
65 — सुबह : 11.15
स्पाइडर मैन — रात : 09.00

ZEE CINEMA
रमैया वस्तावैया — दोपहर : 12.00
भोला — रात : 08.30

colors CINEPLEX
कर्ज — सुबह : 11.10
गंगूबाई काठियावाड़ी — रात : 07.55

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात : 07.55 बजे

जोक्स ऑफ द डे

15 साल का चिंटू अपने पापा के साथ एक होटल में गया।
पापा (वेटर से) - एक बियर और एक आइसक्रीम लाओ।
चिंटू- आइसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिए न
उसके बाद होटल से घर तक चिंटू की सुताई चालू रही।
ये देखकर होटल का वेटर जोर जोर से हंसने लगा।

पत्नी (पति से)- पूरा दिन क्रिकेट, क्रिकेट..
मैं घर छोड़ कर जा रही हूं।
पति- (कमेंटरी के अंदाज़ में)
पहली बार कदमों का बेहतरीन इस्तेमाल।

नीट मामले में लीपापोती कर रही राजग: खरगे

पेपर लीक विवाद : कांग्रेस अध्यक्ष बोले- किसी स्तर पर जिम्मेदारी से बच नहीं सकती है राजग सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि नकल विरोधी कानून को अधिसूचित करके भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबधंन (राजग) सरकार का मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट धांधली मामले में लीपापोती का प्रयास है लेकिन उसे समझ लेना चाहिए इस मामले की जिम्मेदारी से वह किसी स्तर पर बच नहीं सकती है।

खरगे ने कहा कि सरकार के शिक्षा मंत्री इस मामले में गलत बयानबाजी कर रहे हैं। नया कानून अधिसूचित हो गया है जबकि कानून कल ही अधिश्चित हुआ है और इसे फरवरी में है ही राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई थी। उन्होंने कहा कि घोटाले मे भाजपा जितनी भी कोशिश कर ले-धांधली, भ्रष्टाचार और शिक्षा माफ़िया को

● खरगे ने कहा- शिक्षा मंत्री मामले में कर रहे हैं गलत बयानबाजी

बढ़ावा देने की अपनी ज़िम्मेदारी से नहीं बच सकती। तीन तथ्य और तीन सवाल हैं जिनका जवाब मोदी सरकार को देना ही पड़ेगा। तथ्य - पेपर लीक के विरुद्ध क़ानून अधिसूचित नहीं हुआ था, जब शिक्षा मंत्री से इसके बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि क़ानून अधिसूचित हो गया। 13 फ़रवरी 2024 में इस क़ानून को राष्ट्रपति का एसेंट मिल गया था पर क़ानून बीती रात को ही अधिसूचित हुआ है। सवाल है मोदी सरकार के शिक्षा मंत्री ने झूठ क्यों बोला कि क़ानून अधिसूचित हो गया है और विधि एवं न्याय मंत्रालय को उसके नियम बनाने ही रह गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि दूसरा तथ्य - शिक्षा मंत्री पहले तो पेपर लीक को नकारते रहे फ़िर जब गुजरात, बिहार, हरियाणा में गिरफ्तारियां हुईं तब कह रहें हैं कि चूंकि कुछ जगहों पर स्थानीय तौर पर पेपर लीक हुए हैं इसलिए दोबारा परीक्षा नहीं करा पाएंगे। जबकि तथ्य है कि 2015 में प्री मेडिकल टेस्ट में महज 44 छात्रों की संलिप्तता थी तब भी सुप्रीम कोर्ट के कहने पर छह लाख अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा दोबारा कराई गई। सवाल है नीट पर भी माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर 0.001 भी घपला हुआ है तो वो कार्रवाई होनी चाहिए पर मोदी सरकार परीक्षा दोबारा क्यों नहीं करवा रही, जबकि शिक्षा मंत्री ने गड़बड़ी की बात मान ली है। तीसरा तथ्य है नौ दिनों में एनटीए ने तीन बड़ी परीक्षाएं रद्द या स्थगित की हैं। क़ानून पास करवाने के बाद भी भाजपा शासित उत्तर प्रदेश में उप्र पुलिस तथा पदोन्नति बोर्ड जिसके तार गुजरात की एक कंपनी से जुड़े पाएं गए हैं।

परीक्षा कानून डैमेज कंट्रोल की कोशिश

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि नीट-स्नातक, यूजीसी-नेट परीक्षाओं को लेकर विवाद के बीच, केंद्र सरकार द्वारा लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 अधिसूचित किया जाना डैमेज कंट्रोल (स्थिति को संभालने) की कोशिश है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि इस कानून की जरूरत थी, लेकिन यह पेपर लीक के बाद की स्थिति से निपटता है जबकि यह सुनिश्चित करने के लिए कानून और प्रक्रियाओं की आवश्यकता है कि पेपर लीक ही न हो। नीट, यूजीसी-नेट परीक्षाओं को लेकर विवाद के बीच, केंद्र सरकार ने शुक्रवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 अधिसूचित किया, जिसका उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं पर अंकुश लगाना है।

छात्र संगठनों का केंद्रीय मंत्री के आवास पर प्रदर्शन

हैदराबाद। कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई और वाम समर्थित छात्र संगठनों ने केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी के आवास पर शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया और मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट फिर से आयोजित करने की मांग की। छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं ने रेड्डी के खिलाफ नारेबाजी की लेकिन पुलिस ने उन्हें वहां से हटा दिया।

करंट की चपेट में आने से एक मादा पैंथर, दो शावकों की मौत

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के नाका डेहरा शाहपुर के वन क्षेत्र अमृतवास में बिजली का तार टूट कर गिरने के बाद करंट लगने से एक मादा पैंथर और उसके दो शावकों की मौत हो गई। मंडल वन अधिकारी राजेंद्र हुड्डा ने बताया कि 21 जून को रात 10 बजे पर अलवर वन मण्डल में रेंज के नाका डहरा शाहपुर के वन क्षेत्र अमृतवास में एक बघेरा और दो शावकों के शव मिलने की सूचना मिली। शव दो-तीन दिन पुराने हैं। उन्होंने बताया कि बिजली के तार टूटने से बघेरा एवं उसके दो शावको की मौत होने की सूचना बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा दी गयी। इसके बाद संबंधित कर्मचारियों ने मौके पर जाकर देखा तो घटनास्थल पर जहां बघेरों के शव पड़े हुये थे, वहाँ बिजली के तार टूटे हुये थे। मृत बघेरों के शवों पर बिजली का कंरट लगने से उनके शरीर पर जलने के निशान भी स्पष्ट नजर आ रहे थे।

गुरुग्राम में फायर एग्जीक्यूटर फैक्ट्री में विस्फोट, 8 की मौत

गुरुग्राम, एजेंसी

हरियाणा में गुरुग्राम स्थित दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में फायर एग्जीक्यूटर बनाने वाली कंपनी में विस्फोट होने से आठ लोगों की मौत होने का सूचना है। विस्फोट से आसपास के क्षेत्र में काफी संख्या में मकान और उद्योगों को नुकसान हुआ है।

सहायक दमकल अधिकारी सैनी ने बताया कि शनिवार को तड़के 2:45 बजे सिपाही संजय ने भीम नगर दमकल विभाग को फोन कर बताया कि दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में विस्फोट हुआ है और भयंकर आग लग गई है। सूचना मिलते ही भीमनगर और गुरुग्राम के सेक्टर 29 से दमकल विभाग के कार्यालय से एक दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मसकत के बाद आग को काबू में किया। घटनास्थल से पांच लोगों को जख्मी हालत में निकाल

● विस्फोट से आसपास के काफी संख्या में मकान और उद्योगों को हुआ भारी नुकसान

कर अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि दो व्यक्ति मृत मिले और एक लापता है, जिसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि विस्फोट इतना जबरदस्त था कि आसपास के कई मकानों और उद्योगों में भारी नुकसान हुआ है। पुलिस ने बताया कि फैक्ट्री मालिक तथा प्रबंधकों खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है और जांच की जा रही है। अभी तक प्रशासन की ओर से इस घटना में आठ लोगों की मौत होने की पुष्टि नहीं हुयी है।

एक नजर

असम में 5 करोड़ मूल्य की हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम के कछार जिले में पांच करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को यह जानकारी दी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में शर्मा ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर कछार पुलिस ने चलचपरा में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 37 पर एक विशेष अभियान चलाया और एक वाहन को रोका। उन्होंने बताया कि तलाशी लेने पर वाहन से 5 करोड़ रुपये मूल्य की 974 ग्राम हेरोइन बरामद की गई, जिसे पड़ोसी राज्य से लाया जाया जा रहा था। इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

तमिलनाडु में शराब से मरने वालों की संख्या हुई 53

कल्लाकुरिचि। तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में अवैध देशी शराब पीने से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या शनिवार को बढ़कर 53 हो गई। प्रशासन ने बताया कि अवैध देशी शराब पीने से बीमार हुए 140 लोगों की हालत अभी स्थिर है। कल्लाकुरिचि के जिलाधिकारी एम.एस प्रशांत ने बताया कि जिले में मंगलवार रात अवैध देशी शराब पीने से 193 लोग बीमार पड़ गए और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया, हालांकि उनमें से 140 लोगों की हालत अभी स्थिर है। उन्होंने कहा कि शराब पीने से 53 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि इस घटना के सिलसिले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

झारखंड में ईडी का छापा, 1 करोड़ नकद, 100 कारतूस बरामद

रांची, एजेंसी

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य के खिलाफ कथित तौर पर जमीन हड़पने से जुड़े धन शोधन की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची में छापेमारी कर एक करोड़ रुपये नकद और 100 कारतूस जब्त किए।

अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि कांके रोड स्थित परिसर में छापेमारी कर ये जब्ती हुईं। परिसर का मालिक कमलेश सिंह है। छापेमारी की यह कार्रवाई पूर्व मुख्यमंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन के खिलाफ कथित तौर पर जमीन हड़पने के मामले में की जा रही है, लेकिन यह एक अलग भूखंड से जुड़ा मामला है। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने कारसूत बरामद किए जाने के संबंध में शस्त्र अधिनियम के तहत पुलिस में मुकदमा भी दर्ज कराया है। मामले की जांच के तहत ईडी सोरेन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी एवं रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, भानु प्रताप प्रसाद और अन्य सहित 25 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

जमीन हड़पने का मामला

● पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ मामले की जांच के तहत एजेंसी ने की कार्रवाई

● आईएएस एवं रांची के पूर्व उपायुक्त सहित 25 से अधिक लोगों हुए हैं गिरफ्तार

एजेंसी, सोरेन की ओर से रांची के बार्गेन इलाके में कथित तौर पर अवैध तरीके से हासिल किए गए कई भूखंड सहित 266 करोड़ रुपये कीमत के भूखंड जब्त कर चुकी है और एजेंसी अब तक चार आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। भूमि हड़पने के आरोपों को खारिज करते हुए सोरेन का कहना है कि भाजपा नीत केंद्र सरकार ने राजनीतिक प्रतिशोध में उनके खिलाफ यह मामला दर्ज कराया है। झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के कुछ ही मिनटों बाद ईडी ने 31 जनवरी को उन्हें रांची स्थित राजभवन से गिरफ्तार कर लिया था।

पानी के लिए आतिशी का अनशन जारी

नई दिल्ली। जल संकट को लेकर दिल्ली की जल मंत्री आतिशी का अनिश्चितकालीन अनशन दूसरे दिन शनिवार को भी जारी है। दक्षिणी दिल्ली के भोगल में अपने जल सत्याग्रह स्थल से वीडियो संदेश में आतिशी ने कहा कि जब तक हरियाणा दिल्ली वासियों के लिए और पानी नहीं छोड़ता, तब तक वह कुछ नहीं खाएंगी। उन्होंने कहा कि शहर में 28 लाख लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। मंत्री का अनशन शुक्रवार को शुरू हुआ और उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा यमुना नदी में दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ रहा है। शुक्रवार को हरियाणा ने 11 करोड़ गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) कम पानी छोड़ा। उन्होंने कहा कि एक एमजीडी पानी से 28,000 लोगों को जलापूर्ति होती है। 100 एमजीडी पानी की कमी का मतलब है कि दिल्ली में 28 लाख लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। जल मंत्री ने कहा कि पड़ोसी राज्यों से नदियों और नहरों के जरिए उसे 1,005 एमजीडी पानी मिलता है जिसमें से हरियाणा 613 एमजीडी पानी मुहैया कराता है।

4 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे अभिनेता दर्शन

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक में बेंगलुरु की अदालत ने कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीप को रेणुकास्वामी हत्या मामले में शनिवार को 4 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दर्शन के कथित साथियों विनय, प्रदोष और धनराज को भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

अभिनेता 11 जून से हिरासत में है।

रेणुकास्वामी हत्या मामला

दर्शन की मित्र पवित्रा गौड़ा सहित 13 अन्य आरोपियों को दो दिन पहले 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। रेणुकास्वामी की हत्या में अब तक 17 लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस के अनुसार अभिनेता के प्रशंसक रेणुकास्वामी ने गौड़ा को अश्लील संदेश भेजे थे। रेणुकास्वामी ने कथित तौर पर अभिनेत्री गौड़ा के सोशल मीडिया अकाउंट पर टिप्पणी कर उन पर अभिनेता व उनकी पत्नी के बीच दरार पैदा करने का आरोप लगाया था।

आंध्र के पूर्व सीएम जगनमोहन रेड्डी के पार्टी कार्यालय पर चला बुलडोजर

अमरावती, एजेंसी

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी के निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को राज्य सरकार ने बुलडोजर से गिरवा दिया है। शनिवार सुबह साढ़े पांच बजे यह कार्रवाई आंध्र प्रदेश राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण (सीआरडीए) ने की। गुंटूर के तडेपल्ली में यह कार्यालय करीब दो एकड़ जमीन में बनाया जा रहा था। कार्रवाई के लिए तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेता की शिकायत को आधार बनाया गया। तेदेपा नेता ने सीआरडीए और मंगलगिरी ताडेपल्ली नगर निगम (एमटीएमसी) के आयुक्तों के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी कि

● वाईएसआरसीपी ने कहा-प्रतिशोध की राजनीति कर रहे चंद्रबाबू नायडू

वाईएसआर कांग्रेस का कार्यालय सिंचाई विभाग की दो एकड़ जमीन पर अवैध रूप से बनाया जा रहा है।

सत्तारूढ़ तेदेपा ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए ताडेपल्ली में सर्वेक्षण संख्या 202/ए1 के तहत कार्यालय के निर्माण के लिए भूमि का यह टुकड़ा आवंटित किया था। जगनमोहन रेड्डी ने इस दो एकड़ जमीन पर पार्टी का कार्यालय बनाकर पड़ोस की 15 एकड़ जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी। अब यह स्पष्ट हो गया है कि सिंचाई विभाग ने इस दो एकड़ जमीन को वाईएसआरसीपी को सौंपने की मंजूरी नहीं दी थी।

इससे पहले दिन में, वाईएसआरसीपी के अध्यक्ष वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने गुंटूर जिले के ताडेपल्ली में विपक्षी दल के निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को ध्वस्त कर दिया। रेड्डी ने दावा किया कि उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुए पार्टी के कार्यालय को ध्वस्त किया गया। रेड्डी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि चंद्रबाबू प्रतिशोध की राजनीति कर रहे हैं। एक तानाशाह की तरह उन्होंने वाईएसआर कांग्रेस के निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया।

बीटीसी की रेसिंग और सट्टेबाजी गतिविधियों पर हाईकोर्ट की रोक

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में बेंगलुरु टर्फ क्लब (बीटीसी) को ऑन-कोर्स और ऑफ-कोर्स घुड़दौड़ तथा सट्टेबाजी गतिविधियों को जारी रखने की अनुमति देने वाले एकल न्यायाधीश के आदेश पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश एनवी अंजारिया और न्यायमूर्ति केवी अरविंद की खंडपीठ ने पहले के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका के बाद शनिवार को स्थगन आदेश जारी किया।

कोर्ट ने घुड़दौड़ और सट्टेबाजी के लिए लाइसेंस देने के खिलाफ राज्य सरकार के मजबूत प्रथम दृष्टया मामले को नोट किया, जिसमें राज्य के गृह विभाग तथा वित्त विभाग की

ओर से छह जून को अपने संबंधित इनकारों में उठाई गई चिंताओं पर जोर दिया गया। खंडपीठ ने आदेश में कहा कि एकल न्यायाधीश के आदेश को निलंबित कर उस पर रोक लगा दी गई है। दूसरी ओर बीटीसी, कर्नाटक रेस हॉर्स ओनर्स एसोसिएशन, कर्नाटक ट्रेनर्स एसोसिएशन, पंटर्स और जॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया सहित याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि घुड़दौड़ एक सदी से भी अधिक समय से वैध गतिविधि रही है तथा लोगों को आजीविका पाने का समर्थन करती है और पर्याप्त कर राजस्व भी देती है।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर : शिवालिक-925 फ्लैग-1035 डीएमओ-825 बोल्ड-1100
चन्दौसी : शिवालिक- 900 फ्लैग-1045 बोल्ड- 1190 डीएमओ- 800

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)	
गेहूँदड़ा	2400-2450
आर.आर.21	2550-2600
गेहूँफ़ारम	2600-2700
जौ	2000 -2100
ज्वार	2000 -4000
बाजरा	2100-2150
मकाई	2200 -2400
दलहन (प्रति क्वि.)	
चना	6500 -6600
अरहर	9000 -10000
मसूर	5500 -5600
मटर	3700 -4000
उड़दहरा	10000 -11000
उड़दकाला	6000 -8000
मूँग	7800 -8000
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	16700-16800
अरहरस्पेशल	14300-14400
चनादाल	7900-8000
मटरदाल	4750-4850
मसूरमलका	7250-7300
मसूरदाल	7450-7500
उड़ददाल	9000- 13300
उड़द धोवा	10000- 13000
मूँगदाल	8100 -9700
मूँग धोवा	9700-11000
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000 - 2300
बासमती न01.	8500 - 10000
सेला	2500 - 3000
बासमती न02.	6500 - 7500
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1400-1460
मैदा	1380-1435
सूजी	1440-1460
लाही	5600-5800

केंद्र ने राज्यों का समर्थन करते हुए समय पर कर हस्तांतरण, जीएसटी का मुआवजा दिया: वित मंत्री

राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट से पहले बैठक में सीतारमण ने केंद्रीय योजना का लाभ लेने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र ने राज्यों को प्रोत्साहित करने के लिए समय पर कर हस्तांतरण और जीएसटी मुआवजा बकाया चुकाया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को यह बात कही। राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व बैठक में सीतारमण ने उनसे उस योजना का लाभ उठाने के लिए भी कहा, जिसके तहत केंद्र राज्यों को तयशुदा सुधार करने के लिए 50 साल का ब्याज मुक्त ऋण देता है।

आधिकारिक बयान में कहा गया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने वृद्धि को प्रोत्साहन देने के लिए समय पर कर हस्तांतरण, वित्त आयोग अनुदान और जीएसटी मुआवजे के बकाया के जरिए राज्यों को केंद्र

सरकार के समर्थन को रेखांकित किया। सीतारमण ने पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना का उल्लेख किया। ज्यादातर राज्यों ने केंद्र की पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना की सराहना की और आगे सुधार के लिए सुझाव दिए। प्रतिभागियों ने केंद्रीय वित्त मंत्री को 2024-25 के आम बजट के लिए कई सुझाव भी दिए। राजस्थान की वित्त मंत्री और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बताया कि उन्होंने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी), जल जीवन मिशन (जेजेएम), कुछ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं और रेलवे लाइनों के लिए आवंटन में बढ़ोतरी की मांग की। कर्नाटक के वित्त मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने ऊपरी भद्रा जल परियोजना के लिए पहले से घोषित सहायता में से 5,300 करोड़ जारी करने और इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग की।

उद्यमियों को कर-राहत, जीएसटी दरें कम होने की उम्मीद

पुणे। उद्योग एवं सेवा क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों ने 2024-25 के पूर्ण बजट में कर से राहत और जीएसटी की दरों में कमी किए जाने की उम्मीद जताई है। यहां मारवाड़ी चैंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्रीज एंड एजुकेशन (एएमसीसीआईई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि आगामी बजट के मद्देनजर उद्योगपतियों ने सरकार के सामने अपनी मांगें रखनी शुरू कर दी हैं। वित्त मंत्री की अध्यक्षता में जीएसटी को सरल बनाने और कई क्षेत्रों में दरें कम करने पर चर्चा संभव है। उन्होंने कहा कि महंगाई को देखते हुए आगामी पूर्ण बजट में आयकर के सबसे निचले स्तर में आने वाले लोगों को राहत देने पर विचार करने की जरूरत है। साथ ही कर प्रणाली सरलीकरण की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए। नयी सरकार का पहला आम बजट जुलाई में पेश किया जा सकता है। हमारी 43बी(एच) अधिनियम की समीक्षा कराने की मांग हैं, जो सूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्यमों के पंजीकृत व्यापारियों पर लगाया गया है।

अरामको चेयरमैन की नियुक्ति के विरोध में रिलायंस के 16% शेयरधारक

नई दिल्ली, एजेंसी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरधारकों ने सऊदी अरामको के चेयरमैन यासिर ओथमान एच अल-रुमय्यान की कंपनी के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में पांच साल के लिए पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। हालांकि, 16 प्रतिशत से अधिक शेयरधारकों ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया।

रिलायंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि शेयरधारकों ने डाक मतपत्र से अल रुमय्यान की पुनर्नियुक्ति के साथ ही हैग्रीव खेतान को निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दी। लंबे समय से कंपनी के कार्यकारी पीएमएस प्रसाद को अगले पांच साल के लिए निदेशक के रूप में फिर से नियुक्त करने को भी शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई। सूचना में कहा गया कि अल रुमय्यान की पुनर्नियुक्ति के प्रस्ताव के पक्ष में 83.97 प्रतिशत और खिलाफ 16.02 प्रतिशत मत पड़े। अल-रुमय्यन दुनिया के

● अल रुमय्यान के पक्ष में 83.97 और खिलाफ 16.02% मत पड़े

सबसे बड़े सॉवरेन वेल्थ फंड में से एक सऊदी अरब के सार्वजनिक निवेश कोष के प्रमुख भी हैं। अल-रुमय्यन को पहली बार 2021 में तीन साल के कार्यकाल के लिए रिलायंस के निदेशक मंडल में नियुक्त किया गया था। उनका पहला कार्यकाल 18 जुलाई, 2024 को समाप्त हो रहा है। ...और अब उन्हें 18 जुलाई 2029 तक फिर से नियुक्त किया गया है। खेतान एंड कंपनी में साझेदार खेतान को एक अप्रैल 2024 से पांच साल के लिए स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया था। लेकिन उनकी नियुक्ति के प्रस्ताव के खिलाफ भी लगभग 13 प्रतिशत शेयरधारकों ने मतदान किया। उनकी नियुक्ति के पक्ष में 87.15% शेयरधारकों ने मतदान किया।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	90850
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73600
गिन्नी (प्रति नग)	54800-55000
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	72,450
सोना रवा	72,300
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	90,100
चांदी (999)	90,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	72400
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	71400
सिल्वर (पक्की)	888 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,600
चांदी आभूषण	89,800

मांग कमजोर होने से ज्यादातर तेल-तिलहनों में आई गिरावट

नई दिल्ली। शनिवार को मांग कमजोर होने से तेल-तिलहनों की कीमतों में गिरावट आई है। सस्ते आयातित तेल के आगे देशी तेल-तिलहन पिराई मिलों का हाल खराब हो गया है। थोक भाव टूट गए हैं लेकिन खुदरा बाजार में उपभोक्ता को ज्यादा फायदा नहीं मिलता है। हर साल समर्थन मूल्य बढ़ाने से तेल के दाम में कोई वृद्धि नहीं होती है जबकि तिलहनों के दाम बढ़ जाते हैं, जिससे किसानों को लागत नहीं मिलती है। सस्ते आयातित तेल के आगे देशी मिलों में बिक्री नहीं हो रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि तिलहनों की खरीफ की बिजाई चल रही है।

दूरसंचार अधिनियम 2023 से शुरू होगा कनेक्टिविटी का नया युग

नई दिल्ली। सरकार ने ब्रिटिश काल के भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 और भारतीय वायरलेस टेलीग्राफ अधिनियम, 1933 जैसे कानूनों के स्थान पर दूरसंचार अधिनियम 2023 की धाराएं एक, दो, 10 से 30, 42 से 44, 46, 47, 50 से 58, 61 और 62 को अधिसूचित कर दिया है। इस संबंध में कल गजट अधिसूचना जारी किया गया। जिन धाराओं को अधिसूचित किया गया है उससे कनेक्टिविटी को लेकर नये युग का सूत्रपात होगा। इसका उद्देश्य दूरसंचार सेवाओं और नेटवर्क के विकास, विस्तार और संचालन से संबंधित कानून को संशोधित और समेकित करना के साथ स्पेक्ट्रम का आवंटन और उससे जुड़े मामलों में तेजी लाना है। दूरसंचार क्षेत्र और प्रौद्योगिकियों में तकनीकी प्रगति से ब्रिटिश काल के पुराने कानूनों के स्थान पर लाया गया है।

एलएनजी प्लांट के लिए ओएनजीसी और इंडियन ऑयल में साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने विंध्य बेसिन क्षेत्र में मध्य प्रदेश के हट्टा गैस फील्ड के नज़दीक छोटे पैमाने का लिक्विफाईड नैचुरल गैस (एलएनजी) प्लांट स्थापित करने के लिए समझौता किया है।

ओएनजीसी शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार हट्टा एलएनजी प्लांट की स्थापना विंध्य बेसिन को श्रेणी दो से श्रेणी एक के बेसिन का दर्जा दिलाएगी। राजधानी में दीनदयाल उर्जा भवन में आयोजित

● दीनदयाल उर्जा भवन में हस्ताक्षर समारोह हुआ आयोजित

हस्ताक्षर समारोह में आईओसीएल के निदेशक (प्लानिंग एण्ड बिज़नेस डेवलपमेन्ट), सुजय चौधरी और ओएनजसी की निदेशक (अन्वेषण) सुषमा रावत मौजूद थीं। प्रस्तावित संयंत्र में पारम्परिक जीवाश्म ईंधन के स्वच्छ विकल्प- एलएनजी के उत्पादन के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। यह प्लांट कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने और भारत के जलवायु परिवर्तन उन्मूलन लक्ष्यों को हासिल करने में योगदान देगा।

जर्मनी की शिपिंग कंपनी के लिए चार मालवाहक जहाज बनाएगी जीआरएसई

कोलकाता। सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उद्यम गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड ने शनिवार को जर्मनी की शिपिंग कंपनी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

एक अधिकारी ने बताया कि यह समझौता 4 बहुउद्देश्यीय मालवाहक जहाजों के निर्माण और आपूर्ति के लिए है। जीआरएसई ने एनएसई और बीएसई को बताया कि यह ठेका 5.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है और इसे 33 महीनों में पूरा करना है। जीआरएसई के अधिकारी ने कहा कि जीआरएसई ने जहाजों के निर्माण और आपूर्ति के लिए जर्मनी की शिपिंग कंपनी कार्स्टन रेहडर शिफ्समैकलर अंड रीडरेई जीएमबीएच एंड कंपनी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते में निकट भविष्य में चार और जहाज बनाने का विकल्प भी है।

स्विटजरलैंड की अदालत के सजा सुनाने पर हिंदुजा परिवार स्तब्ध, अपील दायर की

लंदन, एजेंसी

- हिंदुजा परिवार के चार सदस्य घरेलू सहायकों का शोषण करने के दोषी पाए गए

ब्रिटेन के सबसे धनी परिवार हिंदुजा ने कहा है कि वह अपने कुछ सदस्यों को स्विटजरलैंड की अदालत द्वारा जेल की सजा सुनाये जाने के फैसले से स्तब्ध है और उन्होंने इसके खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील दायर कर इस निर्णय को चुनौती दी है। स्विस अदालत ने हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को जिनेवा स्थित अपने विला में घरेलू सहायकों का शोषण करने का दोषी पाया था।

शुक्रवार को परिवार की ओर से जारी एक बयान में स्विट्जरलैंड के वकीलों ने अपने मुवक्किलों का बचाव करते हुए कहा कि प्रकाश और कमल हिंदुजा (दोनों की आयु 70 वर्ष) तथा उनके बेटे अजय और उनकी पत्नी नम्रता को मानव तस्करी के सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। उन्होंने जिनेवा स्थित अदालत के आदेश के बाद परिवार के किसी भी सदस्य को हिरासत में लिए जाने के मीडिया रिपोर्ट को भी खारिज कर दिया। वकील येल हयात, रॉबर्ट असैल और रोमन जॉर्डन द्वारा हस्ताक्षरित बयान में कहा गया है, हमारे मुवक्किलों को मानव तस्करी के सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। प्रथम दृष्टया, इस अदालत में लिये गये बाकी निर्णय से हम स्तब्ध व निराश हैं और हमने निश्चित रूप से उपरी अदालत में अपील दायर की है, जिससे फैसले का यह हिस्सा प्रभावी नहीं होगा। स्विट्जरलैंड की एक आपराधिक अदालत ने शुक्रवार को हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को घरेलू सहायकों का शोषण करने के मामले में चार से साढ़े चार साल तक की जेल की सजा सुनाई। अदालत ने साथ ही, मानव तस्करी के आरोपों को खारिज कर दिया।

भारतीय मूल के उद्योगपति प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी, बेटे व पुत्रवधू पर अपने नौकरों की तस्करी का आरोप लगाया गया था, जो जिनेवा में उनके आलीशान विला में काम करते थे। चारों आरोपी जिनेवा की अदालत में मौजूद नहीं थे, हालांकि परिवार का व्यवसाय प्रबंधक और पांचवां आरोपी नजीब जियाजी अदालत में मौजूद था।

रूसी राजनयिकों के कर छूट का विशेषाधिकार छीना

वाशिंगटन। अमेरिका ने रूसी राजनयिकों से उनके कर छूट विशेषाधिकार छीन लिए हैं। अमेरिका में रूस के राजदूत अनातोली एंटोनोव ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी है। यह कर छूट विशेषाधिकार कार्ड विदेशी राजनयिकों को अमेरिका में दुकानों, रेस्तरां और अन्य इस तरह के प्रतिष्ठानों में किसी भी वस्तु को खरीदने के बाद उसका भुगतान करते समय उन्हें बिक्री कर भुगतान नहीं करने की अनुमति देता हैं। एंटोनोव ने कहा, आज अमेरिका ने रूसी राजनयिकों, द्विपक्षीय संस्थानों के राजनयिकों पर चौंकाने वाला हमला किया। उन्होंने हमारे कर छूट विशेषाधिकार कार्ड छीन लिये।

यात्रा से पहले पुख्ता की गई सुरक्षा व्यवस्था

श्रीनगर, एजेंसी

एक सप्ताह में शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा को लेकर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि तीर्थयात्रा को सफल बनाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के साथ ही सुविधाओं में भी सुधार किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जम्मू के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और तीर्थयात्रा को बाधित करने के आतंकवादियों के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए उच्च स्तर की सतर्कता की जरूरत पर जोर दिया।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शनिवार को श्रीनगर के राजभवन से ही अमरनाथ यात्रा की प्रथम पूजा में डिजिटल माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने कहा, देशभर के तीर्थयात्रियों के लिए दर्शन 29 जून से शुरू होंगे। श्राइन बोर्ड (श्री अमरनाथ) और जम्मू कश्मीर प्रशासन ने तीर्थयात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था की है। पिछले दो वर्षों में यात्रियों के लिए सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने पवित्र गुफा मंदिर तक जाने वाली सड़कों को बेहतर बनाया है और कुछ हिस्सों को चौड़ा किया है। पूजा के बाद राजभवन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा, मेरा मानना है इस बार तीर्थयात्रियों की यात्रा ज्यादा सुगम होगी। उपराज्यपाल ने कहा कि सभी धर्म के लोगों ने हमेशा यात्रा का समर्थन किया है।

अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता: डुल्लू

जम्मू, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अटल डुल्लू ने शनिवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यहां भगवती नगर आधार शिविर में व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) आनंद जैन के साथ डुल्लू ने वार्षिक तीर्थयात्रा से पहले व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए भारी सुरक्षा वाले आधार शिविर का दौरा किया। अमरनाथ के लिए 52 दिवसीय तीर्थयात्रा 29 जून को अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल में 14 किलोमीटर के छोटे लेकिन खड़ी चढ़ाई वाले बालटाल मार्ग से शुरू होगी। मुख्य सचिव ने आधार शिविर में संवाददाताओं से कहा, तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को 28 जून को यहां (भगवती नगर) से रवाना किया जाएगा और अगले दिन (कश्मीर में) यात्रा शुरू होगी। हम व्यवस्था का निरीक्षण करने आए हैं और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की है।

एक नजर

इटली में शरणार्थी जहाज दुर्घटनाग्रस्त 34 की मौत

रोम। इटली के दक्षिणी तट के पास आयोनियन सागर में 14 प्रवासियों के शव बरामद किए जाने के साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। इस सप्ताह के शुरुआत में शरणार्थी को ले जा रही नाव दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। इतालवी समाचार मीडिया ने शनिवार को तटीय रक्षक सेवाओं का हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले इतालवी मीडिया आउटलेट्स ने बताया था कि दुर्घटना में कम से कम 20 लोगों की मौत की पुष्टि की गई थी, जिनमें से आठ नाबालिग थे।

ईशनिंदा में हत्या के मामले में दो केस दर्ज

मद्यन (पाकिस्तान)। पाकिस्तान में स्वात पुलिस ने मद्यन में एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या के मामले में दो प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की हैं। पिछली रात एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में शुक्रवार को प्राथमिकियां दर्ज की गईं। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पवित्र कुरान के कथित अपमान के आरोप में हिरासत में लिये गये एक व्यक्ति की मद्यन पुलिस स्टेशन के अंदर भीड़ ने गुरुवार शाम बेरहमी से पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। इसके बाद भीड़ ने संदिग्ध के शव, पुलिस स्टेशन और एक पुलिस वाहन में आग लगा दी।

चीन ने नया खगोलीय उपग्रह प्रक्षेपित किया

ज़िचांग। चीन ने शनिवार को ब्रह्मांड के सबसे दूर तक आतिशबाजी की तरह टिमटिमाती गामा-किरणों को पकड़ने के लिए एक खगोलीय उपग्रह प्रक्षेपित किया। यह उपग्रह चीन और फ्रांस के वैज्ञानिकों के बीच 20 वर्षों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के अनुसार यह उपग्रह अंतरिक्ष-आधारित मल्टी-बैंड वैरिएबल ऑब्जेक्ट मॉनिटर को दक्षिण पश्चिम सिचुआन प्रांत में ज़िचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्ग मार्च -2 सी रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया था।

रूस के साथ लड़ाई में 370 सैनिक खोए

मॉस्को। रूस के जैपाद (पश्चिम) ग्रुप ऑफ फोर्सेज ने यूक्रेन के साथ चल रहे संघर्ष में पिछले 24 घंटों में दो हमलों को विफल कर दिया और गोला-बारूद के भंडार को नष्ट कर दिया है जबकि यूक्रेन के कम से कम 370 सैनिक मारे गये। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने 370 सैनिकों, दो वाहनों, एक 122 मिमी डी-30 होवित्जर को खो दिया है।

भविष्य की योजना पर जताई सहमति

भारत-बांग्लादेश में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और बांग्लादेश ने शनिवार को नये क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई और समुद्री क्षेत्र समेत कई अहम क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना के बीच व्यापक वार्ता के दौरान समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित प्रमुख समझौतों में डिजिटल क्षेत्र में संबंध प्रगाढ़ करने और हरित साझेदारी पर भी एक समझौता शामिल है। दोनों पक्षों ने रेलवे संपर्क पर भी एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। अन्य समझौते समुद्र विज्ञान, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, आपदा प्रबंधन और मत्स्य पालन के क्षेत्रों में किए गए।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक बयान में कहा, आज हमने नये क्षेत्रों में सहयोग के वास्ते भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण तैयार किया है। हरित साझेदारी, डिजिटल भागीदारी, समुद्री अर्थव्यवस्था और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बनी सहमति से दोनों देशों के युवाओं को लाभ मिलेगा। अपनी टिप्पणी में हसीना ने भारत को बांग्लादेश का प्रमुख पड़ोसी और एक विश्वसनीय मित्र बताया। उन्होंने कहा, भारत हमारा प्रमुख पड़ोसी, विश्वसनीय मित्र और क्षेत्रीय साझेदार है। बांग्लादेश, भारत के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने कहा, मैं 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता में भारत सरकार और भारत के लोगों के योगदान को कृतज्ञता के साथ याद करती हूं। हसीना ने 1971 के युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारत के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी। उन्होंने कहा, आज हमारी बहुत ही सार्थक बैठकें हुईं, जिसमें हमने सुरक्षा, व्यापार, संपर्क, साझा नदियों के पानी के बंटवारे, बिजली और ऊर्जा तथा क्षेत्रीय व बहुपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का स्वागत करते प्रधानमंत्री मोदी।

सहयोग दोनों देशों के संबंधों की दिशा तय करेगा: मुर्मु

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को कहा कि भारत और बांग्लादेश विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और उन्हें विश्वास है कि इससे भारत-बांग्लादेश संबंधों की भविष्य की दिशा होगी। भारत की दो दिन की यात्रा पर आयीं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार शाम राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

भारतीय कंपनियों को निवेश के लिए आमंत्रण

नई दिल्ली। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारतीय कंपनियों को देश के विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला है। हसीना ने शुक्रवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और बांग्लादेश, दोनों को कारोबार क्षेत्र में मिलकर काम करना चाहिए। हसीना ने कहा, भारत बहुत बड़ा बाजार है, इसलिए दोनों देश मिलकर काम कर सकते हैं।

धनखड़ से मुलाकात की

नई दिल्ली। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। श्रीमती हसीना और धनखड़ की यह बैठक उप राष्ट्रपति एन्क्लेव पर हुई। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के ऐतिहासिक और गहरे संबंधों का उल्लेख किया और विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में आर्थिक एवं विकास भागीदारी, क्षेत्रीय संपर्क, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल प्रसार और अंतरिक्ष समेत कई मुद्दों पर विचारों का आदान प्रदान किया गया।

अमेरिका में गोलीबारी में तीन की मौत

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका के अर्कांसस के फोर्डिस प्रांत में एक किराने की दुकान के बाहर गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। राज्य पुलिस ने शुक्रवार को अपराह्न में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि घायलों में दो कानून प्रवर्तन अधिकारी भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि घायलों में से कुछ लोगों को हल्की चोटें आयी हैं, जबकि कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने कहा कि पुलिस द्वारा गोली मारे जाने के बाद शूटर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे हिरासत में ले लिया गया है।

ओलंपिक में हमले की योजना बनाने का आरोप

पेरिस, एजेंसी

- इले-डी-फ्रांस क्षेत्र में रहने वाले किशोर को हिरासत में लिया

फ्रांस में एक किशोर पर आगामी ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के दौरान हमलों की साजिश रचने का आरोप लगाया गया और उसे हिरासत में ले लिया गया। फ्रांसीसी प्रसारक बीएफएमटीवी ने शनिवार को एक न्यायिक स्रोत का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। इले-डी-फ्रांस क्षेत्र में रहने वाले 19 वर्षीय किशोर पर आपराधिक आतंकवादी साजिश के साथ-साथ आतंकवादी उद्देश्यों के लिए हथियार खरीदने और रखने का आरोप लगाया गया है।

समाचार प्रसारक ने कहा कि कानून प्रवर्तन को किशोर और 13 जून को हिरासत में लिए गए नाबालिग के बीच संबंधों पर संदेह है। समाचार आउटलेट की रिपोर्ट के अनुसार दोनों किशोरों पर विशेष रूप से यहूदियों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई की योजना बनाने के लिए सोशल मीडिया पर संपर्क बनाने का संदेह है। पेरिस 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा।

भारतीय चालक दल के आठ सदस्य रवाना

वाशिंगटन, एजेंसी

- 26 मार्च को बाल्टीमोर में पुल से टकराकर मालवाहक पोत हुआ था दुर्घटनाग्रस्त

अमेरिका के मैरीलैंड प्रांत में 26 मार्च को बाल्टीमोर में पुल से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुए मालवाहक पोत डाली के भारतीय चालक दल के आठ सदस्य तीन महीने बाद शुक्रवार को स्वदेश रवाना हुए। बाल्टीमोर मैरीटाइम एक्सचेंज के अनुसार 21 सदस्यीय चालक दल में से चार अब भी मालवाहक पोत एमवी डाली पर ही हैं जो कि शुक्रवार शाम वर्जीनिया के नॉरफॉक के लिए रवाना होगा।

चालक दल को शेष सदस्यों को बाल्टीमोर के एक सरकारी आवास में ले जाया गया है और जांच पूरी होने तक वे सभी वहीं रहेंगे। पोत सवार चालक दल के 20 सदस्य भारतीय नागरिक थे। इस दुर्घटना में छह श्रमिकों की मौत हो गई थी। इस मालवाहक पोत की मरम्मत नॉरफॉक में की जाएगी। न्यायाधीश की मंजूरी के बाद एक रसोइए, एक फिटर और नाविक सहित भारतीय चालक दल के आठ सदस्यों को स्वदेश रवाना कर दिया गया है। इनमें से कोई भी अधिकारी स्तर का नहीं है। अन्य 13 लोग जांच पूरी होने तक अमेरिका में ही रहेंगे।

बाल्टीमोर इंटरनेशनल सीफेयरर्स सेंटर के निदेशक जोशुआ मेसिक ने सीएनएन को बताया, वे (चालक दल) इस बात को लेकर काफी चिंतित हैं और तनाव में हैं कि आगे क्या होगा।

अमेरिकी विमानवाहक पोत दक्षिण कोरिया पहुंचा

सियोल, एजेंसी

- परमाणु ऊर्जा से संचालित अमेरिकी विमानवाहक पोत त्रिपक्षीय अभ्यास में होगा शामिल

परमाणु ऊर्जा से संचालित अमेरिकी विमानवाहक पोत त्रिपक्षीय अभ्यास के लिए शनिवार को दक्षिण कोरिया पहुंचा। रूस और उत्तर कोरिया की गुटबंदी के बाद उत्तर कोरिया के बढ़ते खतरों से निपटने के लिए दोनों देशों के सैन्य प्रशिक्षण को आगे बढ़ाने के तहत यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट स्ट्राइक ग्रुप दक्षिण कोरिया के बुसान शहर पहुंचा।

इससे एक दिन पहले दक्षिण कोरिया ने रूस के राजदूत को तलब किया था और इस हफ्ते के शुरू में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तथा उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के बीच एक समझौते के लिए बनी सहमति को लेकर विरोध दर्ज कराया था। यह समझौते में किसी एक देश पर युद्ध की स्थिति में पारस्परिक रक्षा सहायता का संकल्प जताया गया है। दक्षिण कोरिया का कहना है कि यह समझौता उसकी सुरक्षा के लिए खतरा है और उसने चेतावनी दी है कि वह रूसी आक्रमण से निपटने के लिए यूक्रेन को हथियार भेजने पर विचार कर सकता है।

जून की शुरुआत में सिंगापुर में अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के रक्षा प्रमुखों की बैठक हुई थी जिसके बाद इन देशों ने फ्रीडम एज की घोषणा की।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 22 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस ने आईएसआईएस, टीटीपी और अन्य प्रतिबंधित संगठनों के 22 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर एक बड़ी आतंकी साजिश को विफल करने का शनिवार को दावा किया। आतंकवाद-निरोधक विभाग के प्रवक्ता के अनुसार, इस सप्ताह पुलिस ने खुफिया सूचनाओं के आधार पर पंजाब के विभिन्न जिलों में अभियान चलाया तथा आईएसआईएस, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और लश्कर-ए-झांगवी (एलईजे) के 22 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि इन कथित आतंकवादियों को लाहौर, एटक, शेखपुरा, मुजफ्फरगढ़, ननकाना साहिब, बहावलपुर, डी जी खान, फैसलाबाद, मुल्तान, बहावलनगर और रावलपिंडी जैसे क्षेत्रों से गिरफ्तार किया गया। प्रवक्ता के अनुसार, संदिग्धों के पास से कथित रूप से 1645 ग्राम विस्फोटक, तीन हथगोले, एक आईईडी बम, 12 डिटोनेटर, एक पिस्तौल और प्रतिबंधित साहित्य सामग्री बरामद की गयी।

उन्होंने कहा, गिरफ्तार किये गये आतंकवादियों ने पंजाब में गड़बड़ी फैलाने की साजिश रची थी और वे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों एवं हस्तियों को निशाना बनाना चाहते थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आतंकवादियों के खिलाफ 19 मामले दर्ज किये हैं और उन्हें पूछताछ के लिए अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है।

पाकिस्तान में आतंकवादी हमला, पांच सैनिकों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों के हमले में पांच सैनिकों की मौत हो गयी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि शुक्रवार को कुर्रम जिले में सुरक्षा बलों के वाहन पर विस्फोट किया गया। हमले में मारे गए सैनिकों की उम्र 24 से 33 वर्ष के बीच थी। फिलहाल किसी आतंकवादी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

कनिष्क कांड की जांच अब भी जारी : कनाडा पुलिस

ओटावा, एजेंसी

- पुलिस ने इसे आतंकवाद के मामले की सबसे लंबी और सबसे जटिल जांच में से एक बताया

कनाडा की पुलिस ने कहा है कि एअर इंडिया की उड़ान संख्या-182 को बम से उड़ाने की जांच अब भी जारी है। पुलिस ने इसे आतंकवाद के मामले की सबसे लंबी और सबसे जटिल जांच में से एक बताया है। पुलिस ने यह टिप्पणी विमान को बम से उड़ाने के 39 साल पूरे होने से तीन दिन पहले की है।

मॉन्ट्रियल-नयी दिल्ली एयर इंडिया 'कनिष्क' उड़ान संख्या-182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया, जिससे विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए थे। इनमें ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई थे। यह बम सिख आतंकवादियों ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के जवाब में रखा था। यह अभियान अमृतसर में स्वर्ण मंदिर को आतंकवादियों से मुक्त कराने के लिए 1984 में चलाया गया था। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के सहायक आयुक्त डेविड टेबौल ने एक बयान में कहा कि बम विस्फोट की यह वारदात देश के इतिहास में कनाडाइयों की जान लेने वाली और उन्हें प्रभावित करने वाली आतंकवाद संबंधी सबसे भयावह घटना है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की।

बॉलीवुड हलचल

प्रभास की फिल्म कल्कि का नया ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म कल्कि 2898 एडी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है ।ट्रेलर में फिल्म के कलाकारों को उनके शानदार अवतारों में दिखाया गया है। अमिताभ बच्चन अश्वत्थामा के रूप में साहसी स्टंट करते हैं, उलगनायगन कमल हासन यास्किन के रूप में एक अपरिचित लेकिन घातक अवतार में दिखाई देते हैं, और प्रभास उनके साथ भैरव के रूप में स्क्रीन पर कमान संभालते हैं। दीपिका पादुकोण ने सुमति का किरदार निभाया है, जो गर्भवती होने के दौरान अपनी भूमिका में तीव्र चुनौतियों का सामना करती है, और दिशा पटानी रॉक्सी के रूप में एक शक्तिशाली उपस्थिति देती हैं। बुज्जी के अवतार को भी दिखाया गया है। ट्रेलर में कल्कि 2898 एडी की तीन अलग दुनियाओं का परिचय दिया गया है।

स्काईफोर्स में पायलट की भूमिका में नजर आयेंगे अक्षय कुमार

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार अपनी आने वाली फिल्म स्काई फोर्स में पायलट की भूमिका में नजर आयेंगे। अक्षय कुमार फिल्मकार दिनेश विजन के बैनर की फिल्म स्काई फोर्स में काम कर रहे हैं। इस फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान के बीच 1965 में हुई जंग के बैकग्राउंड पर आधारित है ।इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ निमरत कौर,वीर पहाड़िया और सारा अली खान हैं। अक्षय कुमार इस फिल्म में एयरफोर्स पायलट के किरदार में नजर आयेंगे। इस फिल्म के लिये आर्ट डायरेक्शन और सिनेमैटोग्राफी पर खासा ध्यान दिया गया है ।इस फिल्म के डीओपी सामंथा कृष्णन रविचंद्रन हैं। स्काई फोर्स का निर्देशन और लेखन संदीप केवलानी और अभिषेक कपूर ने किया है। फिल्म का निर्माण दिनेश विजान, अमर कौशिक और ज्योति देशपांडे ने किया है।

कुलदीप-पूजा स्टारर प्रोडक्शन न. 1 की शूटिंग शुरू

मुंबई, एजेंसी। रिलफील एंटरटेनर फिल्म्स के बैनर तले बन रही कुलदीप कुमार और पूजा गांगुली स्टारर फ़िल्म प्रोडक्शन न.1 की शूटिंग शुरू हो गयी है। फ़िल्म प्रोडक्शन न. 1 के निर्माता ललित कुमार शर्मा है, जबकि सह निर्माता राजेश पटेल है। निर्देशक सुमित सागर है। यह एक पारिवारिक फ़िल्म है। फ़िल्म को लेकर निर्माता-निर्देशक ने बताया कि फ़िल्म पूरी तरह सामाजिक अनूठी कहानी पर केंद्रित है, जिसमे दर्शकों को पूरी तरह नायपन दिखेगा। फ़िल्म समाज का आइना होता है और यह फ़िल्म पूरी तरह से अपने टाइटल के अनुसार फिलमाया जा रहा है। अभिनेता कुलदीप ने कहा, मैं इस फ़िल्म के हिस्सा बनाकर बहुत ख़ुश हूं और उम्मीद करता हूं की यह फ़िल्म दर्शकों के दिलो पर राज करेंगी।

खगोल विज्ञान सुपर मैसिव ब्लैक होल जे1120 0641 नामक आकाशगंगा के केंद्र में है मौजूद

ब्रह्मांड की उत्पत्ति व विकास में महत्वपूर्ण ब्लैक होल की खोज

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : वैज्ञानिकों ने एक ऐसे ब्लैक होल की खोज की है, जिसका उदय ब्रह्मांड की उत्पत्ति के बाद हुआ था। यह सुपर मैसिव ब्लैक होल एक परिपक्व क्वासर है, जो जे1120 0641 नामक आकाशगंगा में मौजूद है। ब्रह्मांड की उत्पत्ति व विकास को लेकर यह खोज महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार यह सुपर मैसिव ब्लैक होल है, जो आकाशगंगा के केंद्र में मौजूद है। यह गैस और धूल की एक चमकदार घेरे में घिरा हुआ है। नासा की अंतरिक्ष दूरबीन जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप अब इस ब्लैक होल की आगे का अध्ययन करेगी। इसी टेलीस्कोप से जे1120 0641 आकाशगंगा को देखा गया। तब इस ब्लैक होल की मौजूदगी की जानकारी मिल पाई। इस आकाशगंगा से प्रकाश को पृथ्वी तक पहुंचने में लगभग उतना ही समय लगता है, जितना कि ब्रह्मांड को आज तक विकसित होने में लगा है। इस ब्लैक होल का वजन एक अरब सौर द्रव्यमान से अधिक हो सकता है। यह खोज नेचर एस्ट्रोनॉमी पत्रिका में प्रकाशित हुई है। इस खोज को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि यह हैरान कर देने वाली खोज है। इस ब्लैक होल के नजदीक सामग्री के अवलोकन से विशेष रूप से कुछ और पता चलने वाला था, लेकिन उन्हें कुछ खास नहीं मिला। मगर यह परिणाम और भी अधिक असाधारण है। इसका मतलब यह हो सकता है कि खगोल भौतिकीविद् आकाशगंगाओं के विकास के बारे में जितना सोचते थे, वह वास्तव में पर्याप्त नहीं हैं। जिस कारण यह खोज अधिक महत्वपूर्ण हो चली है। संभवतः यह खोज भौतिकी के क्षेत्र में नई दिशा देगी।

ब्रह्मांड की उत्पत्ति के समय जन्मा ब्लैक होल।

आकाशगंगाओं की व्याख्या बड़ी चुनौती

प्रारंभिक विशाल ब्लैक होल व आकाशगंगा विकास की व्याख्या वर्तमान मॉडल के लिए एक बड़ी चुनौती है। क्या ऐसा हो सकता है कि प्रारंभिक ब्लैक होल वर्तमान की तुलना में गैस एकत्र करने में अधिक कुशल थे। आकाशगंगाओं में धूल की उपस्थिति व क्वासर का द्रव्यमान हमारे अनुमानों को प्रभावित कर सकता है। बहरहाल वर्तमान में कुछ नहीं कहा जा सकता। इसका सही पता भविष्य बताएगा।